seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

विश्वास वह शक्ति है जिससे उजड़ी दुनिया में प्रकाश लाया जा सकता है।



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 307 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, बुधवार, 11 नवम्बर, 2026

सहवाग के बेटे आर्यवीर ने 160 रन बनाए 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

गिलास में सुतली बम फोड़ने से बच्चे की दर्दनाक मौत

बूंदी। जिले में गोवर्धन पूजा के दिन एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बच्चे साजन की जान चली गई। सदर थाना क्षेत्र के मंडी रोड पर घर के बाहर पटाखे फोड़ते समय साजन ने एक सुतली बम को उल्टे स्टील के गिलास के नीचे रखकर जला दिया। बम में हुए तेज विस्फोट के कारण स्टील का गिलास टुकड़ों में बिखर गया और नुकीले छर्रों की तरह बच्चे की छाती में धंस गया। गंभीर रूप से घायल साजन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है।

पटाखे में विस्फोट से बच्चे की आंखें 90 प्रतिशत झुलसीं

अलवर। शहर के एनईबी थाना क्षेत्र के चार बटा में मंगलवार सुबह पटाखों के बारूद में विस्फोट से 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चा पटाखे से बारूद निकालकर खेल रहा था, तभी अचानक विस्फोट हो गया। हादसे में उसकी दोनों आंखें करीब 90 प्रतिशत तक झुलस गईं। परिजन उसे अलवर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया। बच्चे की मां कविता देवी ने बताया कि उनका बेटा पांचवीं कक्षा में पढ़ता है। पति अलवर मंडी में पल्लेदारी करते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मां ने इलाज के लिए लोगों से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

राष्ट्रीय सुरक्षा में नागरिकों की भूमिका अहम : अनिल चौहान

नई दिल्ली। पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सेना और सरकारी संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें आम नागरिकों की भी अहम भूमिका है। जेएनयू में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जागरूक और सतर्क नागरिक देश की सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था में रणनीतिक सोच, सैन्य इतिहास और कूटनीति को शामिल करने पर जोर दिया। चौहान ने डीपफेक, भ्रामक सूचनाओं और सोशल मीडिया के जरिए लोगों की सोच प्रभावित करने को नई सुरक्षा चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि इनसे निपटने के लिए पूरे समाज में जागरूकता जरूरी है।

भाई ने भाई को मारी गोली, हुई मौत

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर ग्रामीण जिले के पंडोरी वड़ैच गांव में घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपने सगे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सिमरनदीप सिंह उर्फ प्रिंस और आरोपी की पहचान किरनदीप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। हाल ही में झगड़ा बढ़ने पर किरनदीप ने सिमरनदीप पर दो गोलियां चला दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सनातन संस्कृति की अन्य समुदायों से तुलना अनुचित : देवनानी

जयपुर। जोधपुर दौरे पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दिवाली को खुशियों की ईद बताने वाले बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि दिवाली भगवान राम के त्याग से जुड़ा सनातन पर्व है, लिहाजा इसकी तुलना ईद से करना अनुचित है। भारतीय लोकतंत्र को विश्व में सबसे मजबूत बताते हुए उन्होंने कहा कि देश का युवा राष्ट्रवाद का समर्थक है और यहां बदलाव केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ही संभव है। इसके साथ ही उन्होंने आगामी विधानसभा सत्र को नियमों व मयार्दा से चलाने और विधानसभा म्यूजियम को अत्याधुनिक तकनीक से लैस करने की बात कही।

शादियों के इन आयोजनों से होटल, रिसॉर्ट, कैटरिंग, डेकोरेशन, ज्वेलरी, कपड़े और ट्रांसपोर्ट सहित कई कारोबारियों को बड़ा फायदा मिलेगा

देवउठनी एकादशी से वेडिंग सीजन : 5 लाख शादियां होंगी, 16000 करोड़ कारोबार का अनुमान

जयपुर।

देवउठनी एकादशी यानी 21 नवंबर को प्रदेशभर में करीब 4 से 5 लाख शादियां होने की संभावना है। प्रदेश में 12 से 16 हजार करोड़ तक का कारोबार होने का अनुमान है। अकेले जयपुर जिले में करीब 5 हजार शादियां होंगी। शादियों के इन आयोजनों से होटल, रिसॉर्ट, कैटरिंग, डेकोरेशन, ज्वेलरी, कपड़े और ट्रांसपोर्ट सहित कई कारोबारियों को बड़ा फायदा मिलेगा। ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जिंदल का कहना है कि 21 से शादियों का सीजन शुरू हो रहा है और यह सीजन नवंबर से दिसंबर तक चलेगा। राजस्थान में लगभग पांच लाख शादियां इन दो महीनों में होंगी। पूरे भारत में राजस्थान में सबसे ज्यादा डेस्टिनेशन वेडिंग्स होती हैं और राजस्थान में भी सबसे ज्यादा शादियां जयपुर में होती हैं। इसके बाद उदयपुर, कुंभलगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, पुष्कर और सवाई माधोपुर शामिल हैं। जिंदल का कहना है कि राजस्थान में लगभग पंद्रह-सोलह हजार मैरिज गार्डन और रिसॉर्ट हैं, जिनकी एडवांस बुकिंग हो चुकी है।





हेरिटेज लुक है आकर्षक

जिंदल का कहना है कि राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग होने का प्रमुख कारण राजस्थानी मनुहार, राजस्थानी वेशभूषा, राजस्थानी स्वादिष्ट भोजन और राजस्थान का हेरिटेज लुक है, जो सभी को आकर्षित करता है। लोग अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए राजस्थान को चुनते हैं। चाहे उद्योगपति हों या फिर फिल्म जगत की हस्तियां, सभी राजस्थान में शादी करना चाहते हैं। इससे कई छोटे-बड़े कारोबारियों को रोजगार मिलता है।

राजस्थान में वेडिंग सीजन

- एक शादी पर औसतन 20 से 25 लाख रुपए तक का खर्च होता है।
- बड़े और भव्य आयोजनों में यह खर्च 50 लाख से 1 करोड़ रुपए तक पहुंच जाता है।
- प्रदेशभर में करीब 4 लाख से अधिक शादियां होने की संभावना है।
- होटल और रिसॉर्ट में करीब 80 फीसदी तक बुकिंग हो चुकी है।

सोना-चांदी स्थिर

जयपुर सराफा ट्रेडर्स कमेटी के अध्यक्ष कैलाश मित्तल का कहना है कि इस बार सोने और चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। पहले दीपावली और अब शादियों के सीजन से बाजार गुलजार रहेगा। वेडिंग सीजन में सोने और चांदी की मांग में करीब 20 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिल सकता है। उम्मीद लगाई जा रही है कि इस बार सराफा बाजार में 2 हजार करोड़ रुपए के कारोबार की संभावना है।

होटल-रिसॉर्ट में 80 फीसदी तक बुकिंग

वेडिंग इवेंट कारोबार से जुड़े मनीष शर्मा का कहना है कि देवउठनी एकादशी से विवाह आयोजनों के चलते शादियों से जुड़ा कारोबार तेजी से बढ़ता है। शादियों में बाहर से आने वाले मेहमानों के ठहरने, खानपान और आवागमन पर होने वाला खर्च होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी और अन्य सेवाओं से जुड़े कारोबार को गति देगा. इससे कारीगरों, श्रमिकों और सर्विस प्रोवाइडर्स को भी बड़े पैमाने पर रोजगार मिलता है।

दिल्ली-भोपाल में AQI 400 पार; तमिलनाडु में बारिश, यूपी के 4 शहरों की हवा खराब

गंगानगर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 49 भारत के

नई दिल्ली।

दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 49 भारत के हैं। एआईक्यू के आंकड़ों के मुताबिक, आज सुबह 9:54 बजे राजस्थान का श्रीगंगानगर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां एआईक्यू 821 दर्ज किया गया। इस सूची में भारत के अलावा सिर्फ पाकिस्तान का लाहौर शामिल था। लाहौर 430 एआईक्यू के साथ 14वें स्थान पर रहा।

वहीं, दिवाली के बाद दिल्ली से लेकर मध्य प्रदेश तक प्रदूषण गंभीर बना हुआ है। दिल्ली में मंगलवार सुबह 6 बजे चांदनी चौक का एआईक्यू 400 के पार रहा, जबकि कई इलाकों में यह 300 से ज्यादा दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के भोपाल, उज्जैन और हरियाणा के बहादुरगढ़ में भी एआईक्यू 400 के पार पहुंच गया है। यूपी के नोएडा में एआईक्यू 332, बुलंदशहर में 331, गाजियाबाद में 324 दर्ज किया गया। एमपी में रात का तापमान 11डिग्रीऔर यूपी में 15 डिग्री तक गिर गया है।

एयर क्वालिटी इंडेक्स (एआईक्यू) 201 से 300 तक होने पर हवा खराब मानी जाती है। 301 से 400 तक बहुत खराब और 401 से 500 गंभीर श्रेणी होती है। गंभीर प्रदूषण का असर स्वस्थ लोगों पर भी पड़ सकता है।

तमिलनाडु के थूथुकुडी समेत कई इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तराखंड के उत्तर काशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में आज बारिश की संभावना है। आंध्र प्रदेश, केरल और लक्षद्वीप में तेज हवाएं चलने की संभावना है।



श्रीगंगानगर में एआईक्यू 821 दर्ज हुआ

दिल्ली में एआईक्यू 400 के पार रहा

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान समेत 4 राज्यों से गाड़ियों के प्रदूषण पर जवाब मांगा



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि गाड़ियों से निकलने वाले धुएं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इस पर तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा सरकारों के साथ एमसीडी और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि तय उम्र पूरी कर चुकी और प्रदूषण मानकों का पालन नहीं करने वाली गाड़ियों की एंट्री और उनके चलने पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। साथ ही, ऐसी गाड़ियों की पहचान और जांच की व्यवस्था की जानकारी भी मांगी है। इसमें पीयूसी सर्टिफिकेट की अनिवार्यता लागू कराने के कदम शामिल हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची व वी. मोहना की बेंच ने कमर्शियल और निजी गाड़ियों के लिए लागू नियमों और उन्हें लागू करने की व्यवस्था का ब्योरा मांगा है।

राजस्थान को जल्द मिलेगा 3 हजार करोड़ फंड, पंचायतों में विकास कार्य होंगे शुरू

■ चुनाव न होने से पिछले सवा साल से मिलने वाली राशि रुकी हुई थी

जयपुर। राजस्थान को केंद्र सरकार से करीब 3 हजार करोड़ रुपए का अटका हुआ फंड जल्द मिलने की उम्मीद है। पंचायतीराज चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अनुदान जारी होने का रास्ता साफ होगा। चुनाव नहीं होने के कारण पिछले सवा साल से केंद्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत मिलने वाली राशि रुकी हुई थी। शहरी निकायों के चुनाव सितंबर में पूरे हो चुके हैं, इसलिए उन्हें पहले फंड मिलने की संभावना है। वित्त वर्ष 2025-26 के तहत पंचायतीराज संस्थाओं की 1543.10 करोड़ रुपए की दूसरी किस्त बकाया है। इसमें 617.40 करोड़ रुपए अनटाइड और 926.10 करोड़ रुपए टाइड ग्रांट के हैं। इसके अलावा 2026-27 की पहली किस्त भी लंबित है। फंड नहीं मिलने से पंचायतों में सफाई, पेयजल सहित कई विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। 16वें वित्त आयोग के अनुसार 2026-27 से अनुदान का पैटर्न भी बदला है। इसमें 50 प्रतिशत राशि स्वच्छता और जल प्रबंधन पर खर्च होगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत स्थानीय जरूरतों के विकास कार्यों पर खर्च किया जा सकेगा।



पंजाब को दहलाने की साजिश नाकाम; आरपीजी और हथियारों की खेप बरामद, 7 आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर।

अमृतसर में पुलिस और केंद्रीय एजेंसी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पंजाब को दहलाने की बड़ी साजिश नाकाम कर दी है। पुलिस ने हथियारों और ड्रग्स के साथ रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड जैसे खतरनाक सैन्य हथियार को भी रिकवर किया हैं। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी), हथियार और नशीले पदार्थों की बड़ी खेप बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार बरामद सामान में एक आरपीजी, दो अवैध पिस्तौल, 106 जिंदा कारतूस, सात किलोग्राम से अधिक हेरोइन, पांच किलोग्राम से ज्यादा अफीम और करीब ढाई किलोग्राम आइस शामिल है। इसके अलावा एक ड्रोन, जीपीएस ट्रैकर और पांच मोबाइल फोन भी मिले हैं।



विदेशी हैंडलर्स से जुड़े होने का शक : प्रारंभिक जांच में आरोपियों के सीमा पार बैठे हैंडलर्स के संपर्क में होने की बात सामने आई है। पुलिस जांच कर रही है कि आरपीजी का इस्तेमाल किस वारदात में किया जाना था। घरिंडा, लोपोके और भिंडीसैदा थानों में मामले दर्ज कर पुलिस हथियार और नशा तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

भारत में हर साल 1.22 लाख करोड़ का खाना बर्बाद

कोल्ड स्टोरेज की कमी से सड़ रहीं 40 प्रतिशत फल-सब्जियां

नईदिल्ली।

दुनिया के करीब 67 करोड़ लोगों को रोजाना भूखे पेट सोना पड़ता है। हर साल लगभग 90 लाख लोगों की मौत भूख-कुपोषण से जुड़ी बीमारियों से होती है। प्रत्येक वर्ष 105 करोड़ टन खाना कचरे में डाल दिया जाता है। वहीं भारत में हर साल 1.22 लाख करोड़ रुपये के फूड प्रोडक्ट बर्बाद हो जा रहे हैं।

कोल्ड स्टोरेज की कमी से 40% फल-सब्जियां थाली तक पहुंचने से पहले ही सड़ जा रहीं हैं। क्लाइमेट ट्रेंड्स की हाल की रिपोर्ट में ऐसे हैरान करने वाले आंकड़े सामने आए हैं। इसमें बताया गया है कि देश के खेतों में उगाए गए केवल 4% ताजे कृषि उत्पादों को ही कोल्ड स्टोरेज-रेफ्रिजरेटेड गाड़ियों की सुविधा मिल पा रही है। स्ट्रॉबेरी, चेरी, ब्लूबेरी, टमाटर, अंगूर, मटर, मशरूम, अनाज आदि कोल्ड चेन की कमी से बर्बाद हो जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन भी फसलों की पैदावार को प्रभावित कर रहा है। इससे किसानों की आमदनी पर भी बड़ा खतरा है।



आपातकाल के फैसलों में संजय गांधी का था दखल, मेनका से शादी के बाद राजीव से बढ़ी दूरी : सोनिया

नई दिल्ली। सोनिया गांधी ने अपनी आत्मकथा 'बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव' में लिखा है कि आपातकाल (1975-77) के दौरान संजय गांधी की फैसले लेने में अहम भूमिका थी, जबकि उनके पास कोई संवैधानिक अधिकार नहीं था। उन्होंने बताया कि संजय का पांच सूत्रीय कार्यक्रम और जबरन नसबंदी व झुग्गियां हटाने की कार्रवाई लोगों की नाराजगी का कारण बनी। सोनिया के अनुसार, इंदिरा गांधी आपातकाल को लेकर सहज नहीं थीं और बाद में उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ। मेनका गांधी से शादी के बाद संजय और राजीव के रिश्तों में भी दूरी बढ़ने लगी थी।

महत्वाकांक्षी होना कोई अपराध नहीं : शर्मिष्ठा मुखर्जी

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोनिया गांधी की नई किताब में किए गए दावों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सोनिया गांधी ने किताब में लिखा कि 2010 में प्रणब मुखर्जी ने शीर्ष स्तर पर बदलाव का सुझाव देकर उन्हें चौंका दिया था, जिसे उन्होंने मुखर्जी की प्रधानमंत्री बनने की इच्छा समझा। इस पर शर्मिष्ठा ने दो टूक सवाल किया कि क्या दशकों का अनुभव, योग्यता और मेहनत रखने वाले राजनेता का प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखना कोई जुर्म है? उन्होंने कहा कि उनके पिता ने अपनी काबिलियत से मुकाम हासिल किया था और हर योग्य नेता की ऐसी महत्वाकांक्षा स्वाभाविक है।

भाजपा- सिखी दंगों के दौरान सेना बुलाने में किसने की देरी?

किताब में 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान सेना की तैनाती में देरी के दावों पर भाजपा ने कड़ा पलटवार किया है। किताब में कहा गया है कि तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल वैद्य द्वारा दिल्ली के बाहर से सेना मंगवाने के फैसले से देरी हुई। इसके विपरीत, भाजपा ने मिश्रा आयोग और नानावती आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 1 नवंबर की सुबह दिल्ली में 6,100 सैनिक उपलब्ध थे। यदि इनमें से 5,000 सैनिकों को तैनात किया जाता, तो हजारों जानें बच सकती थीं। भाजपा ने आरोप लगाया कि किताब के जरिए राजीव गांधी और परिवार को जिम्मेदारी से बचाने का प्रयास किया गया है।

सोनिया गांधी की पुस्तक से संबंधित अन्य जानकारियां विस्तार से पृष्ठ संख्या 4 पर पढ़ें

व्हाट्सएप की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि प्लेटफॉर्म अब तक 9,400 संदिग्ध खातों पर कार्रवाई कर चुका

देशभर में बढ़ते 'डिजिटल अरेस्ट' में ठगे गए पैसे कौन लौटाएगा? सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप व बैंकों से मांगा जवाब, दिए सख्त निर्देश

नईदिल्ली।

देशभर में बढ़ते 'डिजिटल अरेस्ट' और ऑनलाइन ठगी के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने सुनवाई के दौरान व्हाट्सएप और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही तय करने को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं।

व्हाट्सएप की कार्रवाई और कोर्ट के निर्देश

व्हाट्सएप की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया कि प्लेटफॉर्म अब तक करीब 9,400 संदिग्ध खातों पर कार्रवाई कर चुका है और संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर यूजर्स को सचेत करने वाले सॉफ्टवेयर पर काम कर रहा है। इस पर अदालत ने निर्देश दिया कि व्हाट्सएप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म साइबर अपराधों को रोकने की अपनी कार्ययोजना भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के साथ साझा करें। मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी।

बैंकों की लापरवाही, मुआवजा देने का आदेश

अदालत ने कहा कि केवल तकनीकी कंपनियां ही नहीं, बल्कि बैंक भी इस धोखाधड़ी के लिए जवाबदेह हैं। सीजेआई ने सवाल उठाया कि जब कोई ग्राहक अपने सामान्य लेनदेन पैटर्न से हटकर अचानक बड़ी रकम ट्रांसफर करता है, तो बैंक तुरंत उस पर रोक क्यों नहीं लगाते? कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संदिग्ध लेनदेन को अस्थायी रूप से निलंबित कर बैंक तुरंत साइबर पुलिस को सूचना दें। यदि बैंक की लापरवाही से ग्राहक ठगी का शिकार होता है, तो बैंकों को पीड़ित के नुकसान का पूरा मुआवजा देना होगा।

आरबीआई के नियम व राज्यों को आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक के प्रस्तावित केवाईसी संशोधन निर्देश, 2026 में पीड़ितों को मुआवजा देने के प्रावधान जोड़ने पर जोर दिया। यह व्यवस्था 31 दिसंबर 2026 तक लागू की जानी है। साथ ही, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के डीजीपी को डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामलों, दर्ज एफआईआर और रोकथाम संबंधी सुझाव अंतर-विभागीय समिति को सौंपने का निर्देश दिया गया है।

दिल्ली में अटका कांग्रेस कार्यकारिणी विस्तार, पंचायत चुनाव बाद होगा फैसला

जयपुर। राजस्थान कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार का मामला पिछले छह महीने से दिल्ली में अटका हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से संभावित नामों की सूची हाईकमान को भेजी जा चुकी है, लेकिन अब तक फैसला नहीं हुआ है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी चिरंजीवी राव ने कहा कि निकाय और पंचायत चुनावों की व्यस्तता के कारण विस्तार पर चर्चा नहीं हो सकी। पंचायत चुनाव के बाद हाईकमान से मंथन किया जाएगा। संगठन में सक्रिय और चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले नेताओं को जिम्मेदारी देने पर विचार होगा। डोटासरा चाहते हैं कि कार्यकारिणी के अंतिम विस्तार में समर्पित कार्यकर्ताओं और नए चेहरों को मौका मिले।

हेरोइन सप्लायर गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

मोहाली। पुलिस ने ट्राईसिटी में नशा तस्करी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन, 5 पिस्टल, 1 लाख रुपये ड्रग मनी और एक क्रेटा कार बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी मनप्रीत, सुनील, गुरप्रीत और सुखचैन सभी फिरोजपुर के रहने वाले स्कूल ड्रॉपआउट हैं। पुलिस जांच के अनुसार, यह गिरोह सीमा पार पाकिस्तान से ड्रोन द्वारा गिराई जाने वाली हेरोइन प्राप्त कर सप्लाई करता था। पाकिस्तानी नेटवर्क से जुड़े इस मामले में एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर मोबाइल फोन फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं।

घायल किशोर के पिता के नाम है कार रजिस्ट्रर्ड, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के दौरान तेज थी कार की रफ्तार

घर से घूमने निकले दोस्तों की कार दीवार में घुसी: 3 नाबालिग गंभीर रूप से घायल

एयरबैग खुलने से बची जान



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर शहर में हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर स्टेट हाईवे पर श्रीनाथ विला के पास मंगलवार सुबह तेज स्पीड से जा रही कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। हादसे में कार सवार 13 साल के नाबालिग तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि टक्कर के दौरान कार के एयरबैग खुल गए, जिससे तीनों की जान बच गई। घटना सदर थाना क्षेत्र की है। जानकारी अनुसार- मंगलवार सुबह करीब 8 बजे जाखड़ कॉलोनी निवासी तीन नाबालिग कार में सवार होकर घूमने निकले थे।

कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त

इसी दौरान श्रीनाथ विला के पास तेज रफ्तार कार ड्राइवर से अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बनी दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मोक्ष थरेजा (13), सहज (13) और चैतन्य चुघ (13) घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कार चैतन्य चुघ के पिता पवन चुघ के नाम पर रजिस्टर्ड है। कार की रफ्तार काफी तेज होने की बात सामने आई है।

हालांकि, हादसे के समय कार कौन चला रहा था, इसकी पुलिस जांच कर रही है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को कार से बाहर निकालकर श्री अंबे हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों की जांच शुरू की।

पंचायत चुनाव से पहले फ्लैग मार्च

संवेदनशील गांवों का किया निरीक्षण



समेजा कोठी। पंचायती राज चुनाव-2026 के चौथे चरण का मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए समेजा कोठी पुलिस ने मंगलवार को संवेदनशील और अतिसंवेदनशील गांवों में फ्लैग मार्च किया। यह मार्च श्रीगंगानगर एसपी हरिशंकर के निर्देशन में निकाला गया। रायसिंहनगर डीएसपी हनुमान सिंह शेखावत के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने गांवों के प्रमुख रास्तों और संवेदनशील इलाकों का दौरा किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने आदर्श आचार संहिता का पालन करने, चुनाव के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने का संदेश दिया। पुलिस ने कहा कि मतदान में रुकावट डालने, मतदाताओं को डराने-धमकाने या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान थानाधिकारी कृष्ण कुमार और पुलिस जवान मौजूद रहे।

फसल बुवाई के दौरान हुई मौत

सीमा सन्देश#सूरतगढ़। सदर थाना क्षेत्र के जानकीदासवाला गांव में खेत में फसल की बुवाई के लिए जमीन तैयार करते समय एक युवक की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। परिजन उसे श्रीविजयनगर के राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सतपाल सिंह (35) निवासी गणेशगढ़, हाल निवासी श्रीविजयनगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सतपाल सिंह जानकीदासवाला क्षेत्र के एक खेत में काम कर रहा था। खेत में काम पूरा करने के बाद वह घर लौट आया। कुछ समय बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पिता जंगीर सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवक से मारपीट

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। नेतेवाला टोल नाके पर एक युवक के साथ मारपीट कर उसकी जेब से नकदी निकालने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कई लोगों ने एकराय होकर युवक के साथ मारपीट की और उसकी जेब से करीब 1500 से 1700 रुपए निकालकर ले गए। घटना 8 नवंबर की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2 के मिर्जेवाला निवासी विजय चाहर चुनावढ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। परिवादी ने आरोप लगाया कि संदीप सहारण, अरविंद भादू सहित 4-5 अन्य लोगों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उसकी जेब से करीब 1500 से 1700 रुपए निकाल लिए और मौके से चले गए। मामले की जांच एएसआई धर्मवीर को सौंपी गई है।

जम्मू डिवीजन ने ट्रेन में जोड़े अतिरिक्त कोच

श्रीगंगानगर। त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए, उत्तर रेलवे के जम्मू डिवीजन ने यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 19224 में अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। जम्मू रेल मंडल के जनसंपर्क निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि इसके तहत, 10 से 14 नवंबर तक श्री माता वैष्णो देवी कटरा - साबरमती एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 19224) में थर्ड एसी और स्लीपर क्लास के अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे हैं। एक्स्ट्रा कोच लगने से इससे सूरतगढ़, पीलीबंगा, हनुमानगढ़, संगरिया सहित इलाके से पंजाब, राजस्थान और गुजरात की यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। अतिरिक्त कोचों के जुड़ने से यात्रियों को राहत मिलेगी।

दिवाली के दूसरे दिन भी आगजनी, एक दर्जन जगहों पर आगजनी

परेशानी : पार्क और कचरे के ढेर तक पहुंचीं लपटें

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

दिवाली पर आतिशबाजी के बीच श्रीगंगानगर शहर में आगजनी की घटनाओं का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। रविवार को शहर में करीब एक दर्जन स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं। कहीं खाली प्लॉट में पड़े कचरे में आग लगी तो कहीं पार्क में कचरा और सूखी लकड़ियां आग की चपेट में आ गईं। लगातार मिल रही सूचनाओं के बाद दमकल विभाग की गाड़ियां अलग-अलग इलाकों में आग बुझाने के लिए दौड़ती रहीं। दमकल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, शाम 8:06 बजे शिव चौक के पास पीएमजी हॉस्पिटल के नजदीक खाली प्लॉट में आग लग गई। इसके बाद टावर के सामने स्थित अब्दुल कलाम पार्क में कचरे में आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर दमकल की गाड़ी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की।



रात तक अलग-अलग इलाकों में पहुंची दमकल

रात 9:10 बजे 4 जेड गांव में स्कूल के पास सूखी लकड़ियों में आग लग गई। इसके करीब 20 मिनट बाद रात 9:30 बजे करनपुर रोड पर जेसीटी मिल के पास रिद्धि-सिद्धि एरिया में कचरे में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद हाउसिंग बोर्ड के एच ब्लॉक स्थित खाली प्लॉट में पड़े कचरे में आग लगने की घटना सामने आई। इन सभी घटनाओं की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियां लगातार मौके पर पहुंचती रहीं और आग पर काबू पाने में जुटी रहीं।

बिस्तर भंडार में आग से लाखों का नुकसान

शाम करीब 8 बजे कृष्ण टॉकीज के पास धर्म कुमार मंगलाराम के बिस्तर भंडार हाउस में आग लग गई। आग ने दुकान में रखे रजाई-गद्दों और अन्य सामान को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान बताया गया है। **न्यू पंजाबी शू सेंटर में भड़की आग:** सोमवार तड़के करीब 3 बजे लक्कड़ मंडी रोड स्थित न्यू पंजाबी शू सेंटर में आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लगी। दुकान अंदर से बंद थी और आग तेजी से फैल रही थी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब ढाई से तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सूरतगढ़ में आकाशवाणी केंद्र के पीछे मैदान में भी आगजनी की घटना हुई।

अन्नकूट महोत्सव मनाया, श्रद्धालुओं की कतारें लगी



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। दीपावली के अगले दिन अन्नकूट महोत्सव व गोवर्धन पूजा पर्व पूर्ण श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। श्री पंचायती बड़ा मंदिर, अनुराग कला निकेतन के श्रीराम मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, पंचायती धर्मशाला एवं नवीन धान मंडी में श्री खाटू श्याम मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इनमें अन्नकूट का प्रसाद पाने वाले श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। श्री पंचायती बड़ा मंदिर के अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता ने बताया कि अन्नकुट महोत्सव को गोवर्धन पूजा भी कहा जाता है। यह सनातन धर्म का प्रमुख पर्व है जो प्रतिवर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं तथा प्राकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

सीएम ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष दानेवालिया को दीपावली पर भेजा विशेष उपहार



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से भाजयुमो जिलाध्यक्ष ईश्वजीत सिंह (अवि दानेवालिया) को दीपावली पर विशेष उपहार भेजा गया। दानेवालिया ने इस अवसर पर एक अनूठी पहल करते हुए मुख्यमंत्री की ओर से भेजे गए उपहार को अपने परिवार एवं क्षेत्र में दशकों से रामलीला का मंचन कर रही संस्था श्री महावीर रामलीला युवा क्लब के पदाधिकारियों के साथ साझा किया। उन्होंने क्लब के पदाधिकारियों के साथ उपहार खोला तथा मुख्यमंत्री की ओर से भेजे गए उपहार सभी के बीच वितरित किए। इस मौके पर क्लब संरक्षक प्रीतू गाबा, अध्यक्ष मदन लाल चुघ, शिक्षाविद् जे.एस. दानेवालिया, एपी सिंह दानेवालिया, महासचिव शिव लखोटिया, कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा, डायरेक्टर सुशील अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनीष लड्ढा, संगठन मंत्री लख्मीचंद कटारिया, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष रोशन सदेवड़ा, क्लब सदस्य राजेंद्र खत्री, हिमांशु गाबा, नीरज जेदिया एवं जितेंद्र शर्मा व अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर दानेवालिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दीपावली पर्व पर प्राप्त यह विशेष उपहार उनके लिए गौरव एवं प्रसन्नता का विषय है। मुख्यमंत्री का यह आत्मीय स्नेह और अपनत्व उनके लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया।

युवक लापता, पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। पुरानी आबादी थाना क्षेत्र के अर्जुन नगर वार्ड नंबर 2 से 31 वर्षीय युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। युवक के बिना बताए घर से चले जाने और वापस नहीं लौटने पर उसकी पत्नी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन नगर वार्ड नंबर 2 निवासी शिखा पत्नी श्याम (31) ने रिपोर्ट में बताया कि उसका पति 29 अक्टूबर को रात करीब 9 बजे बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। पत्नी की रिपोर्ट पर पुरानी आबादी थाना पुलिस ने 9 नवंबर 2026 को दोपहर 2:56 बजे गुमशुदगी के संबंध में मामला दर्ज किया है। मामले की जांच एएसआई रणवीर सिंह को सौंपी गई है।

खराब हवा ने बढ़ाई चिंता, एक्यूआई का स्तर पहुंचा 193

सूरतगढ़ : दीपावली के बाद प्रदूषण का खतरा बढ़ा

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। दीपावली पर चले करोड़ों रुपए के पटाखों ने क्षेत्र का प्रदुषण को खतरनाक मोड़ पर ला दिया है। क्षेत्र की आबोहवा पर प्रदूषण का असर साफ नजर आने लगा है। आतिशबाजी से निकले धुएं, पटाखों के रासायनिक अवशेषों व बढ़ती धूल-मिट्टी ने वातावरण की गुणवत्ता को प्रभावित किया है। सर्दी की शुरूआत के साथ मौसम में आ रहे बदलाव व हवा की धीमी रफ्तार के चलते प्रदूषक तत्व वातावरण में लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। मंगलवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 193 दर्ज किया गया। यह स्तर खराब होती वायु गुणवत्ता का संकेत दे रहा है। खासतौर पर पीएम 2.5 के सूक्ष्म कण स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय हैं। ये बेहद बारीक कण सांस के जरिए फेफड़ों के भीतर तक पहुंच सकते हैं और लंबे समय तक इनके संपर्क में रहने से श्वसन तंत्र प्रभावित हो सकता है। दीपावली पर हुई आतिशबाजी का असर आने वाले दिनों में भी वातावरण में महसूस होने की आशंका है। वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों को खांसी, गले में खराश, आंखों में जलन व सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अस्थमा के मरीजों, हृदय रोगियों, बच्चों व बुजुर्गों के लिए प्रदूषित हवा अधिक नुकसानदायक साबित हो सकती है। मौसम में ठंडक बढ़ने व सुबह-शाम हवा की गति कम रहने से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है।

मास्क का इस्तेमाल करने की सलाह



छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. ललित राठी का कहना है कि प्रदूषित हवा का लगातार संपर्क फेफड़ों व श्वसन तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। विशेष रूप से अस्थमा, एलर्जी, हृदय, फेफड़ों संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। अधिक प्रदूषण वाले समय में सुबह व शाम की सैर से बचने के साथ जरूरी होने पर बाहर निकलते समय अच्छी गुणवत्ता वाला एन-95 मास्क इस्तेमाल करना चाहिए। सांस लेने में परेशानी, सीने में जकड़न या लगातार खांसी होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

साफ-सफाई पर विशेष फोकस की जरूरत

दीपावली के बाद शहर में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर जमा पटाखों के अवशेषों का समय पर निस्तारण होना चाहिए। कूड़ा जलाने पर रोक लगाने के साथ निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए भी प्रभावी कदम उठाने होंगे। शहर की आबोहवा में आया बदलाव स्वच्छ पर्यावरण व नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ाने वाला है।

दो दिवसीय सत्संग और प्रवचन संपन्न

सीमा सन्देश # रतेवाला। हंस निर्वाण आश्रम (लक्ष्मणगढ़, सीकर) के महंत मोहनानंद महाराज ने अपनी दो दिवसीय श्रीगंगानगर प्रवास यात्रा के दौरान भक्तों को अपने ओजस्वी वचनों से निहाल किया। 5 नवंबर को स्वर्गीय नथमल बंसीवाल की धर्मपत्नी पार्वती देवी के निवास (पदमपुर) पर रात्रि सत्संग का आयोजन हुआ। इसी तरह 6 नवंबर को पत्रकार मुकेश दायमा के निवास पर विशेष प्रवचन हुए। महाराज जी ने हरि नाम व राम नाम के उच्चारण के साथ संतों के बताए धर्ममार्ग पर चलने का उपदेश दिया। श्रद्धालुओं ने माला, दुपट्टा और फलाहार भेंट कर महंत जी का आभार व्यक्त किया, जिस पर महाराज ने सभी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अध्यापक मदनलाल, माया देवी, दूलीचंद, पूर्व पार्षद नोरंगलाल, मखनलाल, शंकरलाल बंसीवाल, नरेशकुमार, सुरेश कुमार दायमा, हेमंत कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



रसोई में फंदे पर लटका मिला युवक

सीमा सन्देश# सूरतगढ़। शहर के वार्ड नं. एक में युवक का शव घर की रसोई में फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना का पता चलने पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर सिटी पुलिस ने घटनास्थल का अवलोकन कर मामले की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार अनिल (31) पुत्र कश्मीरी लाल वार्ड नं. एक में काली माता मंदिर के नजदीक रहता था। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे घर में उसका शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने शव लटका देख पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में मृतक के भाई अविनाश की रिपोर्ट पर सिटी थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर तफ्तीश शुरू की है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कर रहे हैं। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से शुरू की जांच, नेपाली कर्मचारी पर संदेह

पदमपुर : श्याम कुटिया के मंदिर से लाखों रुपये के आभूषण चोरी, वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद

सीमा सन्देश#पदमपुर। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष के निवास स्थित श्याम कुटिया के मंदिर से सोने के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, मंदिर में कार्यरत एक नेपाली कर्मचारी पर चोरी का संदेह जताया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी दिवाली पर मंदिर में सजाए गए सोने के आभूषण लेकर फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। चोरी की जानकारी सुबह मिलने पर परिवार की ओर से तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ने सीओ पुष्पेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा डॉग स्क्वायड टीम को बुलाकर जांच शुरू की। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार मंदिर से भगवान के भोग में इस्तेमाल होने वाले सोने के बर्तन चोरी हुए हैं। इनमें एक थाली, तीन कटोरियां, एक गिलास और एक चम्मच शामिल हैं। इनका कुल वजन करीब दो किलोग्राम बताया गया है। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध कर्मचारी मंदिर का मुख्य दरवाजा खोलकर बाहर निकलता दिखाई दे रहा है।



पुलिस अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है और मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है। वारदात में अन्य लोगों की संलिप्तता की आशंका को भी ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अलग-अलग टीमें गठित की हैं। वहीं, मंडी अध्यक्ष जितेंद्र नारंग, हरजीत सिंह पाव, नगर भाजपा अध्यक्ष अंशु बुलंदी, धीरज जैन, अमित बलाना, नरेंद्र भुल्लर सहित कई व्यापारियों ने घटना पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द वारदात का खुलासा करने और चोरी हुए आभूषण बरामद करने की मांग की है।

जीडी स्पोर्ट्स एरिना का क्रिकेटर मानव सुथार ने किया भव्य उद्घाटन

खिलाड़ी अनुशासन, मेहनत से तैयारी करे तो कोई मंजिल दूर नहीं : मानव सुथार

श्रीगंगानगर । शहर के प्रतिष्ठित जीडी ग्रुप ने युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने, बैडमिंटन और पिकल बॉल की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से अग्रसेननगर में अत्याधुनिक जीडी स्पोर्ट्स एरिना की स्थापना की है। इस एरिना का शुभारंभ भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते क्रिकेटर मानव सुथार ने शनिवार शाम एक भव्य समारोह में किया। समारोह में जीडी ग्रुप के मालिक इंजीनियर बंशीधर जिंदल, समाजसेवी एवं भाजपा नेता अशोक चांडक, मानव सुथार के पिता जगदीश सुथार, जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष जगीरचंद फरमा, राजकुमार पुरोहित सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इंजीनियर बंशीधर जिंदल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि जीडी स्पोर्ट्स एरिना में खिलाड़ियों के लिए हर तरह की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पूरे हॉल में थर्मोस्टिक हाल बनाया गया है, लाइट का पूर्ण बैकअप सिस्टम है और यह श्रीगंगानगर के 200 किलोमीटर के दायरे में पिकल बॉल का पहला इंडोर हॉल है। यहां खिलाड़ियों को बारिश, आंधी या मौसम की किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिंदल ने कहा कि जीडी स्पोर्ट्स ग्रुप का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालकर खेल के मैदान से जोड़ना है। एरिना में सुबह से रात 10 बजे तक कोचिंग और प्रैक्टिस की पूरी व्यवस्था रहेगी। इसके लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी दी जाएगी।



क्रिकेटर मानव सुथार ने उद्घाटन के बाद कहा कि अगर खिलाड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ तैयारी करें तो उनके लिए कोई भी मंजिल दूर नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जीडी स्पोर्ट्स एरिना में प्रशिक्षण लेकर क्षेत्र के खिलाड़ी बैडमिंटन और पिकल बॉल में श्रीगंगानगर और भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। समाजसेवी अशोक चांडक ने कहा कि युवाओं में नशे की प्रवृत्ति को रोकने में खेल मैदान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष जगीरचंद फरमा ने एरिना को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

संचालन और कोचिंग का जिम्मा आरपीएलवाई अकेडमी को

इस मौके पर योगेश और ललित सुथार ने मानव सुथार का परिचय कराया तथा एरिना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मानव सुथार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रामगोपाल पांडूसरिया, राजेंद्र गुप्ता, नितिन खरबंदा, पार्षद भारतभूषण एवं विक्रम राठौर, अपर लोक अभियोजक विजेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता कुलदीप गार्गी,जयदेव गुप्ता, गिरधारीलाल जैन, योगेश जिंदल, परमानंद जिंदल, शक्ति अग्रवाल और नीरज गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया। कांग्रेस नेता विकास गौड और समाजसेवी नितिन अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस शानदार एरिना के लिए जीडी स्पोर्ट्स ग्रुप को बधाई दी। एरिना के संचालन और कोचिंग का दायित्व आरपीएलवाई स्पोर्ट्स अकैडमी को सौंपा गया है। मंच संचालन ओमप्रकाश सुथार ने किया।

मौसम

अधिकतम	न्यूनतम
30.8°	16.7°

आर्द्रता

सुबह	शाम
82%	60%

विंड स्पीड

2-8KM/h

आज का सूर्यास्त

05:40PM

कल का सूर्योदय

06:58AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,43,400

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,32,620

चांदी (प्रति किलो) ₹1,90,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

बोर्ड ने जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किए निर्देश, अतिरिक्त कॉपी के रूप में मिलेगी 8 पेज की उत्तर पुस्तिका

बोर्ड परीक्षा 2027; अब 40 पेज की नई उत्तर पुस्तिका में परीक्षा देंगे विद्यार्थी, पुरानी कॉपियों के इस्तेमाल पर रोक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से वर्ष 2027 में आयोजित होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के नियमों में बदलाव किया गया है। आगामी बोर्ड परीक्षाओं में अब विद्यार्थियों को मुख्य उत्तर पुस्तिका के रूप में 40 पेज की विशेष कैजिंग उत्तर पुस्तिका दी जाएगी। वहीं, अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका की जरूरत पड़ने पर परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध 8 पेज की कॉपी दी जा सकेगी। बोर्ड ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड की ओर से जारी नए निदेशों के अनुसार, वर्ष 2027 की मुख्य सैद्धांतिक परीक्षाओं में केवल नई उत्तर पुस्तिकाओं का ही उपयोग किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर पिछले वर्षों में बची हुई मुख्य उत्तर पुस्तिकाओं के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। यह व्यवस्था 10वीं और 12वीं के साथ प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षाओं के लिए भी लागू होगी। बोर्ड का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और गोपनीयता बनाए रखना है।



फाइल फोटो

पिछले वष की उत्तर पुस्तिकाएं जमा कराने के निर्देश

नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक परीक्षार्थी को पेपर हल करने के लिए 40 पेज की मुख्य उत्तर पुस्तिका उपलब्ध करवाई जाएगी। यदि किसी विद्यार्थी की मुख्य उत्तर पुस्तिका पूरी भर जाती है और उसे अतिरिक्त कॉपी की आवश्यकता होती है, तो परीक्षा केंद्र पर पहले से उपलब्ध 8 पेज की अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका दी जाएगी। इसके लिए अलग से नई अतिरिक्त कॉपियां भेजने के बजाय केंद्रों पर उपलब्ध स्टॉक का उपयोग किया जा सकेगा। बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों पर पिछले वर्ष की बची हुई बारकोड लगी और साधारण उत्तर पुस्तिकाओं को वापस जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा समाप्त होने के बाद अनुपयोगी एवं रिक्त पुरानी उत्तर पुस्तिकाओं के 300-300 के पैकेट तैयार किए जाएंगे। इन पैकेटों को बोरों में भरकर उन पर अनुपयोगी रिक्त उत्तर पुस्तिकाएं लिखना होगा। इसके बाद इन्हें निर्धारित संग्रहण केंद्रों पर जमा करवाया जाएगा।

नई बची कॉपियां अगले साल के लिए रहेंगी सुरक्षित

बोर्ड के निदेशों के अनुसार, इस बार उपयोग के बाद बची हुई नई 40 पेज की उत्तर पुस्तिकाओं और 8 पेज की अतिरिक्त कॉपियों को वापस बोर्ड कार्यालय नहीं भेजा जाएगा। इन्हें अगले वर्ष उपयोग के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। इसके लिए संबंधित परीक्षा केंद्रों को स्टॉक रजिस्टर में शेष उत्तर पुस्तिकाओं का पूरा विवरण दर्ज करना होगा। माध्यमिक जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2027 की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासनिक एवं नीतिगत स्तर पर बदलाव किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों को नए दिशा-निदेशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

न्यूज इन ब्रीफ

स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम आज

श्रीगंगानगर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के परिणाम 11 नवंबर को दिल्ली में जारी होंगे। समारोह में देशभर के शहरों की रैंकिंग और अलग-अलग श्रेणियों में मिलने वाले पुरस्कारों की घोषणा होगी। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विजेता शहरों को सम्मानित करेंगी।

चौथे चरण में सरपंच, पंच पद के लिये मतदान 16 नवम्बर को

श्रीगंगानगर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-की घोषणा के तहत जिले में सरपंच, पंच और उपसरंपच पदों के लिये निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण में जिले की श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घडसाना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर पंचायत समिति के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिये मतदान 16 नवम्बर 2026 को होगा। चौथे चरण में जिले की श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घडसाना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर पंचायत समिति के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिये लोक सूचना 31 अक्टूबर को जारी की गई। नामांकन प्रस्तुत करने की तिथि 15 नवम्बर निर्धारित की गई है। इसी दिन प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का समय रहेगा। नामांकन की संवीक्षा प्रातः 11.30 बजे से होगी। नाम वापसी का समय दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इसके पश्चात अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करते हुए सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 16 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक मतदान और मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद पंच व सरपंच की मतगणना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही होगी। 17 नवम्बर को उपसरपंच का चुनाव करवाया जायेगा।

चौथे चरण में 14 को होगा मतदान

श्रीगंगानगर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत श्रीगंगानगर जिले में पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चैथे चरण में जिले की आठ पंचायत समितियों श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घडसाना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर के लिये पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य का मतदान 14 नवम्बर को होगा। तीसरे और चैथे चरण की मतगणना 20 नवम्बर को होगी। पंचायती राज चुनाव के चैथे चरण के तहत जिले की श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घडसाना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य के लिये मतदान 14 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक होगा। मतदान ईवीएम से होगा। तीसरे और चैथे चरण में शामिल पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य चुनाव की मतगणना 20 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से आरम्भ होगी।

नव मतदाताओं के पंजीकरण के लिये 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक लगाये जायेंगे कलस्टर कैम्प

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में राज्य में प्रक्रियाधीन विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 के अंतर्गत मतदाता, नवमतदाताओं के पंजीकरण हेतु जिले में कलस्टर कैम्पों का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत ह्यकोई भी पात्र मतदाता न छूटेह्ल की संकल्पना के लिये समाज के वंचित वर्गों एवं समाज की मूल धारा में जुड़ने से शेष वर्गों एवं संवेदनशील समूहों की मतदाता पंजीयन में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव के अनुसार जिले में मतदाता, नव मतदाताओं के पंजीकरण हेतु कलस्टर कैम्पों का आयोजन किया जाना है। इसके लिए समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम तथा पंचायती राज, नगर निकाय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और राजीविका सहित संबंधित विभागों को समन्वय से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके तहत 12 नवम्बर से लेकर 11 दिसम्बर 2026 के मध्य 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवा, नव मतदाताओं के पंजीकरण हेतु कलस्टर कैम्पों का आयोजन किया जायेगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से 30 नवम्बर को पीडब्ल्यूडी श्रेणी में पंजीकरण के लिये स्कूल, कॉलेज, विशेष विद्यालय, आवासीय विद्यालय, एनजीओ, सीएसओ, पंचायती राज संस्थान सहित अन्य संस्थानों पर कलस्टर कैम्प आयोजित किये जायेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से 5 दिसम्बर को ट्रांसजेण्डर्स श्रेणी में पंजीकरण के लिये डेरे, हवेलियों एवं इनके निवास स्थानों पर डोर-टू-डोर सर्वे के साथ-साथ आवासहीन श्रेणी में पंजीकरण के लिये रैन बसेरों, श्रम कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के साथ-साथ बेघर व्यक्तियों का सर्वे किया जायेगा। इसी तरह सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से 6 दिसम्बर को पीवीटीजी, डीनोटिफाईड, नोमेडिक, सेमी नोमेडिक ट्राईब्स श्रेणी में पंजीकरण के लिये ईआरओ द्वारा चिन्हित स्थानों पर कैम्प आयोजित किये जायेंगे। जेण्डर रेशो बढ़ाने के लिये ब्लॉक विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण में महिला और नव विवाहित महिला श्रेणी में समस्त मतदान केन्द्रों पर 12 नवम्बर से लेकर 11 दिसम्बर 2026 के दौरान (प्रत्येक बुधवार) को कलस्टर कैम्प आयोजित होंगे। इस दौरान सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका स्वयं सहायता समूह, ग्राम विकास अधिकारी, नगर निगम-नगरपालिका, बीएलओ-सुपरवाईजर द्वारा सहयोग किया जायेगा। इन कैम्पों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पात्र मतदाताओं से फार्म 6 भरवाने के साथ-साथ 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जानी है।

दिवाली की राम-राम और अन्नकूट महाभोग लगा

थाली भरकर लाई र खीचडो, ऊपर घी की बाटकी...



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर सुदामानगर में प्रातः 11:15 बजे श्याम श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को दीपावली की रामा-श्यामा की। दोपहर 12 बजे 'थाली भरकर लाई र खीचडो, ऊपर घी की बाटकी....' भजन के माध्यम से बाबा खाटू श्याम को अन्नकूट का महाभोग लगाया गया। इस अन्नकूट में प्रसाद स्वरूप देसी बाजरी का खिचड़ा, कढ़ी, मिक्स सब्जी, चावल, पूरी, सूजी का हलवा, ग्वार फली, पापड़, खिचिया आदि भोज्य सामग्री का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। श्याम श्रद्धालुओं में आगामी बाबा श्याम के जन्मोत्सव(पाटोत्सव)को लेकर बड़ा उत्साह है।

मंदिर प्रांगण में यह तीन दिवसीय बाबा श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसकी शुरूआत 20 नवम्बर देवउठनी एकादशी से होगी और लगातार तीन दिन भजन संकीर्तन मंदिर प्रांगण में रहेंगे।

बाइक सवार दो बदमाशों ने सब्जी मंडी के पास दिया वारदात को अंजाम

बुजुर्ग महिला से दिनदहाड़े झपटी सोने की बालियां, दोनों कान हुए लहूलुहान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर में झपटमारों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। अब बुजुर्ग महिलाएं भी सरेआम बदमाशों के निशाने पर हैं। पुरानी आबादी की सब्जी मंडी में रविवार शाम खरीदारी कर पोते के साथ घर लौट रही 72 वर्षीय महिला को बाइक सवार दो बदमाशों ने निशाना बना लिया। बदमाश महिला के दोनों कानों से सोने की बालियां झपटकर फरार हो गए। झपटमारी इतनी जोर से की गई कि महिला के दोनों कान जख्मी हो गए और खून बहने लगा।

पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार पुरानी आबादी के वार्ड नंबर 20 निवासी गुरदीप सिंह की 72 वर्षीय माता सुरजीत कौर रविवार 8 नवंबर को शाम करीब चार बजे अपने पोते बलजिंद्र सिंह के साथ सब्जी मंडी में खरीदारी करने गई थीं। खरीदारी के बाद दोनों वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान मंडी के कोने के पास बाइक सवार दो युवक पहुंचे। बताया जा रहा है कि बाइक से एक युवक नीचे उतरा और पीछे से आकर सुरजीत कौर के दोनों कानों में पहनी सोने की बालियां झपट लीं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने साथी के साथ बाइक पर बैठकर तेजी से फरार हो गया।

झपटमारी से दोनों कान हुए जख्मी: अचानक हुई इस वारदात से बुजुर्ग महिला घबरा गईं। बालियां झपटने के दौरान उनके दोनों कान जख्मी हो गए और खून बहने लगा। साथ चल रहे पोते बलजिंद्र सिंह और आसपास मौजूद लोगों ने महिला को संभाला। घटना की जानकारी मिलने पर उनका बेटा गुरदीप सिंह भी मौके पर पहुंचा। पीड़ित परिवार के मुताबिक छीनी गई सोने की बालियों की कीमत करीब एक लाख रुपये है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपी हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर आए थे। बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी। बालियां झपटने वाला युवक कद में छोटा था, जबकि बाइक चला रहा युवक मजबूत शरीर का था। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। गुरदीप सिंह की रिपोर्ट पर पुरानी आबादी थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान पीलीबंगा तहसील के गांव पंडितावाली निवासी प्रवीण पुत्र रामप्रताप मेघवाल व फतेहगढ़ निवासी जयप्रकाश पुत्र बलराम नायक के रूप में हुई है।

स्नेह मिलन समारोह में प्रभु श्रीराम के आर्दशों को आत्मसात करने का सन्देश

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा एल ब्लॉक स्थित श्री हनुमान मंदिर में दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का हर्षोल्लासपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मंचासीन अतिथि बलदेव कृष्ण नागपाल, कुंदन लाल मिड्ढा, डॉ. ओ.पी. वैश एवं रमेश ठकराल थे तथा अध्यक्षता डॉ. सी.एल. गोरखा ने की। सर्वप्रथम पदाधिकारियों व सदस्यों ने ह्यजय श्री रामह्ल के गगनभेदी जयकारे के साथ विश्व कल्याण की कामना की। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. सी.एल. गोरखा ने कहा कि उत्सव-पर्व घरों में खुशियां लाते हैं तथा दिलों की नफरत को मिटाकर आपसी प्यार व भाईचारा बढ़ाते हैं। मनीराम सेतिया ने कविता द्वारा प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए उच्च आर्दशों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। सतपाल चराया एवं मदन अरोड़ा दीपावली पर्व, गोवर्धन पूजा पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। चाँद खुराना ने भगवान श्रीराम की महिमा का गीत द्वारा बखान किया। पंजाबी गीतकार सुरजन सिंह रंगीला ने पंजाबी गीत के माध्यम से ह्यबंदी छोड़ दिवसह्ल व दीपावली पर्व के महत्व से अवगत कराया। बलदेव कृष्ण नागपाल ने यह त्यौहार हमें अच्छाई व सच्चाई के मार्ग पर चलने का संदेश देता है तथा प्रभु राम के आदर्शों से हमें रूबरू करवाता है। समारोह में केन्द्र सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोरोनाकाल से बंद रियायती रेल यात्रा सुविधा पुनः बहाल करने की मांग की गई तथा निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री व केन्द्रीय रेल मंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। इस अवसर पर परमानंद छाबड़ा, अवतार सिंह मल्होत्रा, सुरेंद्र पाहवा, जगजीश कुमार, इंजी. गिरधारी लाल अरोड़ा, मिलखराज मुंजराल, विजय कुमार चराया, धर्मवीर भारद्वाज, ज्ञानचन्द आहुजा, पी.सी. गर्ग सहित वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।



तेज रफ्तार कार दीवार से टकराई, 13 साल के तीन दोस्त गंभीर घायल, श्रीनाथ विला के पास हुआ हादसा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर स्टेट हाईवे पर रविवार सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। बालाजी धाम के नजदीक श्रीनाथ विला के पास तेज गति से जा रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दीवार से टकरा गई। हादसे में कार सवार 13 साल के तीन नाबालिग दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि टक्कर के दौरान कार के एयरबैग खुल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया और तीनों बच्चों की जान बच गई। घटना सदर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 8 बजे जाखड़ कॉलोनी निवासी तीन नाबालिग युवक कार में सवार होकर घूमने निकले थे। इसी दौरान बालाजी धाम के पास श्रीनाथ विला के नजदीक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बनी विला की दीवार से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मोक्ष थरेजा (13), सहज (13) और चैतन्य चुघ (13) घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तीनों बच्चों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, बाद में परिजन बच्चों को निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। दीवार से जोरदार टक्कर होने के कारण कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन दुर्घटना के दौरान एयरबैग खुलने से कार में सवार तीनों बच्चों को बड़ी राहत मिली। बताया जा रहा है कि कार चैतन्य चुघ के पिता पवन चुघ के नाम पर रजिस्टर्ड है। हादसे के समय कार कौन चला रहा था, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम मनफूलसिंहवाला में त्रिवेणी रोपण और 'ग्रामोदय शतक अभियान' की हुई शुरूआत

श्रीगंगानगर स्थापना के शताब्दी वर्ष का शुभारंभ

सीमा सन्देश # लाधूवाला

श्रीगंगानगर स्थापना के शताब्दी वर्ष का शुभारंभ त्रिवेणी रोपण और ह्यग्रामोदय शतक अभियानह्ल के साथ हुआ। योगक्षेम फाउंडेशन और यूथ ऑफ गंगानगर के संयुक्त तत्वावधान में चक मनफूलसिंहवाला स्थित युग चेतना केंद्र पर गांव के प्रवेश स्थल पर पीपल, गूलर और नीम का त्रिवेणी रोपण किया गया। ग्राम विकास समिति के सहयोग से पौधों की सुरक्षा के लिए मजबूत बाड़ भी बनाई गई है। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा (विक्रमी सम्वत्) के पावन दिवस पर महाराजा गंगासिंह द्वारा सतलुज का जल शिवपुर पर छोड़े जाने के ऐतिहासिक दिन को श्रीगंगानगर स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार जिला अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है, जिसे केवल उत्सव तक सीमित न रखकर गांव-गांव में सकारात्मक परिवर्तन के संकल्प के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर ह्यग्रामोदय शतक अभियानह्ल की घोषणा की गई, जिसके तहत क्षेत्र के 100 गांवों में यह शृंखला शुरू होगी।



अभियान के प्रमुख उद्देश्यों में नशा मुक्त गांव (जागरूकता, संवाद व योग), आरोग्य युक्त गांव (संतुलित आहार, स्वच्छता व स्वास्थ्य जांच), हरित गांव (पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण) और सक्रिय ग्राम विकास समिति का गठन शामिल है ताकि स्थानीय लोग खुद कार्यक्रमों के संचालक बनें। प्रभात काल में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं, वरिष्ठ जनों, महिलाओं और ग्रामीणों ने भारी संख्या में भाग लिया। सभी ने पौधारोपण कर इसके संरक्षण का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि मनफूलसिंहवाला से शुरू हुई यह यात्रा आने वाले महीनों में 100 गांवों तक पहुंचकर इस शताब्दी वर्ष को जन-जन का पर्व बनाएगी।

मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 12 को

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार समस्त विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 12 नवम्बर को किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन के क्रम में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 12 नवम्बर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी।

विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ ने चलाया स्वच्छता अभियान



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ श्रीगंगानगर द्वारा जिलाध्यक्ष सचिन गौड़ के नेतृत्व में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सफाई अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने तथा महापुरुषों के प्रति अपनी निष्ठा व सम्मान प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्रमदान करते हुए गौशाला रोड स्थित भगवान श्री परशुराम चौक की साफ-सफाई की। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन कर भगवान श्री परशुराम जी को नमन किया एवं राष्ट्र व समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की। युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सचिन गौड़ ने कहा कि भगवान श्री परशुराम जी के नाम से स्थापित इस गौरवशाली चौक की स्वच्छता तथा गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। सभी सदस्यों ने एक स्वर में समाज हित तथा संगठन की एकजुटता का परिचय देते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष महेश सारस्वत, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्रवण पारीक, जिला संगठन महामंत्री डॉ. पवन पारीक, तहसील अध्यक्ष नीरज शर्मा, युवा जिला उपाध्यक्ष रविकांत गौड़, जिला उपाध्यक्ष राजन शर्मा, जिला सचिव जुगल किशोर, जिला सचिव सोनू शर्मा सहित विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारी, सदस्य एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

जाति या नाम के आधार पर यदि कोई जीव अपने आप को अच्छा कहलवाए, तो वह अच्छा नहीं बन जाता। - गुरु नानक

संपादकीय

आत्ममंथन की अनिवार्य घड़ी

आज का दौर विडंबनाओं और मानवीय संवेदनाओं के सबसे गहरे संकट से गुजर रहा है। पंजाब से आई वह हालिया खबर झकझोर देने वाली है, जिसमें नशे के आदी एक युवक ने अपनी ही मां पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल मां अस्पताल में उपचाराधीन है, लेकिन उसका मातृत्व इस कदर अंचल में लिपटा है कि वह न तो अपने बेटे के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई चाहती है और न ही पुलिस को उसे तंग करने देना चाहती है। यह घटना बरसों पुरानी उस भारतीय सोच को एक बार फिर जीवंत करती है, जिसमें कहा जाता है कि 'पूत कपूत हो सकता है, लेकिन माता कुमाता नहीं हो सकती।' परंतु, यदि गहराई से विचार किया जाए तो इस समाचार और इस पारंपरिक सोच के पीछे न तो कोई विवेक शेष बचा है, न नैतिकता और न ही कोई तार्किकता। आज के समय में हमारी सदियों पुरानी यह परंपरा और सोच पूरी तरह असंगत और अप्रासंगिक हो चली है। इस संदर्भ में वह कहावत भी बिल्कुल सटीक बैठती है कि–'वे दिन हवा हुए जब पसीने से गुलाब की खुशबू आती थी।'

यह अकाट्य सत्य है कि विगत कुछ दशकों के दौरान न केवल माता-पिता और संतानों के बीच के पावन संबंध बेहद कमजोर हो चले हैं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने का पूरा दृश्य-पटल ही इस पुरानी और आदर्शवादी सोच के सर्वथा विपरीत हो गया है। आज रिश्तों की गर्माहट स्वार्थ और अपराध की ठंडक में बदल चुकी है। आए दिन अखबारों और मीडिया में ऐसी विचलित करने वाली घटनाएं देखने, सुनने और पढ़ने को मिलती हैं जो इंसानियत को शर्मसार कर देती हैं। कहीं कोई मां या पिता अपनी ही संतानों के हत्यारे बन जाते हैं, तो कहीं संतानें मामूली सी जमीन के टुकड़े या संपत्ति के लालच में अपने जन्मदाता माता-पिता की हत्या करने से भी नहीं हिचकिचातीं। रिश्तों की यह गिरावट इस बात का प्रमाण है कि हमने भौतिक प्रगति तो कर ली है, लेकिन नैतिक और आध्यात्मिक रूप से लगातार पिछड़ते चले गए हैं।

यदि हम अपने चारों तरफ नजर दौड़ाएं और इतिहास या वर्तमान के पन्नों को पलटें, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि जिस किसी व्यक्ति ने भी इन क्रूर और अमानवीय श्रेणियों की सोच या कृत्यों पर अमल किया, वह कभी सुखी नहीं रहा। अपराध और पाप की नींव पर कभी सुखद भविष्य का महल नहीं बन सकता। आज का दौर उस पुराने समय से कोसों दूर है जब लोग कोई भी जघन्य अपराध या कत्ल करके आसानी से कानून की पकड़ से बच निकलते थे। आज समाज में आई जागरूकता हो, सूचना तंत्र की पहुंच हो या आधुनिक कानून और फॉरेंसिक विज्ञान की बढ़ती जानकारी, किसी भी तरह का अपराध या कुकृत्य करके कानून के शिकंजे से बच पाना असंभव हो चुका है। कानून के लंबे हाथ अपराधियों की गिरेबान तक पहुंच ही जाते हैं, भले ही अपराधी कुछ समय के लिए खुद को सुरक्षित समझता रहे।

यह समय केवल यह देखने का नहीं है कि समाज में क्या घटित हो रहा है, बल्कि यह आत्ममंथन करने का गंभीर अवसर है कि भारतीय समाज इस मौजूदा नैतिक गिरावट के साथ रसातल की ओर जाना चाहेगा या फिर अब ठिठक कर यह सोचेगा कि वह जो कर रहा है, वह कितना सही है और कितना गलत? यदि अब भी हमने परिवार नाम की इस बुनियादी इकाई को बचाने और रिश्तों में संवाद, प्रेम व नैतिकता को पुनर्जीवित करने का प्रयास नहीं किया, तो आने वाला कल और भी अधिक भयावह होगा। यह वक्त बदलाव की उस दिशा को मोड़ने का है, जहां कानून के भय के साथ-साथ इंसान के भीतर का मानवीय विवेक भी जीवित हो सके।

माँ काली का रूप : भय नहीं, चेतना का सन्देश



MAAsterG की क्लास

किश्त सं. 42

माँ काली की मूरत जब कोई देखे तो यही याद आना चाहिए कि हमें अपने अंदर के विकारों को झाँकना है और चौरासी लाख मौतों के प्रति सावधान रहना है। माँ काली की मूरत क्या है? ये कोई सौम्य मूरत नहीं है, ये ऐसी है जैसे फाँसी देने वाला कोई फँदा सामने दिखाई दे। हमने माँ काली की मूरत को सामने तो रखा है, पूजा भी करते हैं, पर वो माँ काली की मूरत सिर्फ एक ही बात याद करवाती है कि चौरासी लाख मौत की सजाओं के प्रति सावधान रहो। माँ काली का रूप एक सजा देने वाला है। ये माँ का सौम्य रूप नहीं है; माँ का ऐसा रूप तुम्हें डराने के लिए है; पर क्या तुम्हें डर लगता है? अपनी अंतरात्मा से पूछो! तुम्हें कोई डर नहीं लगता। तुम कहते हो, -माँ! हम तैयार हैं, हमारी गर्दन खूब काटियो। माँ काली तुम्हें सिर्फ सावधान करने के लिए हैं कि तुम अपने विकारों से सावधान हो जाओ। माँ क्या कहती हैं? तुम्हारे अंदर गंदगी है, पर मैंने तुम्हें खुश्बू वाला बनाकर रखा है, तभी कोई तुम्हारे पास बैठना पसंद करता है। इतना ध्यान रखो कि मौत के समय मैं न आ जाऊँ। माँ काली कहती हैं कि मौत के समय मेरा दर्शन मत करियो, नहीं तो सिर्फ और सिर्फ त्राहिमाम होगा क्योंकि मैं इस स्वरूप में उसी के पास आती हूँ जिसके अंदर गंदगी होती है; शरीर की गंदगी नहीं परंतु तुम्हारे विचारों की गंदगी! इसलिए तुम्हारे विचार महत्त्वपूर्ण हैं कि तुम्हारे अंदर क्या चल रहा है! तुम्हारे अंदर विचारों की गंदगी होगी तो गर्दन काटने के लिए तलवार लेकर आऊँगी और अगर मैंने गर्दन काटी तो चौरासी लाख बार कटना पड़ेगा। माँ का काला रूप काटने वाला आएगा या माँ का सौम्य रूप ब्रह्म द्वार ले जाने वाला, पारब्रह्म और सचखंड ले जाने वाला? ये निर्णायक होगा कि तुम्हारे अंदर विचार कैसे चलते हैं! तुमने ज़िंदगी में क्या किया, उससे कोई वास्ता नहीं है। तुम मौत के समय कैसे थे, वो जरूरी है क्योंकि मौत ही निर्णायक होती है, वही परिणाम है! इसलिए कहा गया है कि जागना है। माँ काली का रूप देखकर तुम्हें सावधान होना है। कहीं तुम्हारे अंदर कामवासना तो नहीं चलती, अंदर अभी गुस्सा तो नहीं है, लोभ तो नहीं है, मोह तो नहीं है, अहंकार तो नहीं फँसा हुआ है? अगर है, तो तुम्हें उसपर कहीं न कहीं पुरुषार्थ करना होगा, उन विकारों से उठना होगा; कौन उठाएगा? गंदगी से गंदगी कैसे साफ होगी? तभी कहा गया है, -ये तन विष की पोटली, गुरु अमृत की खान। शीश दिए भी गुरु मिले, तो भी सस्ता जान। तुम्हारे अंदर कहीं जो जहर है, उसको पीने के लिए कोई चाहिए? गुरु! गुरु कौन? सत्य गुरु, जिसके अंदर कहीं भी कोई विकार की छाया न मिले। अगर विकार अंदर नहीं हैं, बाहर ही हैं तो माँ का सौम्य रूप आएगा जैसे वैष्णो माँ! फिर जन्म सफल हो जाएगा, जीव मुक्तिधाम जाएगा और मोक्ष को उपलब्ध होगा। इसलिए कहते हैं कि जीवन के अंदर ज्ञान की बहुत जरूरत होती है। ये सब जन्म और मृत्यु के बीच का खेल है, उस खेल को अगर सही खेला तो जीवन आनंदमय हो जाएगा। तुम्हारा यह मनुष्य जन्म होना सफल हो जाएगा।

MAAsterG का अनमोल एवं आलौकिक ज्ञान उनके यूट्यूब चैनल 'MAAsterG' और 'GOD HOME JOURNEY' पर निशुल्क उपलब्ध है।

पहले बेटे को खोने का दर्द, मनमोहन सिंह को पीएम बनाने की वजह और प्रणब मुखर्जी की महत्वाकांक्षा का भी किया जिक्र

सोनिया गांधी की आत्मकथा में इन्दिरा के गुस्से से लेकर राजीव गांधी की गलतियों तक के हुए खुलासे

नई दिल्ली।

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की बहुप्रतीक्षित आत्मकथा **'बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव'** मंगलवार को बाजार में आ गई। इस पुस्तक में सोनिया गांधी ने अपने निजी जीवन, गांधी परिवार के साथ शुरूआती दिनों, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के व्यवहार, पति राजीव गांधी से जुड़े प्रसंगों और कांग्रेस की राजनीति के कई अनछुए पहलुओं को साझा किया है। किताब में उन्होंने अपने पहले बच्चे को खोने के दर्द से लेकर 2004 में प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करने और डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने के फैसले तक का जिक्र किया है। वहीं, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा और राजीव गांधी द्वारा विदेश सचिव को सार्वजनिक रूप से हटाने की घटना पर भी खुलासा किया है। किताब के सामने आते ही राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। भाजपा ने इसे गांधी परिवार की गलतियों पर पर्दा डालने की कोशिश करार दिया है।

इंदिरा गांधी के गुस्से से कांप जाती थीं सोनिया

सोनिया गांधी ने अपनी सास और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के स्वभाव से जुड़े कई दिलचस्प किस्से लिखे हैं। उन्होंने बताया कि शुरूआती दिनों में उन्हें इंदिरा गांधी के अचानक गुस्सा होने से बहुत डर लगता था। उनके गुस्से से कर्मचारी ही नहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी सहम जाते थे। नाराज होने पर इंदिरा गांधी कई दिनों तक संबंधित व्यक्ति से बात नहीं करती थीं।

सोनिया ने एक घटना का जिक्र करते हुए लिखा कि एक कर्मचारी उन्हें महत्वपूर्ण मुलाकात की याद दिलाना भूल गया था। पहले भी उससे ऐसी गलती हो चुकी थी। इस पर इंदिरा गांधी ने उसे कमरे के कोने में खड़े रहने का आदेश दिया। एक अन्य अवसर पर उन्होंने कुर्ता-धोती पहने एक व्यक्ति को कमरे के कोने में दीवार की तरफ मुंह करके खड़े देखा। वह करीब आधे घंटे बाद लौटीं तो भी वह उसी स्थिति में खड़ा था। बाद में उन्हें पता चला कि वह कांग्रेस का कोई वरिष्ठ नेता था, जिसे इंदिरा गांधी ने सजा दी थी।

उन्होंने लिखा कि संसद में विपक्ष के साथ तीखी बहस होने के बाद इंदिरा गांधी कभी-कभी भोजन के दौरान भी नाराज हो जाती थीं। एक बार उन्होंने गुस्से में अपनी थाली खाने की मेज के दूसरे छोर की ओर खिसका दी थी। ऐसे मौकों पर सोनिया घबरा जाती थीं। राजीव और संजय गांधी चुपचाप स्थिति सामान्य होने का इंतजार करते थे। राजीव उन्हें समझाते थे कि डरने की जरूरत नहीं, मां थोड़ी देर में शांत हो जाएंगी।

हालांकि, सोनिया के अनुसार गुस्सा शांत होने के बाद इंदिरा गांधी को अपने व्यवहार पर पछतावा भी होता था और वह अपने तरीके से संबंधित व्यक्ति के सामने अफसोस जताती थीं। लेकिन यदि कोई सहयोगी उनका भरोसा तोड़ता था तो वह उसे दोबारा मौका नहीं देती थीं।



राहुल से पहले हुआ था बेटे का जन्म, कुछ घंटों में मौत

आत्मकथा में सोनिया गांधी ने अपने जीवन की सबसे दर्दनाक घटना का भी खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के जन्म से करीब डेढ़ साल पहले जनवरी 1969 में उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया था, लेकिन जन्म के कुछ घंटों बाद ही उसकी मौत हो गई। सोनिया के अनुसार गर्भवती होने की खबर से पूरे गांधी परिवार में खुशी थी। इंदिरा गांधी ने भी उन्हें गले लगाकर बधाई दी थी। 18 जनवरी 1969 को समय से करीब दो महीने पहले प्रसव हुआ। नवजात को इनक्यूबेटर में रखा गया। सोनिया ने लिखा कि उन्होंने बच्चे के रोने की पहली आवाज सुनी थी। राजीव उन्हें बच्चे को दिखाने ले गए। घने काले बालों और लंबी पतली उंगलियों वाले उस बच्चे को देखकर दोनों उससे बेहद प्यार करने लगे थे। लेकिन वह कुछ ही घंटे जीवित रह सका।

बच्चे की मौत की खबर से राजीव और सोनिया गहरे सदमे में चले गए। हमेशा संयमित रहने वाले राजीव भी फूट-फूटकर रोने लगे। उस समय दौरे पर गईं इंदिरा गांधी कार्यक्रम बीच में छोड़कर अस्पताल पहुंचीं और दोनों को गले लगाया।

बच्चे के अंतिम संस्कार को लेकर भी परिवार के सामने मुश्किल आई। सोनिया नवजात के शव को नदी में प्रवाहित करने के विचार से सहम गई थीं। आखिरकार दक्षिण दिल्ली के महरौली स्थित फिरोज गांधी के फार्म पर गुलाबी बोगनवेलिया की झाड़ी के नीचे राजीव और संजय गांधी ने बच्चे को दफनाया। सोनिया ने लिखा कि लंबे समय तक परिवार उस स्थान पर फूल रखता रहा। इस घटना के बाद वह कई महीनों तक दुख और आत्मग्लानि में रहीं। इसी दौरान एक पत्रिका में बच्चे की वैधता पर सवाल उठाने वाले लेख ने उन्हें और आहत किया। बाद में 19 जून 1970 को राहुल गांधी का जन्म हुआ।

भाजपा का हमला, कहा- किताब का नाम व्हाइटवॉशिंग होना चाहिए

सोनिया गांधी की आत्मकथा सामने आने के बाद भाजपा ने उन पर निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ता सीआर केशवन ने सोशल मीडिया पर कहा कि पुस्तक का नाम बिलॉन्गिंग की जगह व्हाइटवॉशिंग होना चाहिए था। उनके आरोप के अनुसार इसमें नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस की ऐतिहासिक गलतियों पर पर्दा डालने की कोशिश की गई है।

केशवन ने 1984 के सिख विरोधी दंगों, बाबरी मस्जिद विध्वंस, बाटला हाउस मुठभेड़, 26/11 मुंबई आतंकी हमले और आपातकाल को लेकर सोनिया गांधी के रुख पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि 1984 के दंगों के पीड़ितों और शहीद जवानों के प्रति कांग्रेस नेतृत्व की संवेदनाएं कहां थीं। उन्होंने 2004 में यूपीए सरकार बनने के समय प्रधानमंत्री पद को लेकर हुए घटनाक्रम पर भी सवाल उठाए।

जदयू सांसद संजय कुमार झा ने भी सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री पद ठुकराने के दावे पर सवाल उठाया। वहीं भाजपा सांसद राहुल सिन्हा और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भी इस मुद्दे पर टिप्पणी की। इस तरह सोनिया गांधी की आत्मकथा के प्रकाशन के साथ ही निजी संस्मरणों के अलावा कई पुराने राजनीतिक विवाद भी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं।

दुर्भावनापूर्ण; पर्दे के पीछे से सरकार चलाने के आरोपों को सिरे से नकारा

सोनिया गांधी ने यूपीए सरकार के दौरान उन आरोपों को भी खारिज किया है, जिनमें उन्हें पर्दे के पीछे से सरकार चलाने वाला बताया जाता था। उन्होंने स्पष्ट किया कि डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे और सरकार की जिम्मेदारी उन्हीं के पास थी, जबकि कांग्रेस संगठन की जिम्मेदारी वह संभालती थीं। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री को सलाह देना या उनसे असहमति जताना पार्टी अध्यक्ष के रूप में उनका अधिकार था, लेकिन अंतिम निर्णय का सम्मान करना भी उनकी जिम्मेदारी थी। उन्होंने पीएमओ की फाइलें मंगाने और प्रशासनिक नियुक्तियों में दखल देने के आरोपों को झूठा बताया। पूर्व प्रधानमंत्री के सहयोगी संजय बारू की पुस्तक में किए गए दावों को भी उन्होंने दुर्भावनापूर्ण बताया। सोनिया के अनुसार पीएमओ ने भी स्पष्ट किया था कि उन्हें कभी सरकारी फाइलें नहीं दिखाई गईं।

साड़ियों और पुरानी तस्वीरों को सहेजने का था शौक

सोनिया ने इंदिरा गांधी के घरेलू जीवन के बारे में भी लिखा है। उनके अनुसार इंदिरा गांधी को घर के छोटे-छोटे काम करने से सुकून मिलता था। वह पुरानी तस्वीरों को तारीख के अनुसार व्यवस्थित करती थीं। अपनी साड़ियों को भी संभालकर रखती थीं और उन पर पर्चियां लगाती थीं, ताकि जरूरत पड़ने पर आसानी से निकाला जा सके। जो साड़ियां कम पहनी गई थीं और अच्छी स्थिति में थीं, उन्हें रिश्तेदारों को देने के लिए अलग-अलग गट्ठरों में रखती थीं। उन्होंने अपनी मां की पुरानी साड़ियां और कश्मीरी शॉल भी संभालकर रखी थीं।

सोनिया ने बताया कि दादी बनने के बाद इंदिरा गांधी के जीवन में तनाव के क्षण कम होने लगे थे। पोते-पोतियों की मुस्कान और उनकी मासूम बातें उनका गुस्सा तुरंत शांत कर देती थीं।

पछतावा; राजीव गांधी ने विदेश सचिव को हटाया

सोनिया गांधी ने राजीव गांधी के प्रधानमंत्री कार्यकाल की 1987 की एक घटना का भी जिक्र किया है। उस समय एपी वेंकटेश्वरन विदेश सचिव थे। पाकिस्तान दौरे के दौरान प्रोटोकॉल से जुड़े विवाद पर एक पाकिस्तानी पत्रकार ने राजीव गांधी से सवाल किया। इस पर प्रधानमंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ही वेंकटेश्वरन की मौजूदगी में कहा कि पत्रकार जल्द ही नए विदेश सचिव से बात करेंगे। इस सार्वजनिक टिप्पणी से आहत वेंकटेश्वरन ने तुरंत इस्तीफा दे दिया। सोनिया के मुताबिक इस घटना के बाद राजीव गांधी को अपनी गलती का अहसास हुआ। उन्होंने निजी बातचीत में स्वीकार किया कि उनसे बड़ी भूल हो गई और उन्हें उस समय ऐसा नहीं कहना चाहिए था। इस घटना के बाद राजीव गांधी की काफी आलोचना हुई थी।

2004 में मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने की वजह बताई

सोनिया गांधी ने 2004 में यूपीए की जीत के बाद प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करने और डॉ. मनमोहन सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपने के फैसले पर भी विस्तार से लिखा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री पद से दूरी बनाने का निर्णय लेने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह था कि देश की कमान किसे सौंपी जाए। सोनिया के अनुसार पार्टी में कई वरिष्ठ और अनुभवी नेता इस पद के योग्य थे, लेकिन डॉ. मनमोहन सिंह की ईमानदारी, बेदाग छवि और शासन व्यवस्था की गहरी समझ पर उन्हें पूरा भरोसा था। वह एक अनुभवी अर्थशास्त्री थे और पीवी नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री रहते हुए देश में आर्थिक सुधारों की शुरूआत कर चुके थे।

उन्होंने यह भी लिखा कि मनमोहन सिंह कांग्रेस के किसी विशेष गुट से जुड़े नहीं थे। उनके प्रधानमंत्री बनने से यूपीए सरकार की आर्थिक नीतियों और शासन क्षमता को लेकर उठ रही आशंकाओं को दूर करने में मदद मिल सकती थी। सोनिया को विश्वास था कि देश उनके हाथों में सुरक्षित रहेगा।

प्रणब मुखर्जी ने जताई थी प्रधानमंत्री बनने की इच्छा

सोनिया गांधी ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की राजनीतिक महत्वाकांक्षा का भी जिक्र किया है। उन्होंने लिखा कि यूपीए सरकार के दौरान पार्टी और सरकार के बीच तालमेल बनाए रखने के लिए हर सप्ताह प्रधानमंत्री के साथ कोर ग्रुप की बैठक होती थी। इसमें प्रणब मुखर्जी, अर्जुन सिंह, ए.के. एंटनी और अहमद पटेल शामिल थे। सोनिया के अनुसार तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदंबरम के साथ प्रणब मुखर्जी के गंभीर मतभेद थे। इसी दौरान 2010 में एक बातचीत में प्रणब मुखर्जी ने अचानक कहा कि शायद अब शीर्ष नेतृत्व में बदलाव का समय आ गया है। सोनिया ने इसे प्रधानमंत्री बनने की उनकी पुरानी इच्छा के संकेत के रूप में समझा। वह इस बात से हैरान रह गईं और उन्होंने शालीनता से बातचीत का रुख बदल दिया। हालांकि, प्रणब मुखर्जी ने बाद में कभी इस बात की नाराजगी जाहिर नहीं की। वर्ष 2012 में कांग्रेस ने उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया और वह देश के राष्ट्रपति बने।

स्वरों के सरताज - हमारी हिन्दी फिल्मों के गायक



बहुमुखी प्रतिभाशाली उजार्वान व अद्वितीय पार्श्व गायक किशोर कुमार के पास हर तरह के जज्बात को बयां करने की अद्भुत क्षमता थी । उन्हें आवाज में खास तरह की यूडलिंग के लिए जाना जाता है । अपनी प्राकृतिक व खुली आवाज के दम पर उन्होंने कठिनतम गाने गाये है । फिल्म ज़िद्दी - 1948 के गाने 'मरने की दुआएँ क्यों माँगूँ' उनका पहला हिट गाना था । उल्लेखनीय गीतों में - 'एक लड़की भीगी भागी सी' - 'चलती का नाम गाड़ी', - 'कोई हमदम ना रहा' - झुमरू, 'मेरे सपनों की रानी' - आराधना, 'गाता रहे मेरा दिल' - गाइड, 'ये शाम मस्तानी' - कटी पतंग, 'चिंगारी कोई भड़के' - अमर प्रेम, 'ज़िंदगी का सफर' - सफर, 'ओ मेरे दिल के चैन' - मेरे जीवन साथी, 'ओ साथी रे' - मुकद्दर का सिकंदर, 'मेरे महबूब कयामत होगी' - मिस्टर एक्स इन बांबे, 'खइके पान बनारस वाला' - डॉन आदि सम्मिलित है । महेन्द्र कपूर देशभक्ति रोमांटिक व भावुक गीतों के लिए जाने जाते हैं। गहराई व गूंज वाली उनकी आवाज सबसे मजबूत व ओजस्वी मानी जाती है। फिल्म नवरंग - 1959 के गाने 'आधा है चन्द्रमा रात आधी' से आपकी पहचान बनी । आपके विशेष गीतों में शामिल है - 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जाएँ हम दोनों- गुमराह', 'मेरा रंग दे बसंती चोला' - शहीद, 'मेरे देश की धरती सोना उगले' - उपकार व - 'नीले गगन के तले', 'किसी पत्थर की मूरत से', 'ना मुँह छुपा के जीयो', 'तुम अगर साथ देने का वादा करो' - हमराज, ' है प्रीत जहाँ की रीत सदा' - पूरब पश्चिम, 'लाखों है यहाँ दिल वाले' - किस्मत, 'छोड़ कर तेरे प्यार का दामन' - वो कौन थी, आदि ।



शक्ति प्रकाश माथुर
मो. 8094556808

कवि प्रदीप पारम्परिक या शास्त्रीय गायक न हो कर मूल रूप से गीतकार थे । 'ए मेरे वतन के लोगों' जैसा शाश्वत गीत रचने वाले कवि प्रदीप ने ओजस्वी व भावुक आवाज में गीत भी गाये थे । उन्होंने सार्थक सन्देश परक, दार्शनिक, उपदेशात्मक भक्ति व राष्ट्रीय गीत गाये है। उनके गीतों में - 'कितना बदल गया इंसान'-नास्तिक, 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाएँ झाँकी हिंदुस्तान की' - जागृति, 'तेरे द्वार खड़ा भगवान' - वामन अवतार, 'पिंजरे के पंछी रे' - नागमणी, 'दूसरों का दुखड़ा दूर करने वाले' - दशहरा आदि अनमोल गीत सम्मिलित हैं। एस डी बातिश, बलवीर व जोगेंद्र सिंह ने 'ना तो कारवां की तलाश है' - बरसात की रात, 'ये देश है वीर जवानों का' - नया दौर व 'यारा दिलदारा मेरा दिल करदा' - आदमी और इंसान आदि व अन्य अनेक गानों में अपनी उत्तम गायकी का प्रदर्शन किया है ।

अनेक संगीतकारों गीतकारों ने भी फिल्मों में गाने गाये है। सी रामचन्द्र ने चितलकर के नाम से अलबेला फिल्म के गीत - 'शाम ढले खिड़की तले', 'शोला जो भड़के' आदि गाने गाये। अन्य गीत है - 'कितना हँसीं है मौसम' - आजाद, 'मेरे पिया गये रंगून' - पतंगा, 'आना मेरी जान संडे के संडे' - शहनाई । अनिल विश्वास - 'दूर हटो ए दुनिया वालो' - किस्मत, 'कुछ भी नहीं भरोसा' - धर्म की देवी । दिलीप ढोलकिया ने लाज फिल्म का गाना - 'दुख की इस नगरी में' गाया ।

अन्य संगीतकारों के गाये प्रसिद्ध गाने इस प्रकार है - एस डी बर्मन - 'सुन मेरे बंधुरे' - सुजाता, 'ओ मेरे माँझी' - बंदिनी, 'वहाँ कौन है तेरा' - गाइड, 'डोली में बिठाई के कहार' - अमर प्रेम । चित्रगुप्त - 'ये चाँद तारे हमें बेकरार करते है' - टाइग्रेस, 'मेरा नाम है रमजानी' - अलादीन और जादुई चिराग । लक्ष्मीकांत - 'गोरे नहीं हम काले सही' - देशप्रेमी । आर डी बर्मन । 'दुनिया में लोगों को' - अपना देश, 'महबूबा महबूबा' - शोले, 'यम्मा यम्मा' - शान । रवि - 'किस्मत के खेल निराले मेरे भैया' - एक फूल दो माली । हृदयनाथ मंगेशकर - 'जा जा रे' - लेकिन, 'छाया जागी' - माया मेम साब । रवीन्द्र जैन - 'अचरा में फुलवा लेके' - दुल्हन वही जो पिया मन भाए, 'जाते हुए यह पल छिन' - अंखियों के झरोखों से । अनु मलिक - 'ये काली काली आँखें' - बाजीगर, 'जानम समझा करो' - जानम समझा करो । भप्पी लहरी - 'याद आ रहा है तेरा प्यार' - डिस्को डांसर, 'ऊ ला ला' - डर्टी पिक्चर । ए आर रहमान - 'दिल से रे' । - दिल से, 'तेरे बिना' - गुरु, 'ख़्वाजा मेरे ख़्वाजा' - जोधा अकबर। हिमेश रेशमिया - 'आशिक बनाया'-आशिक बनाया आपने, 'झलक दिखला जा'- अक्सर, 'तेरा सुरूर' - आपका सुरूर। शंकर महादेवन -'मितवा'-कभी अलविदा ना कहना, 'कजरारे कजरारे' - बंटी और बबली, 'सजदा' - माय नेम इज खान, 'बुमरो बुमरो' - मिशन कश्मीर । अमित त्रिवेदी-'नमो नमो जी शंकरा' - केदारनाथ, 'माँजा' - काई पो छे । विशाल ददलानी, 'शीला की जवानी' - तीस मार खान, 'मल्हारी' - बाजीराव मस्तानी, 'बेबी को बेस पसंद है' - सुल्तान ।

विशाल भारद्वाज - 'खाम खा' - मटरू की बिजली का मन डोला, 'डार्लिंग' - सात खून माफ। आनंद राज आनंद - 'होंठ रसीले' - वेलकम, 'बिलो रानी' - धना धन गोल, 'दिल दे दिया है' - मस्ती । शेखर रवजियानी - 'क्यूँ आगे पीछे डोलते हो भँवरों की तरह' - गेलमाल, 'तुझे भुला दिया' - अंजाना अंजानी । आनंद बख़्शी - 'बागों में बहार आई' - मोम की गुड़िया, 'जगत मुसाफिर खाना' - बालिका वधू ।

अनेक नामी कव्वालों ने भी हिंदी फिल्मों को कव्वालियाँ पेश करके धन्य किया है । इस्माइल आजाद द्वारा पेश अल हिलाल फिल्म की बेहतरीन कव्वाली 'हमें तो लूट लिया मिल के हुस्न वालों ने' श्रोताओं का दिल ही लूट लिया था । बंदे हसन ने बरसात की रात में 'निगाहें नाज के मारों' व 'जी चाहता है चूमलूं' कव्वालियाँ गाई थी । रघुनाथ जाधव ने 'मरना भी मोहब्बत में' कव्वाली आजाद फिल्म में गाई। जानी बाबू कव्वाल ने रोटी कपड़ और मकान में 'महँगा मार गई' गाई थी । पुतली बाई फिल्म में। युसुफ आजाद ने 'कैसे बेशर्म आशिक है' व नूर ए इलाही में 'बड़ा लुत्फ था' कव्वाली गाई । वारसी ब्रदर्स ने गरम हवा मूवी में - 'मौला सलीम चिश्ती, तथा अजीज नाजां ने फाइव राइफल्स मे 'झूम बराकर झूम शराबी गा कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया था । साबरी ब्रदर्स ने सिर्फ. तुम फिल्म में - 'एक मुलाकात जरूरी है' ; अल्ताफ राजा ने शपथ में ' इश्क और प्यार का मजा लीजिए' तथा कादर गुलाम मुस्तफा ने फिजा मूवी में 'पीया हाजी अली' कव्वालियाँ गाई थी। **(क्रमशः)**

चूरू के बाजारों में रही दीपावली की धूम



सीमा सन्देश # चूरू

दीपावली के पावन पर्व पर चूरू शहर के बाजारों में उत्सव और उल्लास का माहौल रहा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ एवं विधायक हरलाल सहरण ने मोजासिया चौक से राम-श्याम कार्यक्रम की शुरूआत कर गढ़ चौराहा, सफेद घंटाघर और सुभाष चौक तक पहुंचकर व्यापारियों, दुकानदारों और आमजन को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दोनों नेताओं का आत्मीय स्वागत हुआ। राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है, जो आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश देती है। विधायक हरलाल सहरण ने इसे सामाजिक एकता और सद्भाव का पर्व बताया। नगर परिषद सभापति विनय गोयनका ने कहा कि यह पर्व जीवन में सकारात्मकता का संचार करता है।

यात्रा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, वासुदेव चावला, मोहनलाल गढ़वाल, उपसभापति ओमप्रकाश इन्दौरिया, भास्कर शर्मा, सुरेश सारस्वत, दयाल सिंह, निरंजन सिंह, नंदू मोजासिया, दीनदयाल सैनी, राजेश रक्षक, मदन गोपाल बालाण, सुनील ढाका, अजुर्नी बुडानिया, रजत शर्मा, श्रीराम पिपलवा, बाबू पाटिल और आकाश सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे। बाजारों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और आत्मीय संवाद से रौनक बनी रही।

चूरू में तनवीर खान ने दी दीपावली की शुभकामनाएं



सीमा सन्देश # चूरू

शहर में दीपावली के पावन पर्व पर आपसी प्रेम और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। एआईसीसी सदस्य एवं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक तनवीर खान ने शहर के प्रमुख बाजारों का दौरा कर व्यापारियों और आमजन से राम-श्यामा की और दीपावली की शुभकामनाएं साझा कीं। इस दौरान सुभाष चौक, सफेद घंटाघर, गढ़ चौराहा और मोजासिया चौक पर व्यापारियों ने उनका साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। खान ने कहा कि दीपावली आपसी सद्भाव मजबूत करने का अवसर है। चूरू की गंगा-जमुनी तहजीब हमारी पहचान है। सभी वर्गों को मिलकर त्योहार मनाना चाहिए, जिससे समाज और देश मजबूत होता है। उन्होंने प्रदेश में अमन-चैन की कामना की।

सूरतगढ़: भाजपा नेताओं ने की दीपावली की रामा-श्यामा



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

शहर में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़ और पूर्व विधायक अशोक नागपाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने बाजारों में व्यापारियों व आमजन से दीपावली की रामा-श्यामा की। इस दौरान शहर में सुख-समृद्धि, शांति और आपसी भाईचारे की कामना की गई। प्रतिनिधियों ने पुराना बस स्टैंड, सुभाष चौक, महाराणा प्रताप चौक, भगत सिंह चौक, सोनी मार्केट और बीकानेर रोड के दुकानदारों से व्यक्तिगत मिलकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष गौरव बलाना, सुरेश मिश्रा, आरती शर्मा, मास्टर ओमप्रकाश कालवा, सुनील छाबड़ा, सुरेंद्र सिंह राठौड़, नवनीत मुंजाल, जितेंद्र सिंह राठौड़, नरेंद्र कालड़ा, कृष्ण छिंपा, गिरधारी नाथ, किशन स्वामी, जयमाला सैन, हरिराम स्वामी, संतोष गिरी, प्रेमप्रकाश सिंह राठौड़, विक्रम सिंह, राजेंद्र ताखर, चरणजीत सिंह टंडन, छवि मुंजाल, एडवोकेट श्रीकांत सारस्वत और विनोद सारस्वत समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जांगिड़ के घर पहुंच दीपावली की दी शुभकामनाएं



सीमा सन्देश # सादुलशहर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं सादुलशहर के पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड के निवास स्थान वार्ड नंबर तीन पर दीपावली की शुभकामनाएं देने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे। दीपावली की शुभकामनाएं दीं। वहीं जांगिड एवं उनके भाई संजय जांगिड ने सभी का मान-सम्मान, सत्कार किया। जांगिड ने कहा कि उनकी शुरू से दिली इच्छा रहती है कि क्षेत्र का ज्यादा से ज्यादा विकास कैसे करवाया जाए। इसी मंशा को लेकर कार्य करवाए। अब भी प्रयास है कि आमजन को ज्यादा से ज्यादा राहत मिले। इस दौरान निवृतमान प्रधान निशान सिंह संधू, पार्षद छिंद्रपाल चावला, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भवानी शंकर सोनी, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिखा राजपूत, पूर्व नायब तहसीलदार बृजमोहन बजाज, वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण अलीपुरा, एडवोकेट नरेश गर्ग आदि मौजूद थे।

16 नवंबर को होगा मतदान, सरपंच पद के प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों में समर्थकों के साथ जनसंपर्क में जुटे

पंचायती राज चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी सरगर्मी

सीमा सन्देश # अनूपगढ़



अनूपगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में आगामी 16 नवंबर को होने वाले ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सरपंच पद के लिए चुनाव मैदान में प्रत्याशी अपने-अपने स्तर पर मतदाताओं से संपर्क कर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। चुनाव को लेकर गांवों में सुबह से देर शाम तक प्रत्याशियों का जनसंपर्क अभियान जारी है। प्रत्याशी घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। वहीं कई प्रत्याशियों द्वारा समर्थकों के साथ रैलियां एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर अपनी ताकत का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। सरपंच पद के उम्मीदवार गांव के विकास, सड़क, नाली, पेयजल, सफाई, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों के बीच अपनी योजनाएं रख रहे हैं। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे गांवों में चुनावी माहौल गमार्ता जा रहा है। प्रत्याशियों के समर्थक भी अपने-अपने उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार में जुटे हुए हैं। ग्राम पंचायत बांडा कॉलोनी (एक एलएसएम), यहां चार बार सरपंच रह चुके देवेंद्र पाल सिंह राठौड़ पांचवीं बार फिर मैदान में हैं। इसी तरह नवसृजित ग्राम पंचायत चक 4ए के चुनाव मैदान में चार महिलाएं अपना भाग्य आजमा रही है। ग्राम पंचायत 74जी बी से बलकार सिंह रंधावा, जगतार सिंह रंधावा, राजेश कुमार ओड़, हरजिंदर सिंह संधू सरपंच पद के लिए जोड़-तोड़ कर रहे हैं। ग्राम पंचायत 61 जी बी से लखविंदर सिंह गिल चुनाव मैदान में है।

रत्तेवाला में सरपंच चुनाव गर्माया : नशे के अवैध कारोबार और विकास के मुद्दों को लेकर ग्रामीणों में रोष

सीमा सन्देश#रत्तेवाला

गाँव में सरपंच पद के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है और मैदान में आधा दर्जन से अधिक दावेदार अपनी जीत के दावे के साथ प्रचार में जुटे हैं। इस बीच, ग्राम पंचायत रत्तेवाला की जनता ने इस बार विकास और जनहित के बुनियादी मुद्दों को चुनाव के केंद्र में ला खड़ा किया है। ग्रामीणों ने विशेष रूप से गाँव में बढ़ रहे नशे के कारोबार, पेयजल समस्या और सुरक्षा को लेकर सभी सरपंच उम्मीदवारों के सामने तीखे सवाल खड़े किए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गाँव की मुख्य नहर और बस स्टैंड के आसपास नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। आरोप है कि नहर के पास चिट्टा, नशीले कैप्सूल और अन्य प्रतिबंधित पदार्थों की खुलेआम बिक्री हो रही है। इसके अलावा, बस स्टैंड के पास अवैध रूप से शराब का ठेका संचालित होने, देर रात तक पर्ची सट्टा लिखने और जुआ खेलने जैसी गतिविधियों की गंभीर शिकायतें भी सामने आ रही हैं। ये अवैध गतिविध लंबे समय से चल रही हैं, तो अब तक इनके खिलाफ किसी ने आवाज क्यों नहीं उठाई? चुनाव नजदीक आने पर ही इन समस्याओं पर चर्चा क्यों हो रही है? क्या युवा पीढ़ी और बहन-बेटियों की सुरक्षा पहले प्राथमिकता नहीं थी?

विकास और सुरक्षा सबसे बड़ा पैमाना: ग्रामीण गुरबचन सिंह मेघवाल का कहना है कि हमे उस सरपंच का चयन करना चाहिए जो गाँव में अवैध धंधों पर पूरी तरह रोक लगाए, साफ-सुथरे पेयजल की व्यवस्था करे और विद्यालय में पूरा स्टाफ सुनिश्चित करे। भीमसेन चौहान ने बताया कि सरपंची के लिए खड़े उम्मीदवारों को गाँव की सभी समस्याओं का ज्ञान है। आज गाँव में नशा फैल रहा है और कभी-कभी पेयजल से बदबू आती है, जिसका समाधान तुरंत होना चाहिए। सेवानिवृत अध्यापक बनवारीलाल के अनुसार अपना कीमती वोट उस उम्मीदवार को दें जो एक आवाज पर लोगों के बीच मौजूद रहे, समस्याओं का समाधान करे, अवैध धंधों पर लगाम कसे और गाँव का वास्तविक विकास करे। रमन सिंधी के अनुसार बस स्टैंड पर अवैध रूप से चल रहे शराब के ठेके को तुरंत हटाया जाना चाहिए ताकि शाम के समय वहाँ लगने वाले जमघट और उससे होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके। ग्रामिणों ने गाँव के मतदाताओं ने अपील की है कि वे किसी के बहकावे में न आएं, अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य और रत्तेवाला पंचायत के सही विकास को ध्यान में रखते हुए ही अपने मत का प्रयोग करें।

पूर्व विधायक बलवीर सिंह लूथरा के निवास पर पहुंचे नवनिर्वाचित सरपंच



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर

पंचायत समिति चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने पूर्व विधायक बलवीर सिंह लूथरा के निवास पर पहुंचकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा चुनाव में मिली सफलता पर शुभकामना देते हुए एक-दूसरे से खुशी साझा की। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में नवनिर्वाचित सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर 12 जीबी की नवनिर्वाचित सरपंच सिदक कौर, 20 जीबी की सरपंच सीता देवी, 41 जीबी के सरपंच राजवीर सिंह निजर, भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष मनदीप सिंह थिंद, सतविंदर सिंह 14 जीबी, दिलबाग सिंह, गुरविंदर सिंह 38 जीबी, भगवंत सिंह, बलकार सिंह खरा, मलकीत सिंह खख, सरदूल सिंह, नरेंद्र सिंह चंदी, कृष्ण मंडा 12 जीबी, जवाहर बिश्नोई, पूर्व डायरेक्टर गुरदीप सिंह खख, राजविंदर सिंह, राजन खख, अमरजीत रंधावा, बाबा हरदीप सिंह, पूर्व सरपंच, पूर्व सरपंच डॉ हरदेव सिंह,परमजीत सिंह, सरपंच प्रतिनिधि उत्तमाराम एवं गुरदीप सिंह गिल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दीपावली पर्व की खुशियां साझा करते हुए क्षेत्र के विकास, आपसी भाईचारे और जनहित के कार्यों को लेकर चर्चा हुई। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने चुनाव में मिली सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। पूर्व विधायक बलवीर सिंह लूथरा ने सभी नवनिर्वाचित सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

रतनगढ़ : मकान में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला

सीमा सन्देश # रतनगढ़। शहर के वार्ड 38 में सोमवार देर रात एक मकान में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसे में नमकीन व्यवसायी रामअवतार का पूरा स्टॉक, टेंपो और घरेलू सामान जलकर राख हो गया, जिससे 3 से 4 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। गनीमत रही कि समय रहते परिवार सुरक्षित बाहर निकल आया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। रामअवतार ने हाल ही में नमकीन, चिप्स और कुरकुरे का स्टॉक मंगवाया था। रात करीब एक बजे अचानक उठी लपटें देखकर उन्होंने परिवार को बाहर निकाला और शोर मचाया। मोहल्लेवासियों ने तत्परता दिखाते हुए धर्मशाला के ट्यूबवेल से पानी की व्यवस्था की और दमकल के पहुंचने से पहले ही आग पर काफी हद तक काबू पा लिया। पीड़ित ने पुलिस पर कॉल रिसीव न करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से आर्थिक सहायता और उचित मुआवजे की मांग की है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

पदमपुर : आगजनी की घटना से लाखों का हुआ नुकसान

सीमा सन्देश# पदमपुर। दीपावली के दिन अग्रवाल आयरन स्टोर में पटाखों के कारण आगजनी की घटना से लाखों रुपए का नुकसान हो गया। आगजनी की सूचना पर पहुंची अग्निशमन की दो गाड़ियों व पानी के टैंकरो की मदद से आग पर काबू पाया गया। दीपावली के दिन रात्रि देर रात तक पटाखे की गूंज सुनाई देती रही। पटाखे बजाने वालों ने बेपरवाह होकर नियम कायदों की धज्जियां उड़ाने पर कोई कसर नहीं छोड़ी। रात्रि करीब 11 बजे अग्रवाल आयरन स्टोर पर आतिशबाजी व पटाखों से निकलने वाली चिंगारियों से वहां पड़ी प्लास्टिक की पाइपों व अन्य प्लास्टिक के समान में अग लग गई जो देखते देखते आग की दूर - दूर तक फैल गई।



आस-पास के लोगों को जब इसकी भनक लगी उन्होने दुकान मालिक रमेश जिंदल को सूचना दी। इसके बाद नगरपालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग व कल्पतरू पावर लिमिटेड 27 बीबी के प्रयासों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के अलावा पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक प्लास्टिक की पाइपों के साथ अन्य सामान जल गया। आगजनी से लाखो रुपए का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा बाजार में दीपावली पर होने वाली भीड़ के चलते बिगडी ट्रैफिक व्यवस्था के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूरतगढ़: चरवाहे ने फांसी लगा की आत्महत्या

सूरतगढ़। किशनपुरा बोदिया डेरे के पास खेत में युवा चरवाहे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से कुछ देर पहले युवक ने अपने भाई को वीडियो भेजकर कुछ लोगों पर प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। घटना के बाद मृतक के भाई ने पांच नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए सिटी थाना में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार गांव ऐटा निवासी शेराराम ने रिपोर्ट में बताया कि किशनपुरा बोदिया डेरे में भेड़-बकरियां चराने का काम करने वाले उसके भाई कालूराम (38) का 8 नवंबर की सुबह करीब 7:40 बजे उसके मोबाइल पर वीडियो आया। वीडियो में कालूराम ने सादूल भादू, रामचंद्र धोलिया, राकेश, गोरू, कृष्ण कोटवाल सहित अन्य लोगों पर चोरी का आरोप लगाकर प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकियां देने की बात कही थी। उसने अपनी जान को खतरा बताते हुए परेशानी भी जाहिर की थी। परिवादी के अनुसार वीडियो देखने के बाद वह भाई के पास जाने की तैयारी कर रहा था। सुबह करीब 8 बजे सादूल भादू का फोन आया कि कालूराम ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलने पर वह गांव पहुंचा तो भाई का शव फंदे पर लटका मिला। परिवादी ने आरोप लगाया कि आरोपितों की कथित प्रताड़ना व धमकियों से परेशान होकर उसके भाई ने आत्महत्या की है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक विजेंद्र शर्मा को सौंपी है।

सादुलपुर थाने के बाहर तनाव : सरपंच प्रत्याशी प्रमोद पूनिया गिरफ्तार

सीमा सन्देश # सादुलपुर। मारपीट के एक पुराने मामले में दादरेवा गांव के सरपंच पद के संभावित प्रत्याशी प्रमोद पूनिया की गिरफ्तारी के बाद सोमवार शाम सादुलपुर थाने के बाहर तनावपूर्ण माहौल बन गया। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही सैंकड़ों ग्रामीण थाने के बाहर एकत्रित हो गए और प्रमोद पूनिया की रिहाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। स्थिति को देखते हुए थाने के बाहर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर चूरू सांसद राहुल कस्वां और तारानगर विधायक नरेंद्र बुड़ानिया थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से बातचीत की। सांसद कस्वां ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए राजनीतिक दबाव के तहत कार्रवाई का आरोप लगाया और निष्पक्षता की मांग की। देर रात तक चली लंबी वार्ता के बाद मंगलवार सुबह प्रमोद पूनिया को न्यायालय में पेश करने पर सहमति बनी, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में चार आरोपी नामजद थे, जिनमें से तीन की गिरफ्तारी पहले हो चुकी थी और चौथे आरोपी के रूप में प्रमोद पूनिया को सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। इस घटनाक्रम से थाने के बाहर देर रात तक गहमागहमी बनी रही।

सरदारशहर में जुए पर बड़ी कार्रवाई

सीमा सन्देश # सरदारशहर। पुलिस ने त्योहार के दौरान अवैध जुआ और सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तोलाराम पारीक के मकान पर दबिश देकर ह्यझंडी-मंडीह्व का खेल खेल रहे आठ लोगों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी धीरेंद्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में 9 नवंबर को मिली मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। उपनिरीक्षक ओमप्रकाश यादव की टीम ने मौके से रमेश, रामगोपाल, संतोष कुमार, जितेंद्र माली, कमल, पंकज, राजकुमार और नरेश को दबोचा। आरोपियों के कब्जे से 85,180 रुपए नकद, झण्डी मण्डी का चित्रयुक्त पोस्टर, चमड़े की डोली और छह गोटियां जब्त की गईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गजसिंहपुर : श्रद्धा और उल्लास से मनाया दीपोत्सव

गजसिंहपुर। कस्बे में धनतेरस से लेकर गोवर्धन पूजा तक पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। धनतेरस पर बाजारों में रौनक रही, वहीं दीपावली पर घरों एवं प्रतिष्ठानों को दीपों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। लोगों ने मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द का माहौल बना रहा। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा तथा बाजारों और प्रमुख स्थानों पर सतर्कता बरती गई। पुलिस की सक्रियता के चलते दीपोत्सव का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

कीकरवाली। इलाके के गांवों में दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घरों की मुंडेर पर दीपक माला एवं रंगीन विद्युत लड़ियों से सजाया गया। घर-घर मीठे पकवान बनाए गए। धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर घर परिवार में सुख संपत्ति की मन्नत मांगी गई। बच्चों ने फुलझड़ी, अनार, पटाखे चलाकर खुशी मनाई गई। सोमवार को दिनभर स्नेह मिलन एवं राम-राम का सिलसिला चला।

जसपाल सिंह छिन्जर ने शक्ति प्रदर्शन कर निकाला वाहन जुलूस, मिला समर्थन



सीमा सन्देश # रायसिंहनगर

ग्राम पंचायत लिखमेवाला से सरपंच पद के प्रत्याशी जसपाल सिंह छिन्जर (पुत्र प्रताप सिंह छिन्जर) के समर्थन में आज गांवों में सैकड़ों समर्थकों व वाहनों के काफिले के साथ जनसंपर्क रैली निकाली गई। पंचायत के सर्वांगीण विकास का वादा करते हुए प्रत्याशी जसपाल सिंह ने ग्रामीणों से आशीर्वाद मांगा। इस क्रम में उन्होंने गांव 23 पीएस (तीनों), 25, 26 पीएस , लिख्मेवाला आदि गांवों में पहुंचे। जहां जगह-जगह फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ एवं महामंत्री बागड़ी से मिले मनोज रुखाया



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद मनोज रुखाया ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं प्रदेश महामंत्री श्रवण बागड़ी से मुलाकात की। उन्होंने दोनों वरिष्ठ नेताओं को दीपावली पर्व की शुभकामनाए देते हुए विभिन्न राजनीतिक एवं संगठनात्मक विषयों पर सकारात्मक चर्चा की। रुखाया ने बताया कि वरिष्ठ नेताओं का स्नेह एवं मार्गदर्शन संगठनात्मक कार्यों में सदैव प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने दोनों नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर संगठन की मजबूती सहित विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

केन्द्र एवं राज्य सरकार विकास के नाम पर फेल साबित हो रही है : जांगिड़



सीमा सन्देश # सादुलशहर

पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने पंचायत राज चुनाव में विकास के नाम पर कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए नुक्कड सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार दिशाहीन होने के साथ-साथ समाज के वर्गो में घृणा फैलाने वाले नफरत भरे कार्य कर रही है। विकास के नाम पर फेल साबित हो रही है। इससे छुटकारा पाने के लिए जिला परिषद, पंचायत समिति, डायरेक्टर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करें, ताकि ऐसी दिशाहीन सरकार को सबक मिले। कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री एडवोकेट कृष्ण अलीपुरा, कांग्रेस नेता पूर्व सरपंच कालूराम तालणियां, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिखा राजपूत आदि ने कहा कि पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने अपने कार्यकाल में सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य करवाए। यही नहीं बडे स्तर पर राजकीय सीनियर स्कूल क्रमोन्नत हुए। नए महाविद्यालय एवं सरकारी आईटीआई संस्थान भी स्थापित हुआ। सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल खुलवाए गए। सादुलशहर में डीटीओ कार्यालय, राजकीय उप जिला अस्पताल, एडीजे कोर्ट, ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचसी जैसे बडे कार्य भी हुए। विकास के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों को वोट दें। इन क्षेत्रों में हुई नुक्कड सभाएं: गांव नूरपुरा में पंचायत समिति जोन नंबर 17 की प्रत्याषी अजंता भादू, गांव हाकमाबाद में जोन नंबर 20 प्रत्याशी ओमप्रकाश बावरी, जिला परिषद के जोन नंबर 32 से संतोष नायक, चक नौ टीकेडब्ल्यू में पंस जोन नंबर सात से गीता देवी भोभरिया, जिला परिषद के जोन नंबर 29 से प्रत्याशी सुमन सत्यनारायण भाकर के पक्ष में नुक्कड सभाएं कर वोट मांगे।

दीपावली पर्व पर बाजार हुए गुलजार

बाजार में हुई मिष्ठान व पटाखों की रिकॉर्ड बिक्री



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

इस बार दीपावली पर्व पर बाजार में धनतेरस व दीपावली के दिनों में बाजार में खूब रौनक रही। भीड़ भी इतनी उमड़ी कि पुलिस को दिन भर नियंत्रण करना पड़ा। सीआई सीर कौर व पुलिस जवानों ने खूब मशक्कत से बाजार में व्यवस्था पर नियंत्रण बनाए रखा। नगरपालिका अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा व ईओ संदीप कुमार बिश्नोई द्वारा पूरे बाजार में आकर्षक सजावट करवाई गई। लोगों का बहुतायत आवागमन होने के कारण बाजार में जमकर खरीदारी हुई जिसमें विशेषकर मिष्ठान, पटाखों, रैडीमेड वस्त्रों , बर्तनों की रिकॉर्ड बिक्री हुई। मिष्ठान विक्रेताओं की तो दीपावली के दिन जबरदस्त बिक्री होने के कारण दोपहर तक ही मिष्ठान का स्टॉक समाप्त हो गया।

वर्ग पहली क्रमांक 7975



ò *बायें से दायें:-* 2) की बोरी, 12) सागर, 13) जयपराजयहीन, 7) एक- कपटहीन; सच्चा, 16) कृष्ण, राय, 8) दफा, 10) एक 17) कुल, 18) तंबूरा, 20) पीले रंग का फूल, 11) लक्ष्मी, 21) कर्कश; वृद्ध. वर्षा, 13) गन्ना, 14) (उत्तरः अगले अंक में) हानि, 15) नासमझ, 17) *पिछली पहेली का उत्तर* भौचक्का, 19) दोजख़, 21) बलपूर्वक, 22) सहायक, 23) रसयुक्त, 24) पूर्ण.

ó *ऊपर से नीचेः-* 1) प्रेमपूर्वक, 2) पात्र, 3) ताकत, 4) चाल-चलन, 5) स्वार्थ, 6) *रामायण*कालीन नककटी, 9) माल रखने

उ	ल्लेखा		भ	न	क		नामी				
	रों		र	ख	र	खा	व				
रा	ह	च	ल	ता			द		दू		
खा	ल		च		ख्या	ति	र	दा	री		
	का	य	र	ता		थि		य			
घू		था			ज्ञाती		भ	र	ना		
स	दे	व				श	य्या		ता		
खो		का	म	च	ला	ऊ		फि			
र	मे	श		क		र	से	दा	र		

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 11 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ -

1836 - चिली ने बोलीविया और पेरु के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1905 - द प्रिंस ऑफ वेल्स ने द प्रिंस ऑफ वेल्स संग्रहालय की नींव रखी थी।
1918 - पोलैंड ने खुद को स्वतंत्र देश घोषित किया।
1937 - अमेरिका के क्लिंटन डेविसन और इंग्लैंड के सर जी पी थॉमसन को भौतिकशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
1962 - कुवैत की नेशनल असेंबली ने संविधान को स्वीकार किया।
1966 - अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष यान 'जेमिनी-12' लांच किया।
1973 - पहली अंतरराष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी नयी दिल्ली में शुरू।
1975 - अंगोला को पुर्तगाल से आजादी मिली।
1978 - मॉमून अब्दुल गयूम मालदीव के राष्ट्रपति बने।
1982 - इजरायल के सैन्य मुख्यालय में गैस विस्फोट में 60 लोगों की मौत।
1985 - एड्स थीम पर आधारित पहली टीवी फि ल्म 'एन अर्ली फ्रोस्ट' अमेरिका में प्रदर्शित की गयी।
1989 - बर्लिन की दीवार गिराने की शुरूआत।
1995 - नाइजीरिया में मानवाधिकार कार्यकर्ता केन सारो वीवा तथा उनके 8 सहयोगियों को फांसी दिये जाने के कारण विश्व भर में नाइजीरिया की भर्त्सना।
2000 - ऑस्ट्रिया में सुरंग से गुजरती हुई ट्रेन में आग लगने से 180 लोगों की मृत्यु।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 12 नवंबर (एनएनएस) वीरवार कार्तिक सुदी तृतीया को मक्की, बाजरा, जौ, जई, काबुली चना, राजमा चित्रा, उड़द, तुवर, मूंग, मोठ, देशी चना, मल्का, मटर, ग्वार, ग्वारगम, चीनी, लौंग, राई, हल्दी, मखाना, पोस्तदाना, रीठा, अजवायन, कलौंजी, अमचूर, जायफल, जावित्री, धनिया, तिल, गुड़, पारा, सीसा, निकिल, कॉपर, सरसों, सोयाबीन, बिनौला एवं इनके तेल, अरंडी तेल, मोम, कॉपर, पीतल में लाभ तथा गेहूं, बासमती चावल, मसूर, अंजीर, दालचीनी, मगज तरबूज किशमिश, कपास, जीरा, कालीमिर्च, चिरौंजी, मैंथा ऑयल, टिटेनियम डाइऑक्साइड, सोडाएश, टिन, निकिल, में हानि हो सकती है। **भाग्यांक 2-4-5-9 है। यात्रा विचार- उत्तर दिशा की ओर 10.31 बजे पूर्वार्द्ध से पहले यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

11 नवम्बर बुधवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष द्वितीया, नक्षत्र-अनुराधा, योग-अतिगंड, करण-कौलव, दिशाशूल-उत्तर, सूर्योदय 6.47 बजे, सूर्यास्त 5.48

ग्रह स्थिति : चन्द्रमा-वृश्चिक, सूर्य-तुला, गुरु, केतु-सिंह, शुक्र-कन्या, बुध-तुला, राहु-कुंभ, शनि-मीन, मंगल-कर्क राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : ऊर्जा, उत्साह और आत्मविश्वास से भरा दिन रहेगा। मेहनत का पूरा फल मिलेगा और कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी।

वृषभ : आर्थिक मामलों में समझदारी से काम लें, करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे।

मिथुन : बातचीत और संवाद को बेहतर बनाने की जरूरत है, जल्दबाजी से बचें।

कर्क : सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी और नए कार्यों की शुरूआत के लिए समय उत्तम है।

सिंह : आर्थिक रूप से स्थिर रहने की कोशिश करें और दिखावे वाले खर्चों से बचें।

कन्या : मन थोड़ा विचलित या चिंतित रह सकता है, लेकिन आय के नए स्रोत सामने आ सकते हैं।

तुला : आपकी योजनाएं सफल होंगी और व्यापार या नौकरी में लाभ की स्थिति बनेगी।

वृश्चिक : रुका हुआ धन वापस मिल सकता है और रोजी-रोजगार में तरक्की के योग हैं।

धनु : शाम के समय से परिस्थितियों में सुधार देखने को मिलेगा, धैर्य बनाए रखें।

मकर : भाग्य का साथ मिलेगा और जीवनसाथी या पार्टनर का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभ : भावनाओं में बहकर कोई बड़ा फैसला न लें, शाम के वक्त थोड़ी सावधानी बरतें।

मीन : जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा तथा करियर एवं प्रेम संबंधों में सफलता के योग हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा स्काउट गाइड सेवा अभियान

भारत स्काउट गाइड सेवा सप्ताह आयोजन कल से

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार देश भर में 12 से 18 नवंबर तक स्काउट गाइड सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इन सात दिनों के राष्ट्रीय अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण, सदस्यता विस्तार, युवा नेतृत्व, संसाधन संग्रह, स्काउटिंग की गौरवशाली विरासत, सामुदायिक सेवा तथा आधुनिक जीवन कौशल एवं तकनीकी नवाचार से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्काउटिंग एवं गाइडिंग के मूल आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना, युवाओं में सेवा, अनुशासन ,उत्तरदायित्व और नेतृत्व की विकसित करना तथा समाज एवं राष्ट्र के प्रति उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। 12 नवंबर को पर्यावरण एवं सततता दिवस पर स्वच्छता अभियान, कचरा प्रबंधन, पुनर्चक्रण, प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्काउट एवं गाइड्स को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाते हुए सतत जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

13 नवंबर को सदस्यता अभियान दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर संगठन की सदस्यता बढ़ाने, ओवाईएमएस प्रबंधन प्रणाली के अभिलेखों की समीक्षा करने तथा आवश्यक रिकॉर्ड को अपडेट करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसका उद्देश्य संगठनात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ करना और अधिक युवाओं को स्काउटिंग आंदोलन से जोड़ना है। 14 नवंबर को सेवा संकल्प अभियान के तहत 'युवा सोच, नवीन समाधान' का आयोजन होगा। इसके तहत युवाओं के नेतृत्व में स्थानीय समस्याओं को पहचान उसके समाधान के लिए विचार विमर्श तथा रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। 15 नवंबर को धन संग्रह एवं आंदोलन सहयोग दिवस मनाया जाएगा। इसका विषय 'हर योगदान से आंदोलन मजबूत होता है' होगा। इस दिन स्काउट एवं गाइड स्वैच्छिक धन संग्रह तथा संगठन के सहयोग देने से संबंधित गतिविधियों में भाग लेंगे। 16 नवंबर को स्काउटिंग विरासत एवं स्थापना दिवस का आयोजन होगा। इस दिन की विषय वस्तु 'अपनी विरासत का उत्सव मनाएं अपने भविष्य को प्रेरित करें' होगा। इससे नई पीढ़ी को स्काउटिंग की परंपराओं उपलब्धियां और सेवा भावना से परिचित होने का अवसर मिलेगा।



प्रेम गम्भीर
रोवर लीडर,
राजस्थान ओपन
रोवर क्रू, श्रीगंगानगर

17 नवंबर को समुदाय सेवा एवं कल्याण दिवस मनाया जाएगा इसका विषय 'छोटे कार्य, बड़ा प्रभाव' होगा। इस अवसर पर स्वीकृत अस्पतालों, वृद्ध आश्रमों ,सामुदायिक केंद्रों और स्थानीय संस्थाओं का भ्रमण कर उनकी आवश्यकता को समझने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही स्वच्छता, पोषण ,स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य तथा स्वस्थ जीवन शैली से संबंधित जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा की भावना विकसित की जाएगी। 18 नवंबर को जीवन कौशल एवं नवाचार प्रदर्शनी दिवस के साथ सप्ताह का समापन होगा। इस दिन की विषय वस्तु 'आज सीखे ,कल नेतृत्व करें' होगी। इसके अंतर्गत आयु के अनुरूप डिजिटल साक्षरता,साइबर सुरक्षा ,कोडिंग, रोबोटिक तथा अन्य आधुनिक तकनीकी विषयों पर प्रदर्शनियां व गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। युवाओं के नेतृत्व में समीक्षा बैठक भी होगी जिसमें संभागी अपने अनुभव साझा करेंगे। रोवर लीडर प्रेम गम्भीर ने बताया कि स्काउट गाइड सप्ताह के अंतर्गत आयोजित सभी गतिविधियों का व्यवस्थित अभिलेख तैयार कर इसका प्रतिवेदन स्काउट और गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली को भेजे जाएंगे। सीओ स्काउट इन्द्राज सुथार ने कहा कि स्काउटिंग केवल एक संगठनात्मक गतिविधि नहीं है, बल्कि चरित्रनिर्माण, अनुशासन, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व , निस्वार्थ सेवा का जीवन उपयोगी आंदोलन है। सीओ गाइड मोनिका यादव के अनुसार इस सप्ताह के मानने से युवाओं में नई तकनीकी, नवाचार,क्षमता का विकास, पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित होगी।

शिल्प समागम मेले में 55 लाख रुपये से अधिक की बिक्री

नयी दिल्ली, (वार्ता) राष्ट्रीय राजधानी स्थित आईएनए के दिल्ली हाट में आयोजित शिल्प समागम मेला 2026 में पारंपरिक कलाकृत्रियों, हथकरघा उत्पादों और हस्तशिल्प ने लोगों को खूब लुभाया और 15 दिन तक चलने वाले इस आयोजन में पहले आठ दिन में ही 55.46 लाख रुपये से अधिक की बिक्री हो चुकी है। इस मेले का आयोजन केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इसमें सात विषयगत क्षेत्रों में 130 से अधिक स्टॉलों पर हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पादों, पारंपरिक वस्त्रों और स्वदेशी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

जगदम्बा प्लास्टर लाया सस्ती वाटरप्रूफिंग, सीलन से मिलेगा छुटकारा

रावतसर। दीपावली पर जगदम्बा प्लास्टर इंडस्ट्रीज (धन्नासर) एवं जय हनुमान इंडस्ट्रीज (बरमसर) के संचालक विजयराज जैन, अंकित जैन व प्रथम जैन ने क्षेत्रवासियों को सुख, समृद्धि और खुशहाली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। संस्थान द्वारा क्षेत्र में सबसे सस्ती और प्रभावी 'सीलोन' वाटरप्रूफिंग सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। संचालक ने बताया कि इस विशेष तकनीक से छत के रिसाव, दीवारों की सीलन, बाथरूम, पानी की टंकी, डिग्गी में लीकेज और डीपीसी कोट जैसी सभी समस्याओं से 100 प्रतिशत



छुटकारा मिलता है। कंपनी की ओर से पूरी छत की वाटरप्रूफिंग पर 10 वर्ष की पक्की गारंटी भी दी जा रही है। सीलन व लीकेज के स्थायी समाधान के लिए संपर्क किया जा सकता है।

बंद रहे शेयर और मुद्रा बाजार

मुंबई, (वार्ता) घरेलू शेयर बाजारों और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में मंगलवार को अवकाश रहा। कारोबारियों ने बताया कि आज दिवाली बलिप्रतिपदा के मौके पर शेयर बाजारों में कोई कामकाज नहीं हुआ। शेयर बाजारों में इक्विटी के साथ-साथ करेंसी और दूसरे प्लेटफॉर्मों पर भी ट्रेडिंग बंद रही। कारोबारियों ने बताया कि बुधवार से बाजार में समान्य कारोबार होगा। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में भी आज अवकाश रहा।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8100-5000 (आ. 201 क्विं.), ग्वार 7931-6650 (आ. 71 क्विं.), नरमा 8911-8200 (आ. 774 क्विं.), बाजरा 2795-2701 (आ. 82 क्विं.), कपास 8655-7900 (आ. 66 क्विं.), मक्का 2750 (आ. 70 क्विं.), **करणपुर :** नरमा 8851-8770, कपास 8551, **जैतसर :** मूंग 8461, ग्वार 8028-7949, नरमा 8966-8410, कपास 8700-8000, गेहूं 2762-2700, धान 4450-3550, **श्रीविजयगनर :** नरमा 8914-8700, ग्वार 8160-7650, मूंग 8320-7900, बाजरी 2750-2670, कपास 8455, धान 4431-3331,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: दीपावली अवकाश के कारण बोली नहीं, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8275, ग्वार 7800, **हनुमानगढ़ टा.:** नरमा व्यापारी 8770 धान पीआर व्यापारी 2156, धान मुछल 4735, धान 1509-4461, **रावतसर :** बोली नहीं, **नोहर :** बाजरा 2676, ग्वार 7711, चना व्यापारी 7029, मूंग व्यापारी 8110, सरसों व्यापारी 8305, तिल 16805, अरण्डी 8339, मूंगफली व्यापारी 7550, भादरा : बोली नहीं, **संगरिया :** नरमा व्यापारी 8800, गेहूं व्यापारी 2692, बाजरा 2711, ग्वार 7771, सरसों व्यापारी 8387, मक्का 2450, **गोलूवाला :** बोली नहीं, **पीलीबंगा :** कपास 9000, नरमा व्यापारी 8891, बाजरा 2595, ग्वार 7850, धान पीआर व्यापारी 2050, धान 1509-4038

सुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए विशेषज्ञ परामर्श पर जोर

सीमा सन्देश# जयपुर।

गीतांजली हॉस्पिटल, जयपुर के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं रक्त केंद्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर व इंचार्ज डॉ. अक्षय जैन ने रक्त चढ़ाने (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) की प्रक्रिया को बेहद गंभीर बताते हुए इस पर विशेषज्ञ परामर्श लेने की सलाह दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मात्र 0.5 मिलीलीटर भी गलत रक्त चढ़ाने से मरीज की जान जा सकती है, जबकि गलत दवा से केवल हल्का रिएक्शन ही हो सकता है। अस्पताल में जब किसी मरीज को खून की जरूरत होती है, तो डॉक्टर ब्लड बैंक को मांग पत्र भेजते हैं। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन डॉक्टर मरीज की जरूरत के अनुसार पैक्ड रेड ब्लड सेल्स, प्लेटलेट्स या प्लाज्मा की पहचान कर 'क्रॉस-मैच' (रक्त मिलान)



करते हैं। रक्त सुरक्षित न मिलने पर मरीज के इतिहास और संक्रमण की जांच कर 2 से 48 घंटे में उसे अनुकूल (कम्पैटिबल) बनाया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मानव रक्त में कुल लगभग 49 ब्लड ग्रुप प्रणालियाँ होती हैं; अतः सामान्य ए+, बी+ या नेगेटिव ब्लड ग्रुप की जानकारी इसके मुकाबले बहुत सीमित है। पिछले 30 वर्षों में ट्रांसफ्यूजन साइंस में कंपोनेंट थेरेपी और थेराप्यूटिक एफेरेसिस जैसी आधुनिक तकनीकें विकसित हुई हैं। डॉ. जैन ने सलाह दी है कि जिस प्रकार कान, नाक, गले या त्वचा की समस्या के लिए संबंधित विशेषज्ञ (ईएनटी या डमेटोलॉजिस्ट) के पास जाते हैं, ठीक उसी तरह रक्त, प्लेटलेट्स या प्लाज्मा ट्रांसफ्यूजन से पहले हमेशा ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन डॉक्टर से ही परामर्श अवश्य लें।

मुथूट फाइनेंस ने की सरकारी स्कूलों में शौचालय सुविधाओं के उन्नयन की घोषणा

नयी दिल्ली, (वार्ता)

देश में स्वर्ण आधारित ऋण सुविधा देने वाली प्रमुख गैर बैंकिंग वित्तीय सेवा कंपनी मुथूट फाइनेंस लिमिटेड ने अपने सामाजिक कल्याण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की है जिसमें उत्तर, पूर्व और पश्चिम भारत के सरकारी स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं के उन्नयन के लिए एक करोड़ रुपये की पहल तथा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, सड़क सुरक्षा और दिव्यांगजनों के सहयोग सहित 11 सामुदायिक कल्याण परियोजनाएं शामिल हैं। कंपनी ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं को मजबूत करने की यह विशेष पहल पूर्व चेयरमैन दिवंगत एम. जी. जॉर्ज मुथूट की 77वीं जयंती के अवसर पर की गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी ने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए एक दशक में 13,411 से अधिक विद्यार्थियों को कुल 3.75 करोड़ रुपये की छात्रवृत्तियां प्रदान की हैं।

बंपर बिक्री से सुजुकी मोटर का राजस्व 16.8 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई (वार्ता) जापानी कंपनी सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन का राजस्व चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 16.8 प्रतिशत बढ़कर 1,713 अरब येन पर पहुंच गया। इसमें भारतीय कारोबार का योगदान सबसे अधिक रहा जहां मारुति सुजुकी इंडिया के जरिए उसकी सबसे अधिक उत्पादन और बिक्री है। मारुति सुजुकी में सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन की हिस्सेदारी 58.72 प्रतिशत है। मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को सुजुकी मोटर के वित्तीय परिणामों के बारे अपडेट जारी किया। इसमें बताया गया है कि दूसरी तिमाही में जापानी कंपनी का परिचालन लाभ एक साल पहले के मुकाबले 0.6 प्रतिशत घटकर 134 अरब येन रह गया।

वित्त वर्ष की पहले छमाही में राजस्व 19.4 फीसदी बढ़कर 3,419 अरब येन पर और परिचालन लाभ 5.5 प्रतिशत बढ़कर 292 अरब येन पर पहुंच गया। छमाही के दौरान यात्री वाहनों के कारोबार से कंपनी को 3,090 अरब येन की कमायी हुई जिसमें भारतीय कारोबार से राजस्व में 28.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,391 अरब येन हो गया।

गंगनहर का वरीयताक्रम



11 नवम्बर 2026, बुधवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
समेजा	452 (5)	07 नवम्बर दोपहर 12 बजे	15 नवम्बर प्रातः 3 बजे
आरबी	722 (3)	09 नवम्बर दोपहर 12 बजे	17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
एचएच	757 (2)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
रिडमलसर	768 (2)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
फार्म	829		
जीजी	1030		
हिरणांवाली	1052		
नेतेवाला	1073		
एमएल	1133		
एमएलए	1174		
करणीजी	1504		
एफ	2007		
केके	2020		
पीएस	2180		11 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एच	2487		11 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे	2528		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	2546		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जैड	2701		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई	2732		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
बीबी	2930		08 नवम्बर सायं 6 बजे
एमके	3028		08 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एलएनपी	3305		06 नवम्बर रात्रि 9 बजे
ईईए	3365		06 नवम्बर सायं 6 बजे

नोट : गंगनहर में मंगलवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1569 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6975	साहवा	400
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	182
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	4354
सूरतगढ़	1860		
जोरावरपुरा	50		
खेतेवाली	72		

मंगलवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 10.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.23
पानी की आवक - 6553 क्यूसेक, निकासी- 9100 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1353.64
पानी की आवक- 2363 क्यू., निकासी- 14240 क्यू., बीकानेर - 1956

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

05 नवम्बर से 13 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

नगराना	78	नाथवाना	1449
लीलांवाली	326	प्रतापपुरा	1554
भाखरांवाली	376	हरिपुरा	1567
करनीसिंह	731	दीनगढ़	1580
मम्मड़खेड़ा	926	सूरतपुरा	1589
जोड़कियां	1036	मोडिया	1749
सूरतगढ़	1156	लोंगवाला	1884
भगतपुरा	1194	पीलीबंगा	2099
संगरिया	1200	अमरपुरा	2192
मोरजंडा	1410	रोड़ांवाली	2205
रतनपुरा	1421	नवां-सतीपुरा	2216

गोबर से ग्लोबल कारोबार: जयपुर की पिंजरापोल गोशाला से विदेशों तक पहुंच रही जैविक खाद

जयपुर।

'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में स्थानीय संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए अवसर पैदा कर रहा है। जयपुर की पिंजरापोल गौशाला में अखिल भारतीय गौसेवा सहयोग परिषद के सहयोग से गाय के गोबर को आर्थिक संसाधन में बदलने की सफल पहल की गई है। कभी अनुपयोगी समझा जाने वाला गोबर अब जैविक खाद और वमीर्कंपोस्ट बनकर वैश्विक बाजारों तक पहुंच रहा है।



अंतरराष्ट्रीय निर्यात और कारोबार : इस निर्यात की शुरूआत वर्ष 2022 में कुवैत को 142 मीट्रिक टन की पहली खेप भेजकर हुई थी। इसके बाद कारोबार का विस्तार अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, फ्रांस और खाड़ी देशों तक हुआ। परिषद के संयोजक अतुल गुप्ता के अनुसार, 2022 से अब तक देश से गोबर व उससे बनी खाद का करीब 8,000 करोड़ रुपये का निर्यात हो चुका है। वर्तमान में पिंजरापोल गौशाला से प्रतिमाह लगभग 1,000 टन (30 टन प्रतिदिन से अधिक) खाद का निर्यात हो रहा है। परिषद का लक्ष्य 70 देशों तक इसका नेटवर्क बढ़ाने का है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था और मिट्टी की सेहत : यह मॉडल सिर्फ निर्यात तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है। अब तक लगभग 1 लाख लोगों को गोबर आधारित उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वर्तमान में कच्चा गोबर डेढ़ से दो रुपये प्रति किलो बिक रहा है, जिससे पशुपालकों को अतिरिक्त आय मिल रही है। इसके साथ ही, विशेष केंचुओं की मदद से तैयार वमीर्कंपोस्ट मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने और रासायनिक उर्वरकों (यूरिया व डीएपी) पर निर्भरता कम करने में सहायक सिद्ध हो रही है। गौशालाओं के चारे और रखरखाव के खर्चों को पूरा करने के साथ-साथ यह पहल उत्पादन, पैकेजिंग और परिवहन के जरिए स्थानीय रोजगार के नए द्वार खोल रही है। वेस्ट से वेल्थ का यह मॉडल पर्यावरण और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

ज्वेलरी शोरूम से 59 लाख रुपए की दिनदहाड़े लूट

जयपुर। पॉश इलाके वैशाली नगर स्थित 'सीरियस ज्वैलर्स' में मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे हेलमेट और मास्क पहने एक बदमाश ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया। ग्राहक बनकर घुसे बदमाश ने चाकू दिखाकर महिला स्टाफ अंजलि और गार्ड महावीर गुप्ता को बंधक बना लिया। महज 10 मिनट में वह 7 डायमंड हार और 31 डायमंड रिंग (कुल कीमत करीब 59 लाख रुपये) बैग में भरकर सामने खड़ी बिना नंबर की स्कूटी से फरार हो गया। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने गार्ड की भूमिका संदिग्ध मानते हुए उसे हिरासत में लिया है और फुटेज के आधार पर जांच जारी है।

फर्जी ईडी अफसर का पर्दाफाश, 200 करोड़ का लोन हड़पने की थी साजिश

मथुरा। प्रवर्तन निदेशालय का फर्जी अधिकारी बनकर रौब जमाने वाले सचिन शर्मा के बड़े फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बैंक अधिकारियों से सांठगांठ कर करीब 150 से 200 करोड़ रुपये का भारी-भरकम लोन लेने की फिराक में था। लोन की रकम हासिल करने के बाद उसकी योजना खुद को दिवालिया घोषित कर पूरी राशि हड़पने की थी। सीओ रिफाइनरी प्रवीण कुमार तिवारी के अनुसार, आरोपी व्यापारियों से लाखों रुपये ठग चुका था और उसने खुद को अफसर बताकर एक बिल्डर से फ्लैट भी ले रखा था। पुलिस आरोपी के बैंक संपर्कों और अन्य मामलों की जांच कर रही है।

मुहाना इलाके में टेंट गोदाम में लगी भीषण आग, दमकल ने आधे घंटे में पाया काबू

जयपुर। मुहाना इलाके में मंगलवार शाम सवा चार बजे एक टेंट गोदाम में भीषण आग लग गई। आग का धुआं करीब 5 किलोमीटर दूर तक देखा गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। हादसे के वक्त गोदाम के अंदर कुछ लोग फंस गए थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि आग लगने के कारणों की जांच जारी है। वहीं, मुख्य अग्निशमन अधिकारी के अनुसार दीपावली पर शहर में आग की 82 घटनाएं दर्ज की गई थीं।

शरिया की चाह और सरकार उखाड़ फेंकने की साजिश

दिल्ली। लाल किले के पास हुए आत्मघाती बम धमाके को एक साल पूरा होने पर जांच में कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच के अनुसार, हमलावर कश्मीरी डॉक्टर उमर-उन-नबी और उसके साथियों का मुख्य मकसद केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकना और भारत में शरिया कानून लागू करना था। इस मामले में एनआईए 9 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। जांच से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, हरियाणा की अल-फलाह यूनिवर्सिटी का पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उमर नबी, डॉ. मुजम्मिल शकील और डॉ. अदील अहमद राथर खुद ही कट्टरपंथी (सेल्फ-रेडिकलाइज्ड) बने थे। इनका झुकाव ह्यअल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंटह्ल और ह्यअंसार गजवत-उल-हिंदह्ल की विचारधारा की तरफ था। अधिकारियों का मानना है कि इस गुट का पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों से कोई संपर्क नहीं था, क्योंकि वे मानते थे कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में केवल अपना राजनीतिक एजेंडा चला रहा है। शुरूआत में आरोपी अफगानिस्तान जाकर वैश्विक स्तर पर काम करना चाहते थे।

पोछा लगाने की रॉड में छिपाई ई-सिगरेट, अब तक 135 करोड़ की 3.5 लाख जब्त

नई दिल्ली। प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी और वन्यजीवों तथा पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील वस्तुओं के गैर-कानूनी अंतरराष्ट्रीय व्यापार की तस्करी का पता लगाने और उसे रोकने वाली संस्था राजस्व खुफिया निदेशालय 'डीआरआई' के अधिकारियों ने एक विशेष सूचना के आधार पर पोछा लगाने की रॉड में छिपाई गई 13000 ई-सिगरेट जब्त की हैं।



यह कार्रवाई नवी मुंबई में जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी के बंदरगाह परकी गई है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में अभी तक डीआरआई ने 135 करोड़ रुपये की साढ़े 3 लाख से ज्यादा ई सिगरेट जब्त की हैं। डीआरआई को खुफिया जानकारी के जरिए आयात की गई एक संदिग्ध खेप की सूचना मिली थी। उसमें ई-सिगरेट होने का संदेह जताया गया।

हालांकि बाहर से देखने पर यह नहीं कहा जा सकता था कि पोछा लगाने वाली रॉड में ई-सिगरेट छिपाई गई हैं। आयात की गई खेप में उक्त माल को गलत तरीके से मॉप रॉड-पोछा लगाने का डंडा घोषित किया गया था। कंटेनर की गहन जांच की गई। उसके निचले हिस्से में मॉप रॉड की खेप रखी गई थी। जब रॉड को तोड़ा गया तो उसमें 6 हजार यूटो थानोस ई-सिगरेट और 7 हजार यूटो लेंस ब्रांड की ई-सिगरेट बरामद हुईं।

डीआरआई ने कुल 13 हजार ई-सिगरेट और उन्हें छिपाने के लिए इस्तेमाल किए गए कवर कार्गो (आड़ के रूप में घोषित माल) को सीमा शुल्क अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत जब्त कर लिया। इनकी कुल कीमत 4 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। भारत में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट और सभी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन संबंधी प्रणालियां प्रतिबंधित हैं। जन स्वास्थ्य और लोगों को इनके हानिकारक प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से वर्ष 2019 में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध (उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण, भंडारण और विज्ञापन) अधिनियम लागू किया गया था। मौजूदा वित्त वर्ष 2026-27 में राजस्व खुफिया निदेशालय ने महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल के विभिन्न बंदरगाहों, हवाई अड्डों तथा अंतर्देशीय कंटेनर डिपो में कार्रवाई करते हुए लगभग 3 लाख 55 हजार ई-सिगरेट जब्त की हैं, जिनकी कीमत 135 करोड़ रुपये से अधिक है। ये जब्तियां सीमा पार तस्करी पर काबू पाने तथा देश के आर्थिक और जन स्वास्थ्य हितों की रक्षा करने के प्रति डीआरआई की निरंतर प्रतिबद्धता दशार्ती है।

ग्रामीण विकास विभाग पर साइबर हमला, 22.10 करोड़ की ठगी

तमिलनाडु। ग्रामीण विकास विभाग के फंड ट्रांसफर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में साइबर सेंधमारी कर 22.10 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जांच के अनुसार, रामनाथपुरम के मंडपम पंचायत संघ से 14 करोड़, धारापुरम से 5 करोड़ और नागापट्टिनम से 3.10 करोड़ संदिग्ध खातों में ट्रांसफर किए गए। केंद्रीय अपराध शाखा ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तकनीकी पड़ताल में विदेशी आईपी एड्रेस और अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह के संकेत मिले हैं। पुलिस डिजिटल लॉग और बैंक खातों के जरिए आरोपियों की पहचान में जुटी है।

दीपावली की रात तीन मंजिला इमारत में आग, एक ही परिवार के छह जिंदा जले

मध्यप्रदेश। कटनी स्थित बरही में दीपावली की रात एक तीन मंजिला मकान में भीषण आग लगने से एक ही परिवार के छह सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। मकान के निचले हिस्से में मौजूद किराने की दुकान में लगी आग तेजी से ऊपरी मंजिलों में फैल गई, जहां परिवार सो रहा था। हादसे में 77 वर्षीय पूरन अग्रवाल, उनकी पत्नी चंद्रकला, बहू पूनम, दो नातिनें और मां की गोद से लिपटा 2 माह का मासूम जिंदा जल गए, जबकि दो सदस्य सुरक्षित बच निकले। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।



एटीएम उखाड़कर भाग रहे बदमाशों पर पुलिस की फायरिंग, मशीन छोड़कर फरार

बिहार। मुजफ्फरपुर जिले में सदर थाना क्षेत्र के तुर्की-डुमरी मार्ग पर कार सवार बदमाशों ने भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम उखाड़कर ले जाने की कोशिश की। ग्रामीणों के संदेह और गश्त कर रही पुलिस की तत्परता से साजिश नाकाम हो गई। पुलिस को देखकर बदमाश उखड़ी हुई एटीएम मशीन को सड़क किनारे ही छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा करते हुए फायरिंग भी की, हालांकि आरोपी फरार होने में सफल रहे। एसडीओपी दीपक कुमार के अनुसार एटीएम का कैश बॉक्स पूरी तरह सुरक्षित है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और एफएसएल साक्ष्यों के जरिए आरोपियों की तलाश में जुटी है।

30 किसानों से 1 करोड़ का अनाज लेकर परिवार समेत फरार हुआ गल्ला व्यापारी

बिहार। लखीसराय जिले के पिपरिया थाना अंतर्गत वलीपुर गांव में गल्ला व्यापारी द्वारा किसानों से करीब 1 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित किसानों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों से कारोबार कर रहे व्यापारी राजेश साव, वाल्मीकि साव, राजीव साव और चटपाल साव ने गांव के करीब 30 किसानों से उधार में मक्का, गेहूं और सरसों खरीदी थी। भुगतान का भरोसा देकर आरोपी परिवार सहित अचानक गांव से फरार हो गए। कर्ज लेकर खेती करने वाले किसानों की आर्थिक स्थिति संकट में पड़ गई है। पीड़ितों ने न्यायालय, पुलिस, डीएम और एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

चुनावी रंजिश में खूनी संघर्ष: 11 घायल, एक की मौत के बाद ग्रामीणों का जाम

डीग। जिले के सुंदरावली गांव में चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में 11 लोग घायल हो गए, जबकि गंभीर रूप से घायल बृजेश की मौत हो गई. युवक की मौत की खबर मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया. घटना के बाद से गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।

जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ ने बताया कि चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया था. झगड़े में हुई मारपीट के दौरान एक पक्ष के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर पुलिस बल तैनात है और मामले की गहन जांच की जा रही है. उन्होंने बताया कि गांव में चुनावी विवाद में 11 लोग घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

युवक की मौत के बाद फैला आक्रोश: वहीं, बृजेश की मौत होने से मामला और गंभीर हो गया. युवक की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया. आक्रोशित परिजनों ने डीग मार्ग स्थित चुंगी पर जाम लगा दिया. जाम के चलते मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ. परिजन घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

गांव में भारी पुलिस बल तैनात: घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे. स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. पुलिस गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में निगरानी रख रही है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो. अधिकारियों की ओर से आक्रोशित लोगों से समझाइश कर स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं. चुनावी विवाद के बाद हुई इस घटना और युवक की मौत से सुंदरावली गांव में तनाव का माहौल है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

120 लोगों की मदद से गरीब परिवार को मिला पक्का आशियाना

कोटा। जिले के सुल्तानपुर (मेदपुरा मोहल्ला) में जनसहयोग से छोटूलाल मेघवाल के बेबस परिवार की दिवाली खुशियों भरी बन गई। बीमारी और आर्थिक तंगी के बीच टूटे टीनशेड में गुजर-बसर कर रहे इस परिवार के लिए ह्यदिल की हेल्पलाइनह्ल संस्था और भामाशाहों ने ह्यसार्थक दीपावली अभियानह्ल चलाया। महज 8 दिन में 120 से अधिक लोगों ने श्रमदान, निर्माण सामग्री और 64,400 से अधिक की राशि जुटाकर 1515 फीट का पक्का कमरा तैयार करवा दिया। दिवाली के अवसर पर परिवार का गृह प्रवेश कराया गया तथा उन्हें नए कपड़े, मिठाइयां, पटाखे और एक महीने का राशन भेंट किया गया।

ख्यालीवाला में भाजपा की जनसभा आज

विधायक बिहाणी, जिलाध्यक्ष सहित कई नेता शामिल होंगे

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायत समिति चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में 11 नवंबर को श्रीगंगानगर के निकट गांव ख्यालीवाला में आदर्श पार्क के पास चुनावी जनसभा आयोजित की जाएगी। इसमें श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह, यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष महेश पेड़ीवाल, संजय महिपाल, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मील, जिला महामंत्री एडवोकेट प्रदीप धेरड़, रतन गणेशगढ़िया , पूर्व डायरेक्टर बलदेव बराड़ सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। जनसभा का आयोजन भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी माहौल बनाने और कार्यकताओं में उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसमें जिला परिषद जोन नंबर 34 से प्रत्याशी विजय तरड़, पंचायत समिति जोन नंबर 11 से कमल खत्री, जोन नंबर 12 से निरंजना यादव तथा जोन नंबर 13 से देवीलाल मेघवाल के समर्थन में यह सभा रखी है। श्रीगंगानगर भाजपा संयोजक शिव प्रकाश रिणंवा ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। विधायक जयदीप बिहानी क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करवा रहे हैं। जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। उन्होंने दावा किया कि इस बार पंचायत समितियों में भाजपा का प्रधान और जिला परिषद में भाजपा का जिला प्रमुख बनेगा। जनसभा को लेकर आसपास के गांवों में कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।



सावधान! रसोई में की जाने वाली ये गलतियां हो सकती हैं बेहद खतरनाक!

रसोई सिर्फ खाना पकाने की जगह नहीं होती, यह परिवार की सेहत, प्यार और खुशहाली का केंद्र होती है. रसोई की साफ-सफाई का सीधा संबंध पूरे परिवार की सेहत और भलाई से होता है. जब किचन साफ और ऑर्गनाइज्ड होता है, तो वहां बना खाना न सिर्फ न्यूट्रिशियस होता है, बल्कि बीमारियों को भी दूर रखने में मदद करता है. जाहिर है, हम अपने किचन को भी अपने घर के बाकी हिस्सों की तरह साफ और सुथरा रखना चाहते हैं. लेकिन, क्या आप जानते हैं कि रोजमर्रा की कुछ छोटी-छोटी आदतें, जो अक्सर जल्दबाजी में की जाती हैं, अनजाने में सेहत से जुड़ी दिक्कतें पैदा कर सकती हैं

किचन में की जाने वाली कुछ छोटी-छोटी, आम गलतियां अनजाने में फूड पॉइजनिंग या इन्फेक्शन का खतरा बढ़ा सकती हैं. जैसे, कच्ची सब्जियों को छूने के तुरंत बाद फ्रिज का दरवाजा खोलना, सिंक में सिर्फ ऊपर से धोने के बाद चाकू छोड़ देना, या बस गीला कपड़ा इधर-उधर छोड़ देना, ये ऐसी आदतें हैं जो हममें से कई लोग रोज करते हैं. हमें लग सकता है कि ह्लइसमें क्या गलत है?ह्व लेकिन, रोजमर्रा की ये छोटी-छोटी लगने वाली आदतें बैक्टीरिया और कीटाणुओं के लिए हमारे खाने को दूषित करने का एक आसान जरिया बन जाती हैं.

किचन को पूरी तरह से साफ रखना सिर्फ ऊपर-ऊपर से साफ करने से कहीं ज्यादा होता है, यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि हम उसमें रखी चीजों का इस्तेमाल कैसे करते हैं. इसे ध्यान में रखते हुए, यहां 5 जरूरी बातें बताई गई हैं, जिन्हें किचन में अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है



हर काम के लिए एक ही कपड़े का इस्तेमाल करना

मान लीजिए कि रसोई में एक कपड़ा रखा है. हम इसका इस्तेमाल हाथ पोंछने, गर्म बर्तन पकड़ने, काउंटरटॉप साफ करने और कभी-कभी तो गिरा हुआ खाना साफ करने के लिए भी करते हैं. हम सबसे बड़ी गलती यह करते हैं कि एक ही दिन में इतने सारे अलग-अलग कामों के लिए एक ही कपड़े का इस्तेमाल कर लेते हैं. समस्या कपड़े से नहीं है, असली खतरा तब होता है जब हम उसे धोए या सुखाए बिना गीला ही छोड़ देते हैं. जब गीले कपड़े पर खाने के कण जमा हो जाते हैं, तो वह कीटाणुओं के पनपने के लिए एक आदर्श जगह बन जाता है.

इस समस्या से बचने के लिए आप क्या कर सकते हैं ?: अपने हाथ पोंछने और स्टेज पोंछने के लिए अलग-अलग कपड़े रखें. इन कपड़ों को रोज अच्छी तरह धोएं और दोबारा इस्तेमाल करने से पहले इन्हें पूरी तरह सुखा लें, चाहे धूप में या फिर किसी ऐसी जगह पर जहां हवा अच्छी तरह आती-जाती हो.

चाकू को सिर्फ पानी से धोना काफी नहीं है

कई लोगों की आदत होती है कि वे सब्जी या मांस काटने के बाद चाकू को बस सादे पानी से धोकर एक तरफ रख देते हैं. भले ही चाकू देखने में साफ लगे, लेकिन इस बात की पूरी संभावना रहती है कि उसके हैंडल पर या उस जगह पर, जहां ब्लेड और हैंडल आपस में जुड़े होते हैं, खाने के छोटे-छोटे कण रह जाएं. अगर बाद में उसी चाकू का इस्तेमाल फल या कोई और कच्ची खाने की चीज काटने के लिए किया जाए, तो कीटाणु आसानी से उस खाने में भी फैल सकते हैं.

इस समस्या से बचने के लिए आप क्या कर सकते हैं ? : हर बार इस्तेमाल के बाद चाकू को साबुन और पानी से अच्छी तरह धो लें. ह्यफूड-ग्रेडह्ल स्टेनलेस स्टील के चाकू का इस्तेमाल करना खास तौर पर बेहतर रहता है. इनकी चिकनी सतह पर कीटाणुओं के जमा होने का खतरा कम होता है.

बिना हाथ धोए फ्रिज का दरवाजा बार-बार खोलना

रसोई में फ्रिज का दरवाजा वह चीज है जिसे हम सबसे ज्यादा छूते हैं. खाना बनाते समय, जैसे कि मांस या सब्जियां संभालते वक्त, हम अक्सर बिना हाथ धोए ही फ्रिज का दरवाजा खोल देते हैं. इससे हमारे हाथों की गंदगी और कीटाणु दरवाजे के हैंडल पर चिपक जाते हैं. बाद में, जब कोई और उसे छूता है, तो वे कीटाणु उनके हाथों में भी फैल जाते हैं.

इस समस्या से बचने के लिए आप क्या कर सकते हैं ? : फ्रिज के दरवाजे के हैंडल और दराज के हैंडल जैसी बार-बार छुई जाने वाली सतहों को रोजाना नम कपड़े या सफाई करने वाले तरल पदार्थ से पोंछकर साफ रखना महत्वपूर्ण है.

सिंक के ड्रेन और उसके आस-पास की जगह की सफाई

बर्तन धोने के बाद, ऐसा लग सकता है कि सिंक पूरी तरह से साफ है! लेकिन, सिंक के ड्रेन में अक्सर चिकनाई, खाने के टुकड़े और नमी जमा हो जाती है. इसका मतलब यह है कि किचन सिंक की सतह को सिर्फ धो लेना काफी नहीं है, ड्रेन के अंदर और उसके आस-पास चिकनाई, खाने के कण और नमी जमा हो सकती है, जिससे बैक्टीरिया पनप सकते हैं और बदबू आ सकती है. सिर्फ बर्तन धोना ही काफी नहीं है, हमें सिंक के आस-पास की जगहों पर भी ध्यान देने की जरूरत है.

इसके लिए क्या करें ? : बर्तन धोने के बाद, नाली में बचे हुए खाने के टुकड़ों को तुरंत हटा दें. सिंक, नल के निचले हिस्से और आसपास के क्षेत्रों को सप्ताह में कम से कम दो बार साबुन और पानी से अच्छी तरह साफ करें और फिर सूखने दें.

अपनी पानी की बोतल की अच्छी तरह से सफाई करना

आजकल, बाहर जाते समय पानी की बोतल साथ रखना सबकी आदत बन गई है. हालांकि हम अक्सर बोतल के बाहरी हिस्से को धोते और पोंछते हैं, लेकिन हम उन हिस्सों पर ध्यान नहीं देते जो सीधे हमारे मुंह के संपर्क में आते हैं, जैसे कि ढक्कन, सिलिकॉन रिंग (रबर सील) और स्ट्रॉ. इन जगहों पर नमी जमा हो सकती है, जिससे एक ऐसा माहौल बन जाता है जहां फफूंदी या कीटाणु पनप सकते हैं.

क्या किया जा सकता है ? बोतल के सभी हिस्सों (ढक्कन और रबर रिंग सहित) को अलग-अलग निकालकर रोजाना धोना चाहिए. साथ ही, 'फूड-ग्रेड 304 स्टेनलेस स्टील' की बोतलों का इस्तेमाल करना कहीं ज्यादा सुरक्षित है. ये प्लास्टिक की तरह भोजन या पानी में रसायन नहीं छोड़तीं और न ही इनमें गंध रहती है।

नहर में नहाने उतरे दो दोस्त तेज बहाव में बहे, एक की मौत

बूंदी। त्योहार की खुशियों के बीच एक परिवार में उस समय मातम छा गया, जब नहर में नहाने उतरे दो दोस्त पानी के तेज बहाव में बह गए. हादसे में एक युवक की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरे को मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बचा लिया. घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई. घटना केशवरायपाटन थाना क्षेत्र के तीरथ गांव की बड़ी नहर की है। केशवरायपाटन थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह चारण ने बताया कि मंगलवार दोपहर दो युवक नहर में नहाने के लिए उतरे थे. इसी दौरान पानी के तेज बहाव में दोनों का संतुलन बिगड़ गया और वे बहते हुए गहराई की ओर चले गए. अचानक हुए हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई. वहां मौजूद लोगों ने दोनों युवकों को बचाने के लिए शोर मचाया और तत्काल प्रयास शुरू किए।

कार्यालय नगरपालिका अनूपगढ़

क्रमांक :- एफ 8(भूमि)( )/2026-27/5641 दिनांक :- 28-10-2026

-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री जगदीश लाल जाति अरोड़ा निवासी वार्ड नं. 12 अनूपगढ़ ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पेश कर वास्ते अनूपगढ़ स्थित आवासीय भूखण्ड सं. 236/161-162 साईज 25'×77' वर्गफुट नियमनधारी श्रीमति प्रकाश देवी पत्नी श्री जगदीश लाल की मृत्यु दिनांक 31/08/1989 व इनके पति की मृत्यु दिनांक 26/12/2023 को हो जाने के उपरान्त वार्ड पार्षद वार्ड नं. 32 नगरपालिका अनूपगढ़ द्वारा दिनांक 24/09/2025 को जारी परिवार सदस्य प्रमाण पत्र अनुसार निम्न परिवार सदस्य है :- 1. अनु पुत्री 2. राजेन्द्र कुमार पुत्र 3. कोमल पुत्री। इस प्रकार कुल 3 परिवार सदस्य हैं। श्रीमति प्रकाश देवी पत्नी श्री जगदीश लाल की मृत्यु उपरांत उक्त वारिसानों में से क्र.सं. 1 व 3 के द्वारा उक्त भूखण्ड में से अपना-अपना 1/3 हिस्सा जरिये रजिस्टर्ड दस्तबरदारी दिनांक 25/09/2026 को अपने हकीकी भाई श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री जगदीश लाल जाति अरोड़ा निवासी वार्ड नं. 12 अनूपगढ़ के पक्ष में बहिस्सा बराबर हकत्याग किया गया है। प्रार्थीगण जरिये रजिस्टर्ड हकत्याग से उक्त भूखण्ड का अपने संयुक्त नाम से उक्त भूखण्ड का पालिका रिकॉर्ड में नामान्तरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अगर किसी भी व्यक्ति आम खास को इस विषय में कोई उज्र/एतराज हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय सबूत के जो इस अहाते से संबंधित हो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा नियमानुसार पालिका रिकॉर्ड में नामान्तरण दर्ज कर दिया जावेगा।

- अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका अनूपगढ़

कार्यालय नगरपालिका पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक : नपापी/नामान्तरण/आ.सू/2026-27/4123 दिनांक : 10/11/2026

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एंव प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री पवन राजपुरोहित पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार, जाति राजपुरोहित, निवासी वार्ड नम्बर 07 मंडी पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ ने पालिका में ऑनलाईन आवेदन 216102/05-11-2026 को प्रस्तुत कर सैक्टर नम्बर 01, आवासीय भूखण्ड संख्या-32 का हिस्सा, साईज 128.33 वर्गगज, यानि 30×38.5=1155 वर्गफुट का नामांतरण अपने नाम से नामांतरित करवाना चाहते हैं बतौर सबूत शरावतनामा, हल्फनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र आदि की प्रमाणित प्रति दस्तावेज पेश किये हैं मुताबिक प्रस्तुत दस्तावेज के अनुसार उक्त भूखण्ड श्रीमती विमला देवी पत्नि श्री पेमाराम, जाति राजपुरोहित, निवासी मंडी पीलीबंगा के नाम सैक्टर नम्बर 01, में स्थित आवासीय, भूखण्ड संख्या 32 साईज 60×77=4620 वर्गफुट आवासीय प्रयोजनार्थ दर्ज हैं। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार नगरपालिका पीलीबंगा द्वारा द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्रीमती विमला देवी की मृत्यु दिनांक 22.03.2000 को हो चुकी है। श्रीमती विमला देवी द्वारा अपने जीवनकाल में ही उक्त भूखण्ड साईज 60×77=4620 वर्गफुट में 1/2 हिस्सा यानि साईज 30×77=2310 वर्गफुट में से साईज 30×38.5=1155 वर्गफुट की वसियत दिनांक 05.03.1999 के द्वारा श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री पेमाराम, जाति राजपुरोहित निवासी पीलीबंगा के पक्ष में की, तत्पश्चात जन्म-मृत्यु रजि रजिस्ट्रार नगरपालिका पीलीबंगा द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री पेमाराम की मृत्यु दिनांक 17.09.2021 को हो चुकी है एवं इनकी धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी पत्नि सुरेन्द्र कुमार की मृत्यु भी दिनांक 27.03.2003 को हो चुकी है। सिविल न्यायाधीश पीलीबंगा नम्बरी दीवानी प्रकरण संख्या 77/2021 के निर्णय दिनांक 07.05.2022 के अनुसार श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री पेमाराम के मृत्युपरान्त निम्न वारिस है (1) पवन राजपुरोहित पुत्र (2) जयश्री पुत्री कुल 02 सदस्य है। इस प्रकार उक्त भूखण्ड का नामान्तरण (1) पवन राजपुरोहित पुत्र सुरेन्द्र कुमार व जयश्री पुत्री पवन कुमार के नाम से किया जाना है। उक्त नामांतरण के संदर्भ में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करें बाद गुजरने मियाद प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर नियमानुसार ऑनलाईन नामांतरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मंडल पीलीबंगा

मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302017

पी.एच.डी. कार्यक्रम 2026-27 में प्रवेश हेतु

F.4/A-I-1/2026-27/Acad/Ph.D./02

सैमेसस्टर 2026-27 (जनवरी 2027) के लिए सभी विभागों/केंद्रों में पी.एच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए www.mnit.ac.in पर जाएं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 नवंबर 2026 है।

cbc 21312/11/0004/2627 - रजिस्ट्रार

न्यूज इन ब्रीफ

जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण कर मनाई दीपावली

सीमा सन्देश# रावतसर। श्रीनाथ शिक्षण प्रशिक्षण व स्वास्थ्य एवं सोशल वेलफेयर सोसाइटी रावतसर एनजीओ एवं संकट मोचन बालाजी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नेकी एवं खुशियों की दुकान मे अनेक भामाशाहो द्वारा दिए गए वस्त्रों का वितरण कर जरूरतमंदों को खुशियां दी गई। संस्था संचालक पवन कुमार ओझा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति उपयोग में आने वाली अपनी अतिरिक्त वस्तुएं जैसे जूते, चप्पल, खिलौने, कपड़े, किताब,अन्य जरूरत का सामान संस्था द्वारा संचालित नेंकी व खुशियों की दुकान में दान करके सहयोग कर सकता है। वर्तमान में नेकी व खुशियों की दुकान का संचालन श्री अन्नपूर्णा रसोई नजदीक मटोरिया गेराज मे संचालन किया जा रहा है ।

ट्रेन की चपेट में आने से मौत

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। रेलवे लाइन पार करते समय रेलगाड़ी की चपेट में आने से मेनपाल पुत्र गोपीराम मेघवाल निवासी जोड़कियां की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना से गांव में शोक की लहर छा गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेनपाल रोही जोड़कियां में रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान वह रेलगाड़ी की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मामले में मृतक के ताऊ के लड़के संदीप पुत्र मदनलाल मेघवाल निवासी जोड़कियां की रिपोर्ट पर जंक्शन थाने में मर्ग दर्ज की गई है। जंक्शन पुलिस ने मर्ग दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जांच सहायक उपनिरीक्षक लालचन्द कर रहे हैं।

प्रतियोगिता के लिए चयन

सीमा सन्देश # सिलवाला खुर्द (टिब्बी)। दशमेश पब्लिक स्कूल, सिलवाला खुर्द के सात विद्यार्थियों का 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 14 वर्ष आयुवर्ग की वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय, गांव और विद्यार्थियों के अभिभावकों में खुशी का माहौल है। चयनित विद्यार्थियों में बालक वर्ग से गुरप्रभास सिंह, नकुल, मनवीश सिंह और युवराज तथा बालिका वर्ग से भारती, कुमकुम और यशमी शामिल हैं। ये सभी विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबाल प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि नियमित अभ्यास और कड़ी मेहनत से हासिल की है। उनकी सफलता में वॉलीबाल कोच बसंत सिंह मान का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने लगातार प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रतियोगिता के लिए तैयार किया।

सभापति मंजू रणवा व पार्षदों ने स्टार्टर दबाकर किया नई लाइटों का शुभारंभ, वाहन चालकों को हो रही परेशानी से मिलेगी राहत

दो साल का अंधेरा छंटा, दीपावली पर जगमगाई वार्ड 39 व 40 की मुख्य सड़क

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

दीपावली के पर्व पर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 39 व 40 के निवासियों को लंबे इंतजार के बाद रोशनी की सौगात मिली। करीब दो वर्षों से अंधेरे में डूबी दोनों वार्डों के सेक्टर नंबर 2 एवं 3 की मुख्य सड़क अब नई स्ट्रीट लाइटों से जगमगा उठी है। नई लाइटों का शुभारंभ नगर परिषद सभापति मंजू रणवां, पार्षद चंदन मोंगा, रेखा दादरी एवं रजनी सोलंकी ने स्टार्टर दबाकर किया। गौरतलब है कि करीब दो वर्ष पूर्व सड़क के बीच डिवाइडर निर्माण एवं नई सीसी रोड बनाने के दौरान पुरानी स्ट्रीट लाइटें हटा दी गई थीं।



सड़क वार्ड 39 व 40 के निवासियों के आवागमन का प्रमुख मार्ग

इसके बाद से ही मुख्य सड़क पर रात के समय अंधेरा पसरा रहता था। यह सड़क वार्ड 39 व 40 के निवासियों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। ऐसे में स्ट्रीट लाइटों के अभाव में स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों और वाहन चालकों को भी रात के समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के समाधान के लिए लंबे समय से नई स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग की जा रही थी।

आखिरकार दीपावली के अवसर पर सड़क पर नई लाइटें स्थापित होने से क्षेत्रवासियों को राहत मिली। दो साल बाद मुख्य सड़क को रोशनी से जगमगाता देख लोगों में खुशी का माहौल रहा। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि नई लाइटें शुरू होने से रात्रिकालीन आवागमन सुगम होगा तथा सड़क पर सुरक्षा और सुविधा में भी सुधार आएगा। इस मौके पर सादिक मोहम्मद, मोहम्मद गफ्फार, विनोद छाबड़ा, राजेश दादरी, अशोक, सोहन सेतिया, पवन मिड्ढा, कद्दूराम, मनजीत, यूनुस खान, नरेंद्र शर्मा, विजय कुमार, सोनू, ऋषभ मोंगा, पीयूष मोंगा, शेरूमल वर्मा, अमित बिश्नोई, सुशील कुमार, राजेश जोशी, मोहम्मद इल्यास, रतनलाल मित्तल, विकास मंगवाना, सुरजीत सिंह सहित कई वार्डवासी मौजूद रहे।

बाजारों से घरों तक छाई रौनक, खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

दीपों की जगमगाहट से रोशन हुआ शहर, हर्षोल्लास से मनाया दीपोत्सव

हनुमानगढ़ : विधि-विधान से हुआ लक्ष्मी-गणेश पूजन, आतिशबाजी और मिठाइयों के साथ साझा कीं पर्व की खुशियां, घरों को सजाया





सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। रोशनी, उमंग और खुशियों का महापर्व दीपावली जिलेभर में पारंपरिक श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपोत्सव को लेकर शहर में कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। रविवार को दीपावली के अवसर पर सुबह से ही घरों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उत्सव का माहौल नजर आया। शहर के बाजारों में दिनभर खरीदारों की चहल-पहल बनी रही और देर शाम तक बाजार रोशनी से जगमगाते रहे। दीपावली के अवसर पर शहर के प्रमुख बाजारों में खास रौनक देखने को मिली। मिठाइयों, ड्राईफ्रूट, पूजा सामग्री, दीपकों, मोमबत्तियों, सजावटी सामान और रंग-बिरंगी विद्युत झालरों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने परिवार सहित बाजारों में पहुंचकर जमकर खरीदारी की। मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी के साथ लोगों ने अपने परिचितों, रिश्तेदारों और मित्रों के लिए भी उपहार खरीदे। पर्व को लेकर लोगों ने अपने घरों की साफ-सफाई कर आकर्षक सजावट की। घरों के मुख्य द्वार, छतों और बालकनियों को रंग-बिरंगी विद्युत झालरों, आकर्षक लाइटों और दीपकों से सजाया गया। महिलाओं ने घरों के आंगन और मुख्य द्वार पर सुंदर रंगोलियां बनाईं। घरों में विभिन्न प्रकार के मीठे पकवान और मिठाइयां तैयार की गईं। शाम होते ही पूरा शहर दीपों और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। घरों से लेकर दुकानों और प्रतिष्ठानों तक दीपों की कतारें और विद्युत सजावट मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रही थीं। शुभ मुहूर्त में लोगों ने परिवार सहित अपने घरों और प्रतिष्ठानों में भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना

लोगों ने सुख-समृद्धि, खुशहाली और व्यापार में उन्नति की कामना की। पूजा के बाद परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। दीपावली को लेकर बच्चों और युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने रंग-बिरंगी आतिशबाजी कर पर्व की खुशियां मनाईं। आसमान में रोशनी बिखेरते पटाखों और घरों में जलते दीपकों ने दीपोत्सव की छटा को और आकर्षक बना दिया। वहीं, अनेक परिवारों ने पारंपरिक दीप जलाकर और सजावटी लाइटों से घरों को रोशन कर पर्व मनाया। दीपावली के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर रामा-श्यामा की और मिठाई खिलाकर बधाई दी। सोशल मीडिया के माध्यम से भी शुभकामना संदेशों का आदान-प्रदान होता रहा। पूरे शहर में दिनभर उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहा। इस पावन पर्व पर शहरवासियों ने आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता के साथ खुशियां साझा कीं। दीपों की जगमगाहट और उत्सव के उल्लास ने पूरे हनुमानगढ़ को रोशनी और खुशियों से सराबोर कर दिया।

दीपावली पर घर-प्रतिष्ठानों को आकर्षक सजाया



सीमा सन्देश# रावतसर। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में दीपावली पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान व घरों को आर्कषक रूप से सजाया। पुजारी द्वारा विधि विधान से लक्ष्मी पूजन करवाया गया। रामलीला मैदान में पटाके की दूकानों पर खूब खरीदारी हुई । होटल पर मिठाइयों की दुकान सजाई गई। रात्रि के 8:00 बजे से पहले मिठाइयां की बिक्री हुई। रात्रि को खूब पटाखे फोड़े।

माता-पिता का लिया आशीर्वाद

अगले दिन राम श्याम करने के लिए बड़ों बुजुर्गों माता-पिता का आशीर्वाद लिया। पुर्व विधायक अभिषेक मटोरिया नगर पालिका अध्यक्ष नीलम सारण, उप चेयरमैन गुरजीत सिंह,पूर्व विधायक डॉ द्रोपती मेघवाल, पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची, पूर्व सांसद भारत राम मेघवाल के निवास स्थान पर रामा श्यामा करने वाले गणमान्य नागरिक की भीड़ नजर आई। इस बार दिपावली पर सड़कों पर डेकोरेशन से काफी आकर्षक लगी। नगर पालिका प्रशासन द्वारा दीपावली को देखते हुए सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रही।

हनुमानगढ़ : एक्यूआई 275 पर पहुंचा



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली के बाद हनुमानगढ़ जिले की आबोहवा बिगड़ गई है। आतिशबाजी के धुएं और बढ़ते प्रदूषण के चलते शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) बढ़कर 275 पर पहुंच गया है। यह खराब श्रेणी में आता है। दीपावली से पहले की तुलना में प्रदूषण के स्तर में हुई बढ़ोतरी ने आमजन की सेहत को लेकर चिंता बढ़ा दी है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी परेशानी से जूझ रहे लोगों के लिए प्रदूषित हवा परेशानी का कारण बन सकती है। राजस्थान के 33 शहरों के प्रदूषण आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश में किसी भी शहर की हवा अच्छी श्रेणी में नहीं है।

नंदीशाला में श्रद्धा और उत्साह से मनाया गोवर्धन पूजन पर्व

अन्नकूट भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री कृष्ण गौ सेवा सुंदरकांड मंडल एवं श्री हरि गौ सेवा समिति की ओर से संचालित नंदीशाला में गोवर्धन पूजन एवं अन्नकूट प्रसाद वितरण कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर गोवर्धन भगवान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद श्रद्धालुओं को अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण



श्री बालाजी सेवा दल की ओर से गौसेवा के लिए दिया गया आर्थिक सहयोग रहा। विनोद भाटी के नेतृत्व में श्री बालाजी सेवा दल के सदस्यों ने गौवंश की सेवा एवं संरक्षण के पुनीत उद्देश्य से 1 लाख 11 हजार 111 रुपए की सहयोग राशि भेंट की। इस सहयोग पर गौसेवा से जुड़े सदस्यों ने सेवा दल का आभार व्यक्त किया। गौसेवकों ने कहा कि गौवंश की सेवा और संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। **समाज के भामाशाहों एवं सेवा संगठनों** की ओर से मिलने वाला सहयोग नंदीशाला में गौसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे सेवा कार्यों से अन्य लोगों को भी गौसेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में सुरेंद्र यादव, मगन लखोटिया, गिरधारी सारस्वत, ओम लखोटिया, अनुज शर्मा, राज तिवाड़ी, राजीव अग्रवाल, महेश शर्मा, संजीव शर्मा, मनोज शर्मा, मनीष कौशिक, शक्ति गर्ग, लालचंद शर्मा, कमल शर्मा, विकास शर्मा, निशांत वशिष्ठ, कुलदीप, दीपक, डॉ. महेश व्यास, घनश्याम ढूढाणी और जगदीश लखोटिया सहित अनेक गौसेवक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

20 हजार का इनामी अफीम तस्कर गिरफ्तार, कई माह से पुलिस को दे रहा था चकमा

ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत जंक्शन थाना पुलिस की कार्रवाई

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जंक्शन थाना पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए अफीम तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत जंक्शन थाना पुलिस ने जोधपुर ग्रामीण की जिला विशेष टीम के सहयोग से यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मांगीलाल (45) पुत्र गुमानाराम बिश्नोई निवासी वार्ड नंबर 4, खोखरिया, पन्नारामजी की ढाणी, ग्राम पंचायत कूड पीएस कापरड़ा जिला जोधपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार जंक्शन थाना प्रभारी परमेश्वर सुथार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम लंबे समय से आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। लगातार प्रयासों के बाद जोधपुर ग्रामीण की जिला विशेष टीम के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले के अनुसार 27 फरवरी 2025 को जंक्शन थाना पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान मोहनराम निवासी तिलवासन पीएस बिलाड़ा जिला जोधपुर तथा रामनिवास निवासी जैसिंहदेसर मगरा तहसील नोखा पीएस पांचू जिला बीकानेर को 1 किलो 173 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया था।

धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

चारणवासी। भगवान विश्वकर्मा की जयंती उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कारीगरों, शिल्पकारों, वाहन चालकों और विभिन्न उद्योगों से जुड़े कामगारों ने अपने-अपने कार्यस्थलों व प्रतिष्ठानों पर विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम की शुरूआत प्रात काल विशेष हवन और पूजन के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने वेदियों पर पुष्प, अक्षत, रोली और धूप अर्पित कर संसार के पहले शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान लोगों ने अपने औजारों, मशीनों, कंप्यूटरों और वाहनों की भी विशेष पूजा की तथा आने वाले समय में कार्यकुशलता और सुरक्षा की कामना की।

भटनेर किंग्स क्लब की पहल, 11 से 15 नवम्बर तक क्रिकेट के रोमांच के साथ सामाजिक जागरूकता का महाकुंभ

'नशा मुक्त हनुमानगढ़' थीम पर होगा बीपीएल-7, ट्रॉफी व टी-शर्ट का अनावरण

चमचमाती ट्रॉफी पर 12 टीमों की नजर, युवाओं को नशे से दूर रहने का देंगे संदेश

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। खेल के रोमांच, युवा ऊर्जा और सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम बन चुकी भटनेर प्रीमियर लीग (बीपीएल) के सातवें संस्करण को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। भटनेर किंग्स क्लब की ओर से 11 से 15 नवम्बर तक आयोजित होने वाली बीपीएल-7 की ट्रॉफी एवं प्रतियोगिता की विशेष टी-शर्ट का मंगलवार को समारोहपूर्वक अनावरण किया गया। क्लब अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल ने क्लब सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से ट्रॉफी एवं टी-शर्ट का अनावरण किया। इस बार बीपीएल-7 की विशेष थीम 'नशा मुक्त हनुमानगढ़' रखी गई है। क्रिकेट के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने, खेलों से जुड़ने और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया जाएगा। इस बार प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर 12 टीमों की निगाहें टिकी हुई हैं। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में शहर के स्थानीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, कौशल और खेल



भावना का प्रदर्शन करेंगे। 15 नवम्बर को होने वाले फाइनल मुकाबले में बीपीएल-7 के विजेता को प्रतिष्ठित ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। क्लब अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल ने कहा कि भटनेर प्रीमियर लीग की पहचान हमेशा खेल के साथ सामाजिक सरोकारों को जोड़ने की रही है। बीपीएल-7 की थीम 'नशा मुक्त हनुमानगढ़' रखकर क्लब ने युवाओं को एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना अत्यंत आवश्यक है। खेल युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने, अनुशासन विकसित करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का प्रभावी माध्यम है। कुलभूषण जिंदल ने कहा कि क्रिकेट के इस महाकुंभ के माध्यम से क्लब नशा मुक्ति के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित करेगा। हमारा उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

सामाजिक सरोकारो को प्राथमिकता

बीपीएल-7 में राज नंदा एंड करण हिमालयन टाइटंस, महक एंड खुशनीत टाइगर्स, गिल्होत्रा एंड गौरव हॉक्स, अनिल एंड प्रगट चीताज, आशीष एंड सरपंच किंग्स, इंद्र एंड सत्ती शार्क्स, लेखराज एंड कपिल स्ट्राइकर्स, विशाल एंड सोनू फायरबर्ड्स, कत्याल एंड संदीप रॉयल्स, कुलभूषण एंड हरि वॉरियर्स, सतनाम एंड ऋषभ स्मैशर्स तथा गोपाल एंड विशाल वॉरियर्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

क्रिकेट के साथ समाजसेवा की गौरवशाली परंपरा: भटनेर प्रीमियर लीग अपनी शुरुआत से ही सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देती रही है। क्लब की ओर से पिछले छह संस्करणों में आपसी सहयोग से जुटाई गई राशि का उपयोग गोशाला में सहयोग, जरूरतमंद कन्याओं के विवाह, बीमार व्यक्तियों के उपचार और जरूरतमंद परिवारों के मकान निर्माण जैसे कार्यों में किया गया है। यही कारण है कि बीपीएल आज केवल क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सामाजिक सेवा और सामूहिक सहयोग का सशक्त मंच बन चुकी है। अनावरण कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल, सतनाम सिंह, हरि चारण, कपिल गोयल, एडवोकेट गणेश गिल्होत्रा, सतविंद्र सिंह, विशाल मुदगिल, विशाल छाबड़ा, लेखराज गिरधर, महक गर्ग, राज नंदा, गौरव बेनीवाल, आशीष गौतम, प्रगट सिंह, अनिल नैन, खुशनीत सिंह, संदीप चौधरी, सोनू गजरा, मनप्रीत सिंह, इंद्र सिंधी, करण गर्ग, गोपाल राम, शुभम कत्याल और ऋषभ शर्मा सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने बीपीएल-7 को सफल बनाने तथा 'नशा मुक्त हनुमानगढ़' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

18 एसपीडी : नरेंद्र ज्याणी बने सरपंच, सुमित्रा देवी उपसरपंच निर्वाचित



सीमा सन्देश # 18 एसपीडी। पंचायती राज चुनाव के तहत ग्राम पंचायत 18 एसपीडी में नरेंद्र ज्याणी सरपंच निर्वाचित हुए हैं। वहीं ग्राम पंचायत के गांव 17 एसपीडी निवासी सुमित्रा देवी को उपसरपंच चुना गया है। निर्वाचन के बाद आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी ने नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं सभी वार्ड पंचों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वार्ड पंच श्रवण कुमार, मोहनलाल गुणपाल, कविता शर्मा, सुमित्रा देवी, अंकित कुमार, सुरेंद्र सेवदा, ममता देवी, सुनील कुमार, संतोष देवी, मनीष मांजू एवं पूनम देवी सहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच नरेंद्र ज्याणी, उपसरपंच सुमित्रा देवी एवं सभी वार्ड पंचों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

कार्यक्रम : राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के पहलवान दिखाएंगे दमखम, 11 नवम्बर को होगा दंगल, लोगों में उत्साह

छठ पूजा महोत्सव को लेकर सजेगा आस्था-लोक संस्कृति का रंग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। आस्था, श्रद्धा, सूर्य उपासना और लोक संस्कृति के प्रतीक छठ पूजा महोत्सव को लेकर जंक्शन में तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्री छठ पूजा समिति की ओर से छठ पूजा महोत्सव-2026 का आयोजन 13 से 16 नवम्बर तक चार दिवसीय कार्यक्रम के रूप में किया जाएगा। महोत्सव के तहत धार्मिक आयोजनों के साथ पारंपरिक दंगल का भी आयोजन होगा, जिसमें राजस्थान के अलावा पंजाब और हरियाणा के पहलवान अपनी कुश्ती कला और दमखम का प्रदर्शन करेंगे। श्री छठ पूजा समिति के व्यवस्थापक प्रदीप पाल ने बताया कि महोत्सव के कार्यक्रमों की शुरुआत 13 नवम्बर को नहाय-खाय के साथ होगी। 14 नवम्बर को खरना, 15 नवम्बर को संध्या अर्घ्य तथा 16 नवम्बर को उषा अर्घ्य और पारण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



सर्वधर्म के लोगों का रहेगा सहयोग

छठ पूजा महोत्सव के मुख्य आयोजन जंक्शन के चुंगी नंबर आठ, वार्ड नंबर आठ, सूरतगढ़ रोड पर होंगे। महोत्सव के उपलक्ष्य में 11 नवम्बर को भाई दूज के अवसर पर दोपहर 2 बजे सूरतगढ़ रोड स्थित जिला कारागृह के नजदीक आरटीडीएस होटल परिसर में दंगल आयोजित किया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रमों की कड़ी में 14 नवम्बर को रात्रि 8.15 बजे आईटीआई कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर, जंक्शन में जागरण होगा। इसके अगले दिन 15 नवम्बर को रात्रि 8.15 बजे चुंगी नंबर आठ, वार्ड नंबर आठ, सूरतगढ़ रोड पर भजन संध्या आयोजित की जाएगी। समिति के अनुसार छठ पूजा महोत्सव का आयोजन वार्ड नंबर आठ के निवासियों के साथ सर्वधर्म के लोगों के सहयोग से किया जाएगा। आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में समिति व्यवस्थापक प्रदीप पाल, संरक्षक रामपाल जाटव, संयोजक नागेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष राजवीर यादव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, सचिव भरत कुमार, संगठन मंत्री रामखेलावन दास, प्रवक्ता निखिल गुप्ता, प्रचार मंत्री रामायण कुमार, मीडिया प्रभारी केशव पाल, शंकर मंडल, पारस नाथ, रामूराय, सुशील दास, शंकर दास, रमेश सहित समाज के अनेक नागरिक मौजूद रहे।

स्मॉग की आगोश में आसमां, मरीजों की बढ़ी परेशान

आंखों में एलर्जी, दिन में धुंधला वातावरण



सीमा सन्देश # चारणवासी। क्षेत्र में सप्ताह भर से आसमान में छाए स्मॉग- धुएं के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है जिससे क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह धुंधला नजर आ रहा है। पड़ोसी राज्य हरियाणा में खेतों में पराली के अवशेष जलाए जाने के कारण उठा जहरीला धुआं सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में फैल गया है, जिसके प्रभाव से दिन के समय भी आसमान में धुंध छाए रहने के कारण सूर्य देव की चमक फीकी पड़ गई है। सुबह और शाम के समय स्मॉग का असर अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, जिससे सड़कों पर आवागमन करने वाले राहगीरों और आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौसमी प्रदूषण और जहरीले धुएं के कारण लोगों को आंखों में लगातार तेज जलन, चुभन और पानी आने की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। वायुमंडल में फैले इस प्रदूषण ने दमा, श्वास और अन्य गंभीर एलर्जी से पीड़ित मरीजों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है।

नहर में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, मोर्चरी में रखवाया

सीमा सन्देश# रावतसर। खेतावाली वितरिका में एक अज्ञात शव बहकर आया है। शव की पहचान के लिए उसे राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रख गया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम चक 3 केडब्ल्युडी के पास खेतावाली वितरिका में एक व्यक्ति का शव बहकर आया। ग्रामीणों द्वारा शव को नहर से निकाल कर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची व शव को पहचान के लिए स्थानीय राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 55 से 60 साल है व लंबे काले सफेद बाल व दाढी बढी हुई है। उसके कंधे पर कृपाण व हाथ में कड़ा है, सफेद कुर्ता पजामा व उपर काले रंग की जकेट पहनी हुई है। जेब में एक पेन है जिस पर अंग्रेजी में क्रिस्टल व पंजाबी भाषा में क्रि स्टल चाय डेरी ग्रीन लिखा हुआ है।

दीपावली पर ही सरपंच राममूर्ति गोदारा ने संभाली गांव की सुध

सीमा सन्देश # टोपरियां। ग्राम पंचायत टोपरिया की नवनिर्वाचित सरपंच राममूर्ति प्रेमसिंह गोदारा ने दीपावली पर गांव की सफाई व्यवस्था सुधारने की पहल शुरू की। उन्होंने गलियों में सफाई अभियान चलवाकर कीचड़ और गंदगी से राहत दिलाने का संकल्प लिया। सरपंच ने बताया कि चुनाव के दौरान गलियों में फैली गंदगी से ग्रामीण परेशान थे। इसी समस्या को प्राथमिकता देते हुए कार्यभार संभालने से पहले ही सफाई शुरू करवाई गई। सरपंच प्रतिनिधि प्रेमसिंह गोदारा ने बताया कि पंचायत के सभी 11 वार्डों में युवाओं की टीमें गठित की जाएंगी, जो समस्याओं की जानकारी देकर उनके त्वरित समाधान में सहयोग करेंगी।

त्योहार मनाई

सीमा सन्देश # टोपरियां। क्षेत्र के गांव ढंढेला, देईदास और ढाणी लाल खां में दीपावली का पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने घरों और प्रतिष्ठानों में भगवान गणेश व माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने रंगोलियां सजाईं और दीप जलाए। बच्चों ने देर रात तक आतिशबाजी की तथा ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर शुभकामनाएं दीं। कार्तिक माह में फसल बेचकर बाजार से खरीदारी करने वाले किसानों के परिवारों में भी त्योहार को लेकर विशेष उत्साह रहा।

76वीं राज्य स्तरीय सीनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में जुटेंगी प्रदेशभर की टीमें

आयोजन; 12 से 15 नवम्बर तक पुरुष एवं महिला वर्ग के मुकाबले

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। हनुमानगढ़ एक बार फिर प्रदेश स्तरीय खेल आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। कई वर्षों के अंतराल के बाद शहर में 76वीं राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप-2026 का आयोजन किया जा रहा है। 12 से 15 नवम्बर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर की पुरुष एवं महिला टीमें हिस्सा लेंगी। अब तक पुरुष वर्ग की 30 और महिला वर्ग की 20 टीमों का पंजीकरण हो चुका है। प्रतियोगिता में करीब 850 खिलाड़ी सहित टीम मैनेजर एवं अन्य प्रतिनिधियों को मिलाकर लगभग 1000 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। खास बात यह है कि प्रतियोगिता में 10 से 15 अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन समिति, जिला बास्केटबॉल संघ एवं व्यापार मंडल शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली प्रतियोगिता को लेकर मंगलवार को टाउन स्थित व्यापार मंडल कन्या महाविद्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें आयोजन समिति अध्यक्ष अमरसिंह राठौड़, सचिव राजकुमार अग्रवाल, जिला बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव निशा शर्मा, व्यापार मंडल शिक्षा समिति अध्यक्ष बालकिशन गोल्याण, सचिव हरिकिशन खदरिया, प्राचार्य डॉ. नीलम गौड़, संजू गाडिया एवं किरण राठौड़ मौजूद रहे।



प्रात: 7 से रात 10 बजे तक होंगे मुकाबले

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के मुकाबले व्यापार मंडल शिक्षा समिति के खेल मैदान के अलावा राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा जंक्शन स्थित सरस्वती कन्या महाविद्यालय के खेल मैदान में करवाए जाएंगे। प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं समापन समारोह व्यापार मंडल शिक्षा समिति के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों के ठहरने के लिए शहर की अलग-अलग धर्मशालाओं में व्यवस्था की गई है। विभिन्न संस्थाओं की ओर से खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इसके अलावा आयोजक समिति की ओर से खिलाड़ियों के आवागमन के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 12 नवम्बर को शाम 4.30 बजे व्यापार मंडल शिक्षा समिति के खेल मैदान में होगा। प्रतियोगिता का समापन समारोह 15 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे आयोजित होगा।

लखासर की रोही में जानवर की दस्तक

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। ग्राम लखासर की रोही में जंगली जानवर दिखाई देने से किसानों में दहशत फैल गई। खेतों में भूरे रंग का बड़ा जंगली जानवर घूमता देखकर किसान गुरलाल सिंह और जुल्फिकार अली घबरा गए। गुरलाल सिंह ट्रैक्टर छोड़कर पास बने मकान में जा छिपे, जबकि जुल्फिकार अली ने भी सुरक्षित स्थान पर शरण ली। घटना की सूचना मिलने पर वन्यजीव प्रेमी अनिल बिश्नोई ने कार्यकर्ता कमलेश बिश्नोई को मौके पर भेजा। उन्होंने 4 एलकेएस की रोही में जानवर के पदचिह्नों के फोटो लिए। इसके बाद सहायक उप वन संरक्षक गगनदीप सिंह को सूचना दी गई। उनके निर्देश पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर पदचिह्नों की तस्वीरें और वीडियो जुटाए। प्रारंभिक जांच में पदचिह्न लकड़बग्घे के होने की आशंका जताई गई। वन्यजीव प्रेमी अनिल बिश्नोई ने किसानों और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि जंगली जानवर को देखकर उसका पीछा न करें और न ही उसे घेरने या पत्थर मारने का प्रयास करें। बच्चों और पालतू पशुओं को सुरक्षित रखें तथा वन्यजीव दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना दें। मौके पर कमलेश बिश्नोई, साहबराम धारणिया, सतपाल खिलेरि सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

मतीरे का हिंडा बनाकर मनाई दीपावली, ताजा की पुरानी यादें



सीमा सन्देश # बरवाली। आधुनिक दौर में जहां दीपावली पर रंग-बिरंगी विद्युत लड़ियों और आकर्षक सजावट का चलन बढ़ता जा रहा है, वहीं बरवाली गांव के ग्रामीणों ने अपनी प्राचीन संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखते हुए अनूठे अंदाज में दीपावली का पर्व मनाया। ग्रामीणों ने मतीरे का हिंडा (हेड़ा) बनाकर उसमें दीप जलाए और पारंपरिक तरीके से त्योहार की खुशियां साझा कीं। ग्रामीणों की इस अनूठी पहल ने पुरानी परंपराओं की यादें ताजा कर दीं। इस विशेष आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने पारंपरिक तरीके से दीपावली मनाने की पहल की सराहना की। अध्यापक महावीर प्रसाद स्वामी ने बताया कि प्राचीन समय में ग्रामीण जीवन में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध वस्तुओं का विशेष महत्व हुआ करता था। लोग इन्हीं वस्तुओं का उपयोग कर त्योहारों को पारंपरिक तरीके से मनाते थे। मतीरे का हिंडा बनाकर दीपावली मनाने की परंपरा भी ग्रामीण संस्कृति का हिस्सा रही है। ऐसी परंपराएं हमें अपनी जड़ों और पूर्वजों की जीवनशैली से जोड़ती हैं।

पारंपरिक श्रद्धा से मनाई गई दीपावली

सीमा सन्देश # चारणवासी। आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली का पर्व श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक धार्मिकता के साथ धूमधाम से मनाया गया। दीपावली की शाम मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन के स्वागत में घर-घर दीप प्रज्ज्वलित किए गए। घरों को रंग-बिरंगी इलेक्ट्रिक लड़ियों और दीपकों की रोशनी से जगमग किया गया। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने पटाखों और आतिशबाजी के साथ अपनी खुशियों का इजहार किया और यह उत्सव मध्यरात्रि तक जारी रहा।

दीपावली पर रोशनी से नहाया नोहर का मुख्य बाजार

सीमा सन्देश # नोहर। दीपावली पर्व को लेकर नोहर शहर में उत्साह और उल्लास का माहौल है। पर्व के अवसर पर नगर पालिका की ओर से मुख्य बाजार और प्रमुख चौक-चौराहों को आकर्षक विद्युत रोशनी व भव्य सजावट से सजाया गया है। इससे बाजार की रौनक देखते ही बन रही है। बीती रात चेयरमैन प्रतिनिधि सिकंदर टाक, पूर्व राज्य मंत्री मेहरूनिशा टाक और नगरपालिका उपाध्यक्ष गुरसेवक सिंह सरदार सहित पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने मुख्य बाजार का भ्रमण कर सजावट का जायजा लिया। आकर्षक रोशनी और साज-सज्जा



देखकर जनप्रतिनिधियों ने प्रसन्नता जताई। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और शहरवासियों से मुलाकात कर दीपावली व रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे के प्रतीक हैं। ऐसे पर्व समाज में प्रेम, सद्भाव और सौहार्द को मजबूत करते हैं। बाजार की विशेष सजावट के लिए व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष छोटू सेवग, बसंत तिवाड़ी, असलम, खालिद भाटी, रियाज टाक, रतनलाल, मुस्ताक, हरीश वाधवानी, सुनील कार्य, अभिषेक बचवानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष के घर पर हमला, आंख-सिर पर चोट

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली की रात जंक्शन के चूना फाटक क्षेत्र में कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष अश्वनी पारीक के घर पर हमला करने का मामला सामने आया है। अश्वनी पारीक ने पड़ोसी नारायण मूर्ति मिश्रा, उसके दोनों बेटों सहित अन्य लोगों पर धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप लगाया है। हमले में उनकी दाहिनी आंख की भौंह और सिर पर चोट आई। आरोप है कि विवाद की शुरूआत घर के बाहर चौकी पर बड़ा बम रखने को लेकर हुई। विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार के सदस्यों से मारपीट की तथा घर का शटर तोड़ने का प्रयास किया। घटना के दौरान पत्नी, बेटे और साले भी मौजूद थे। सूचना पर पहुंची पुलिस एक आरोपी को पकड़कर ले गई। जंक्शन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए ढाबां पुलिस की पहल



सीमा सन्देश # ढाबां। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और तेज रफ्तार वाहनों की मनमानी पर रोक लगाने के उद्देश्य से ढाबां पुलिस चौकी की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत चौकी के सामने स्थित चौराहे पर बैरिकेडिंग की गई तथा वाहन चालकों की सुरक्षा के मद्देनजर वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। चौकी प्रभारी एएसआई विजय कस्वां ने बताया कि रात के अंधेरे और आगामी दिनों में कोहरे के कारण सड़क पर खड़े अथवा धीमी गति से चलने वाले वाहन दूर से दिखाई नहीं देते। विशेषकर ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक और व्यावसायिक वाहनों के स्पष्ट दिखाई नहीं देने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस की ओर से वाहनों पर स्वयं रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। रोशनी पड़ते ही चमकने वाले ये रिफ्लेक्टर पीछे से आने वाले वाहन चालकों को समय रहते सतर्क कर दुर्घटनाओं की आशंका कम करने में मददगार साबित होंगे।

हनुमानगढ़ : पटाखा बाजार से लौट रहे टेंट कर्मचारी पर हमला

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन क्षेत्र में दीपावली की रात पटाखा बाजार से ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे टेंट हाउस कर्मचारी सूरज कुमार पर हमला करने का मामला सामने आया है। परिवादी के अनुसार 8 नवम्बर की रात करीब 12 बजे वह कन्या स्कूल में लगे अस्थाई पटाखा बाजार से काम खत्म कर घर लौट रहा था। इसी दौरान चूना फाटक के पास शशि होटल के पीछे गली में 8 से 10 लोगों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड, तलवार और डंडों से हमला कर उसके सिर व हाथ पर चोटें पहुंचाईं। मारपीट में वह बेहोश हो गया। आसपास के लोगों ने उसे राजकीय जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उपचार करवाया गया। सूरज कुमार ने जंक्शन थाना पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

हरियाणवी गायक मासूम शर्मा पहुंचे नोहर

नई फिल्म, युवाओं के भविष्य और संगीत जगत के बदलते स्वरूप पर हुई चर्चा

सीमा सन्देश # नोहर। हरियाणा के मशहूर गायक मासूम शर्मा मंगलवार को नोहर पहुंचे। वे विधायक अमित चाचाण के ताऊजी मोडुराम चाचाण के निधन पर उनके निवास पर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में अपनी नई फिल्म, हरियाणवी संगीत और युवाओं की प्रतिभा पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया



और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने छोटे शहरों और गांवों के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच दिया है। सफलता के लिए निरंतर अभ्यास, धैर्य और अपनी अलग पहचान बनाना जरूरी है। उन्होंने हरियाणवी बोली, संस्कृति और लोक परंपराओं से जुड़े गीतों की बढ़ती लोकप्रियता पर भी चर्चा की। इस दौरान हरियाणा के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने भी चाचाण परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पत्र भेजकर शोक जताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक ने भी मोडुराम चाचाण के निधन पर दुख प्रकट किया।

यूनिफॉर्म, जैकेट व मिठाई वितरित कर बढ़ाया कर्मचारियों का मान, वार्ड 24 में स्ट्रीट लाइटें का वादा पूरा किया

सफाई रक्षकों को सौगात, दो माह का वेतन व बोनस से सम्मान

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। दीपावली के पावन पर्व पर पीलीबंगा नगरपालिका प्रशासन ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले सफाई कर्मचारियों को विशेष सौगात देकर उनका सम्मान बढ़ाया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों को ह्यसफाई रक्षकह्न का नाम देते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद जोशी, पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची एवं अधिशासी अधिकारी अमर कुमार ने कर्मचारियों को यूनिफॉर्म, जैकेट और मिठाई वितरित की। वहीं, कर्मचारियों को दो माह का वेतन एवं बोनस भी वितरित किया गया। दीपावली से पहले मिली इस सौगात से सफाई कर्मचारियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष अरविंद जोशी ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने में सफाई रक्षकों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। ये कर्मचारी प्रतिदिन विपरीत परिस्थितियों में मेहनत करते हुए शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुचारू बनाए रखते हैं।



मेहनत का सम्मान करना सभी की जिम्मेदारी

इनके समर्पण और मेहनत का सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका प्रशासन सफाई कर्मचारियों के हितों और सुविधाओं को लेकर प्रतिबद्ध है। पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची ने नगरपालिका प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नगर पालिका में पहली बार सफाई कर्मचारियों के सम्मान में इस तरह का आयोजन किया गया है, जो सराहनीय है। इस दौरान पात्र परिवारों एवं सफाई कर्मचारियों ने पालिका अध्यक्ष और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष हनीश ग्रोवर, पार्षद राजेंद्र सहारण, पवन किरोड़ीवाल, चमकौर सिंह, संपत सिंह भाटी, गुलाब बंसल, अमित कुलड़िया, कमलेश कुमार एवं संदीप जाखड़ सहित अन्य पार्षद और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ

दीपावली के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद जोशी ने नवगठित वार्ड संख्या 24 के चक 26 एसटीजी में स्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ कर वार्डवासियों को रोशनी की सौगात दी। पहली बार नगरपालिका क्षेत्र में शामिल हुए इस चक की गलियां लंबे समय से अंधेरे में डूबी हुई थीं। गांव की स्थापना के बाद से ही यहां स्ट्रीट लाइटों की सुविधा नहीं थी। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने भाजपा का बोर्ड बनने पर वार्ड में स्ट्रीट लाइटें लगवाने का आश्वासन दिया था। दीपावली के पहले ही पर्व पर इस वादे को पूरा करते हुए वार्ड में लाइटें शुरू करवा दी गई हैं। अब रात के समय गलियां रोशनी से जगमगाएंगी, जिससे वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी राहत मिलेगी। स्ट्रीट लाइटों की सुविधा शुरू होने पर वार्डवासियों ने पालिका अध्यक्ष अरविंद जोशी एवं नगरपालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया। दीपावली पर सफाई रक्षकों के सम्मान और नवगठित वार्ड को रोशनी की सौगात देने की इन दोनों पहलों को नगरपालिका की सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

सुमन सिहाग ने गोशाला को दिए 21 हजार रुपये

सीमा सन्देश # टोपरियां। दीपावली के अवसर पर गांव बिरकाली की श्रीकृष्ण गौशाला में सुमन सिहाग ने अपनी पहली तनख्वाह के 21 हजार रुपए गौसेवा के लिए भेंट किए। जयपुर सचिवालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत सुमन ने पहली कमाई सामाजिक एवं धार्मिक कार्य में समर्पित कर अनुकरणीय पहल की। वह मनोज कुमार सिहाग की बेटी और बेगराज सिहाग की पोती हैं। इस अवसर पर गौशाला परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने सिहाग परिवार की पहल की सराहना करते हुए सुमन को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अनेक गौभक्त उपस्थित रहे।

सिंधी मंदिर में संयुक्त व्यापार संघ का भव्य दीपावली स्नेह मिलन समारोह



सीमा सन्देश # नोहर। दीपावली के अवसर पर संयुक्त व्यापार संघ की ओर से सिंधी मंदिर परिसर में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लेकर एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व राज्य मंत्री मेहरूनिशा टाक का अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष संजय मोदी ने की। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और विश्वास को मजबूत करते हैं। संजय मोदी ने कहा कि संघ का उद्देश्य व्यापारियों को एक मंच पर संगठित कर नोहर के सामाजिक एवं व्यापारिक विकास में सकारात्मक भूमिका निभाना है। उन्होंने कहा कि नोहर हमारा परिवार है और इसकी एकता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। समारोह में संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। अंत में सभी ने मिठाई खिलाकर दीपावली की राम-श्यामा की और सुख-समृद्धि की कामना की।

सादुलशहर में पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था



सीमा सन्देश # सादुलशहर

दीपावली के त्योहार को देखते हुए सादुलशहर में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शहर में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए। बाजारों, मुख्य चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस जवान तैनात रहे। वहीं चौबीस घंटे गश्त की भी माकूल व्यवस्था की गई। यहां तक कि आरएससी का जाब्ता भी लगाया गया पटाखा मंडी में एएसआई रणवीर सिंह, राजीव चौक पर विजेंद्र मीणा पुलिस दल के साथ तैनात रहे। थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह, एसआई शंभूदयाल स्वामी ने बताया कि दीपावली के मौके पर शांति व्यवस्था बनी रही। कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। सीएलजी सदस्य डॉ. बीबी गुप्ता, एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, एडवोकेट रविंद्र मोदी, व्यापार मंडल के संरक्षक रतनलाल गोयल, महामंत्री अमित तरड, उपाध्यक्ष कमल गोयल, प्रवेश गोयल, अभिषेक सहारण आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि सीआई पृथ्वीपाल सिंह एवं समस्त पुलिस टीम द्वारा सराहनीय सेवाएं दी गई। आमजन ने अच्छे माहौल में दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया।

सूरतगढ़ में वाल्मीकि समाज ने मनाया दीपावली उत्सव



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

शहर में वाल्मीकि समाज की ओर से पहली बार सामूहिक दीपावली उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर अध्यक्ष अमित कंडारा व रेखा घुसर के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में मंदिर को विद्युत सजावट व रंगोली से सजाया गया। दीप प्रज्वलन और सृष्टि रचयिता भगवान वाल्मीकि की सामूहिक आरती के बाद आतिशबाजी की गई। राजस्थान वाल्मीकि महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अमित कल्याणा ने जर्जर वाल्मीकि मंदिर के पुनर्निर्माण और संतों के जन्मोत्सव नियमित मनाने की घोषणा की। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के मूल मंत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस दौरान माया देवी, सोनू देवी, किरण बाला, सुनीता वाल्मीकि, महेंद्र भाटिया, राकेश धौल व सुशील वाल्मीकि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बाबा विश्वकर्मा जयंती पर पाठ भोग डाला

श्रीकरणपुर। दीपावली पर्व के अगले दिन यहां गुरुद्वारा नानक दरबार में बाबा विश्व कर्मा जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। प्रातः 10 बजे श्री अखंडपठ साहब के भोग डाले गए व दीवान सजाया गया, जिसमें हजूरी



रागी जत्था भाई सुनील सिंह एवं साथियों ने हर जस कीर्तन गायन किया। इसके बाद अमरसिंह वाला से पहुंचे भाई जगजीत सिंह खालसा ने अपने जत्थे सहित कीर्तन दरबार सजाया एवं संगतों को साहब श्री गुरु गुरु ग्रंथ साहब की हजूरी में नियमित रुप से आकर गुरबाणी श्रवण करने एवं अरदास में शामिल होने की अपील की। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति प्रधान भगवान सिंह सेहंबी ने विश्व के सृजनहार बाबा विश्वकर्मा जी की जयंती पर समूह संगत को बधाई दी व गुरु घर में नियमित रूप से हाजिरी लगवाने की अपील की। इस दौरान चाय, जलेबी एवं दाल-रोटी का लंगर प्रसाद बरताया गया एवं सेवादारों को सम्मानित किया गया।

सादुलशहर: प्रवीण गोयल को पीएचडी की उपाधि मिली



सीमा सन्देश # सादुलशहर

कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी कोटा के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन एंड टेक्नोलॉजी के शोधार्थी प्रवीण गोयल को उनके शोध कार्य के उपरांत पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्रदान की गई है। गोयल ने अपना शोध कार्य प्राकृतिक भाषा संसाधन के क्षेत्र में गहन शिक्षण तकनीक के माध्यम से डेटा गोपनीयता को अनुकूलित करने हेतु एक व्यवस्थित दृष्टिकोण विषय पर पूर्ण किया है। वर्तमान डिजिटल युग में डेटा सुरक्षा एवं व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं। इस दृष्टि से उनका शोध कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान प्रस्तुत करता है। उनके शोध कार्य का सफल मार्गदर्शन एवं निर्देशन कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी, कोटा की शोध पर्यवेक्षक प्रो. (डॉ.) गरिमा त्यागी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके कुशल निर्देशन, शैक्षणिक सहयोग एवं निरंतर प्रेरणा से श्री गोयल ने अपने शोध कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। प्रवीण गोयल ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी शोध पर्यवेक्षक प्रो. (डॉ.) गरिमा त्यागी, विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं अपने परिवारजनों को दिया। उनकी इस शैक्षणिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शुभचिंतकों एवं परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उपलब्धि पर बधाई देने वालों में संजय जांगिड, खाघ व्यापार संघ के संभाग प्रभारी रतनलाल गोयल, एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, एडवोकेट अमित चावला, धान मंडी के व्यवसायी अशोक गोयल, रविंद्र डालमिया, जितेंद्र सिंह कडवासरा, पूर्व सरपंच हरभजन सिंह कडवासरा, देवीलाल करडवाला, पार्षद रणजीत सहारण, अभिषेक सहारण, बलजिंद्र सिंह, कृष्ण सहारण, अरविंद सहारण, व्यापार मंडल महामंत्री अमित तरड, उपाध्यक्ष कमल गोयल, प्रवक्ता प्रवेश गोयल, रवि गोयल, भूप शाक्य, कुलदीप गोयल वेद पूनिया आदि शामिल हैं।

सादुलशहर: अस्पताल वालों ने दी सफाई; गोधों की आपसी लड़ाई में क्षतिग्रस्त हो गया था पत्थर

राजकीय उप जिला अस्पताल फिर चर्चा में आया, पूर्व विधायक का शिलान्यास पत्थर हटाने का आरोप

सीमा सन्देश # सादुलशहर

राजकीय उप जिला अस्पताल एक बार फिर चर्चा में है। इस बार अस्पताल के मुख्य द्वार इमरजेंसी कक्ष से कुछ ही दूरी पर लगे तत्कालीन विधायक जगदीश चंद्र जांगिड की शिलान्यास पट्टिका को हटाकर इमरजेंसी कक्ष के अंदर रख देने का मामला उजागर हुआ है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवा राजपूत, नगर अध्यक्ष भवानी शंकर सोनी, पूर्व पंच रामवीर अठवाल ने संयुक्त रूप से





बताया कि अस्पताल की इंटरलोकिंग सड़कों का शिलान्यास तत्कालीन विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने 16 जून 2022 को किया था। बकायदा शिलान्यास पट्टिका लगाई गई थी। अब इसी पट्टिका के बिल्कुल दूसरी ओर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 14 अगस्त 2026 को उप जिला अस्पताल के भवन का शिलान्यास किया गया था। यह शिलान्यास पत्थर भी लगाया गया था। दोनों की दूरी महज 20 से 25 फुट होने के साथ-साथ बिल्कुल आमने-सामने है। अब दुर्भाग्य यह है कि तत्कालीन विधायक जगदीश चंद्र जांगिड का शिलान्यास पत्थर हटवाकर एमरजेंसी कक्ष के अंदर रखवा दिया गया है तथा शिलान्यास ढांचा भी क्षतिग्रस्त किया हुआ है। इससे कांग्रेस कार्यकताओं एवं आमजन में रोष व्याप्त है।

अस्पताल सूत्रों ने इस संबंध में सफाई देते हुए कहा कि करीब एक सप्ताह पूर्व गोधों में आपसी भिड़ंत हो गई थी। गोधे की टक्कर से शिलान्यास पत्थर का ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया था। शिलान्यास पट्टिका नीचे गिर गई थी। इसलिए उसे इमरजेंसी कक्ष के अंदर सुरक्षित रखवा दिया गया है।

आईजीएनपी में गिरे युवकों के शव बरामद, नहर किनारे पड़ी मिली थी दोनों की चप्पलें

सीमा सन्देश# सूरतगढ़



इंदिरा गांधी नहर में गिरे राजियासर थाना क्षेत्र के गांव गुडली के चक 7बीकेएम निवासी दोनों युवकों के शव तीन दिनों की मशक्कत के बाद बरामद कर लिए गए। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। एसडीआरएफ की टीम ने पहले मुकेश का शव आरडी 363 के पास बरामद किया। जबकि अजय का शव आरडी 356 के पास मिला। दोनों शव घटनास्थल आरडी 335 से अलग-अलग दूरी पर मिले। सहायक उप निरीक्षक रोहिताश सिंह ने बताया कि गुडली क्षेत्र निवासी अजय (26) पुत्र मोहनराम व मुकेश (22) पुत्र कानाराम शनिवार सुबह से घर से लापता थे। शनिवार शाम उनकी मोटरसाइकिल थाना क्षेत्र में आरडी 335 के पास सड़क किनारे लावारिस हालत में खड़ी मिली। नहर किनारे दोनों युवकों की चप्पलें भी पड़ी मिलीं। इस पर ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने नहर में तलाश शुरू की। शनिवार रातभर तलाश के बावजूद दोनों का पता नहीं चलने पर रविवार को एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ की नौ सदस्यीय टीम ने सोमवार दोपहर पहुंच कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने कई किमी तक नहर में तलाश की। बताया जाता है कि दोनों में एक युवक ने शनिवार को नशे की हालत में अपने परिजनों को फोन भी किया था। इसके बाद से ही उनके नहर में डूबने की आशंका जताई जा रही थी।

एसडीआरएफ के हवलदार शिवराज सिंह ने बताया कि टीम में शामिल हवलदार मनोज कुमार, सिपाही महेश, सुनील, नरेंद्र सिंह, रतनाराम, गुरलाल, विष्णु व हनुमान ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। सोमवार शाम पहले मुकेश का शव आरडी 363 के पास पानी में ऊपर आने पर बरामद किया गया। इसके बाद तलाश जारी रखते हुए अजय का शव भी आरडी 356 के पास से बरामद कर लिया गया। परिजनों ने दोनों शवों की पहचान की। शवों को राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिए गए और मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

खुद को अविवाहित बता किया विवाह, बाद में पता चला पहले भी दो बार हो चुका

पूर्व में भी दोनों पतियों पर केस में फंसाने के लग चुके आरोप

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

सदर पुलिस ने विवाह के नाम पर धोखाधड़ी करने, धमकियां देने व ब्लैकमेल कर लाखों रुपए मांगने के आरोप में चार जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव चक 3एलएलपी निवासी जसप्रीत सिंह (31) ने इस्तगासे के जरिए दर्ज करवाएं मुकदमे में बताया कि उसका विवाह 10 दिसंबर 2025 को गुरुसर निवासी गुरप्रीत कौर के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह से पहले गुरप्रीत कौर ने खुद को कुंवारी बताया था। जबकि विवाह के बाद उसे पता चला कि उसका पूर्व में दो बार विवाह हो चुका था। आरोप है कि उसने पूर्व पति से तलाक लिए बिना ही उसके साथ विवाह कर लिया। विवाह के बाद गुरप्रीत कौर का व्यवहार परिवार से ठीक नहीं रहा। वह परिवार के सदस्यों से झगड़ा करने के साथ पति को गृहस्थ जीवन का सुख भी नहीं देती। आरोप है कि वह जसप्रीत सिंह के पिता पर कृषि भूमि अपने नाम करवाने व परिवार से अलग रहने का दबाव बना रही थी। जसप्रीत सिंह ने परिवाद में आरोप लगाया कि गुरप्रीत कौर का पूर्व में सतपाल सिंह और हरविन्द्र सिंह के साथ भी विवाह हुआ था। उसने पूर्व पतियों को भी मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर रुपए वसूलने के आरोप लगाए हैं। एक पूर्व पति की ओर से भी फोन पर धमकियां दिए जाने की बात कही गई है। परिवादी के अनुसार परिवार की ओर से दो बार पंचायत कर समझाइश का प्रयास किया गया, लेकिन गुरप्रीत कौर साथ रहने को तैयार नहीं हुई। विवाह के करीब तीन महीने बाद वह घर छोड़कर चली गई। इसके बाद परिवार को ब्लैकमेल कर लाखों रुपए की मांग करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने गुरप्रीत कौर, कुलविंद्र कौर, हरबंश सिंह व रविंद्र सिंह निवासी गुरुसर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच सहायक उप निरीक्षक सज्जन कुमार के सुपुर्द की है।

प्रदीप खीचड़ के निवास पर दीपावली की दी शुभकामनाएं



सादुलशहर। नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड के निवास स्थान जैलदार फार्म हाउस पर दीपावली की शुभकामनाएं देने के लिए काफी संख्या में कार्यकर्ता, शुभचिंतक, पार्षदगण सहित अधिकारी, कर्मचारी पहुंचे। इसके अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, सदस्यों ने भी पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। ऐतिहासिक जीत पर मुंह मीठा भी करवाया। चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड, आयुश खीचड, सहकारी समिति के पूर्व डायरेक्टर पवन खीचड आदि ने स्वागत-सत्कार किया। इस दौरान वाइस चेयरमैन अशोक धमीजा, खाद्य व्यापार संघ के संभाग प्रभारी रतनलाल गोयल, पार्षद प्रतिनिधि स्वरूप चौधरी, पार्षद रणजीत सहारण, राहुल कुमार, मोहनलाल सहारण, समिति अध्यक्ष मंगत सहारण, विकास गोयल, एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, एडवोकेट महेंद्र शर्मा, शिव प्रकाश सहारण, साजन पायलट सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

पूर्व मंत्री स. गुरजंट सिंह बराड़ की याद हुई ताजा, दीपावली की दी बधाइयां

विधायक बराड़ के निवास स्थान पर उमड़े लोग



सीमा सन्देश # सादुलशहर

विधायक गुरवीर सिंह बराड के निवास स्थान चक पांच एलएनपी में सोमवार सुबह से ही कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों, शुभ चिंतक उमडने लगे। विधायक गुरवीर सिंह बराड, जिला परिषद के पूर्व डायरेक्टर स. बलदेव सिंह बराड, भूपेंद्र सिंह बराड ने सभी का मान-सम्मान एवं सत्कार किया। दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान देख ऊर्जा एवं सिंचाई मंत्री रहे स्व. गुरजंट सिंह बराड की याद ताजा हो गई। उनके द्वारा स्थापित शानदार परंपरा अभी भी जारी है। यही नहीं विधायक गुरवीर सिंह बराड से कार्यकर्ताओं ने सुख-दुख भी साझा किए। इस दौरान डॉ. बीबी गुप्ता, पंजाब आयुर्वेदिक कॉलेज मोरजंडखारी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मोहित अरोडा, कुलदीप अरोडा, श्री विश्वकर्मा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी भामाशाह गुरमीत सिंह महल, पूर्व सरपंच कुंभाराम कांवलिया, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र खीचड, एडवोकेट संजीव खीचड, खैरूवाला के पूर्व सरपंच रोशनलाल अरोडा, ईंट भट्ठा व्यवसायी कृष्ण अरोडा, गुरदयाल खैरवा, सीमा सन्देश प्रतिनिधि रवि गोयल, गुरबाज सिंह बराड, मंडल अध्यक्ष अमन मक्कड, पवन गरूआ, पूर्व उप प्रधान सुरेंद्र जलांधरा, व्यापार मंडल के प्रवक्ता प्रवेश गोयल, नोहित गर्ग, कुलदीप गोयल, गद्दरखेडा के पूर्व सरपंच बलजिंद्र सिंह बराड, एडवोकेट मेजर सिंह, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष रूपचंद वधवा, सुखविंद्र सिंह लालगढिया, गिरधारी सरदारशहरिया, रामगोपाल धींगडा सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

भजन संध्या में भजन गायकों ने बांधा समां, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

श्रीकरणपुर: आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट का दीपावली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

दीपावली के उपलक्ष में भी सभी आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह धूमधाम, उत्साह और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भक्ति संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी और मनोरंजक खेल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। समारोह की शुरूआत भजन संध्या से हुई। इसमें भजन गायकों व कवियों सूर्य प्रकाश, मंजू बाईसा, पवन वासवानी, कुलविंद्र सिंह और संजय लखीसरानी ने भजनों की अमृत वर्षा की। इसके बाद नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने शानदार नृत्य से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रसिद्ध हिंदी, पंजाबी एवं धार्मिक गीतों पर भाविका, निक्षिता सेठी, शावि गोयल, अनमोल मित्तल, इसप्रीत, ट्विंकल, लविशा और नायरा छाबड़ा ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी और महिला-पुरुषों के लिए रोचक खेल प्रतियोगिताएं करवाई गईं, जिनके विजेताओं को सम्मानित किया गया। मंच संचालन कन्हैया जगवानी और धरा प्रणामी ने किया। समारोह में आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक नरेश प्रणामी सहित अध्यक्ष ओमप्रकाश डोडा, अतिथि बिहारी लाल गुप्ता, रामलाल छाबड़ा, विष्णु शरण पाहवा, राजकुमार मुंजाल, बलदेव शर्मा, पंकज करनानी, हरेंद्र छाबड़ा और सत्येंद्र अरोड़ा बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जय गोपाल वाधवा, अंकुर छाबड़ा, नीरज नागपाल, दीपक नागपाल, रेनू, श्वेता प्रणामी, निशा अरोड़ा, कृष्ण गेरा, प्रदीप मित्तल, हंसराज गर्ग, किरण खुराना, दिव्या गर्ग, शालिनी राजपाल, पूनम जगवानी, संतोष कंदोई, भूपेंद्र कौर, पदमा लखीसरानी, रवि प्रणामी, राकेश नागपाल, चंचल, पवन बत्रा आदि कार्यकर्त्ताओं व सदस्यों का विशेष व सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम समापन पर सभी के लिए स्नेह भोज व स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन

पदमपुर। सीमा सन्देश संवाददाता घनश्याम हरवानी-राधा के पौत्र



कान्हा हरवानी के जन्मदिन पर दादा, दादी, निर्मल हरवानी, तीर्थ हरवानी, मीरा देवी, वीना, ताया-ताई विनोद-दीक्षा, पिता ललित-मम्मी डोली, चाचा-चाची विजय-लता, हेमन्त-रजनी, हर्ष-मंजू, चाचा अजय, बुआ-फुफा सुनीता-हीरालाल नंदा, ज्योति-श्याम गजरा, रजनी-मनोज सोमानी, ममता भूपेश नंदा, भाई अनिकेत, ऋषि, सक्षम, विराट, हितांश, मिताश, घनिष्ठ, रिधांश, बहिन यशिका,चेष्टा, मोक्षिता, दृष्टि एवं मिठिया नन्दा, गजरा, गोरी, सोमानी परिवार की तरफ से बधाई।

रावतसर। निवासी लोकेश कस्वां के जन्मदिन पर माता-पिता



मायादेवी-महावीर प्रसाद, दादा-दादी पतराम कस्वां-विद्या देवी, ताया-ताई सागरमल-शारदा देवी, चाचा-चाची जगदीश प्रसाद-रोशनदेवी, भाई-भाभी बालमुकुन्द-रिंकू, बुआ-फूफा सुगना देवी-प्रवीण नेहरा, बहन अनामिका, भाई नितेश, जतिन, पवन, गगन, दिनेश, नाना-नानी, मामा-मामी की ओर से बधाई।

शोक समाचार

सेवानिवृत्त पटवारी नंद लाल भाटिया नहीं रहे

श्रीकरणपुर। श्री अरोड़वंश गुरुद्वारा के प्रमुख सेवादार संजीव भाटिया,



नवीन व सहज भाटिया के पिता सेवानिवृत्त पटवारी नंद लाल भाटिया (78वर्ष) का मंगलवार प्रातः आक्समिक निधन हो गया है। दिवंगत का अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे किया गया। अंतिम यात्रा में भाटिया परिवार के सगे-संबंधियों सहित श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर समिति के सेवादार एवं क्षेत्र के गणमान्यजन शामिल हुए व भाटिया बंधुओं के साथ शोक सम्वेदनाएं व्यक्त की।

श्री गरूड़ पाठ का भोग व पाणी ढाल कार्यक्रम

सादुलशहर। प्रतिष्ठित भाखर परिवार शिक्षाविद् महेंद्र भाखर, सुरेंद्र भाखर, जेईएन नरेंद्र भाखर की माता रजो देवी पत्नी स्व. त्रिलोकाराम भाखर के निधन स्वरूप श्री गरूड पाठ का भोग, पानी ढाल एवं अंतिम श्रद्धांजलि कार्यक्रम उनके निवास स्थान पर संपन्न हुआ। अंतिम श्रद्धांजलि देने वालों में डॉ. बृजमोहन सहारण, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड, भामाषाह कृष्ण सहारण मदेरां, पूर्व चेयरमैन राजेंद्र खीचड, डॉ. बीबी गुप्ता, व्यापार मंडल के संरक्षक रतनलाल गोयल, एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, एडवोकेट रविंद्र मोदी, अभिषेक सहारण, पूर्व भामाशाह सुखविंद्र सिंह लालगढिया, गिरधारी सरदारषहरिया, पार्षद रणजीत सहारण, एडवोकेट अजब सिंह खीचड, इंद्राज बेनीवाल, भूप शाक्य, वेद पूनिया, जितेंद्र सिंह कडवासरा सहित काफी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

उन्नीसवीं पुण्यतिथि



स्व.चौधरी रावताराम जी भादू
संस्थापक भादू ऑयल एण्ड जनरल मिल्स, खाजूवाला

आपकी कर्मठता, ध्येयनिष्ठा, परोपकारिता एवं सादा जीवन से प्रेरणा का अनुसरण करते हुए हम सदैव कर्त्तव्य पथ पर निर्बाध चलते रहेंगें।

आज दि. 11.11.26, बुधवार उन्नीसवीं पुण्यतिथि
पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत : मनफूलराम-पूरांदेवी, काशीराम-गुड्डीदेवी, रामप्रताप-किस्तूरी देवी, महावीर प्रसाद-सुषमा, पृथ्वीराज-तुलसी, रामकुमार-परमेश्वरी, दौलतराम-विमला (पुत्र-पुत्रवधू), रामस्वरूप-मंजू, राजेन्द्र-सुनिता, विनोद-पूजा, रणजीत-सुलोचना, राकेश-सुशीला, भूपेन्द्र-आरती, बनवारी-पूजा, जयप्रकाश-नीतू, विजय-सुनीता, अजय-अंकिता, उर्मिला, रविन्द्र-दीपिका (पौत्र-पौत्रवधू), तुषार-लक्षिता (पड़पौत्र-पड़पौत्रवधु), आदित्य, मयंक, अन्वय, हुनित, निवान, दक्षित, यशवर्द्धन, रघुवंश, रियान (पड़पौत्र), श्रीमती कमला, श्रीमती गुड्डी देवी-भागीरथ देहडू (पुत्री-दामाद), श्रीमती विजयलक्ष्मी-जयदयाल डूडी, ममता-योगेश बांगड़वा, सुलोचना-जितेन्द्र डूडी, इन्दूबाला-मनीष जाखड़, पूजा-राकेश कूकणा, अनिता-अनुराग कुड़ी, सुनीता-शांतनु दईया, प्रियंका-देवेन्द्र गोदारा (पौत्री-दामाद), लतिका, कशिश, नायरा, यशस्वी, कृतिका (पड़पौत्री) एवं समस्त भादू परिवार। मो. 9413311750, 9413384491

फर्म :- भादू ऑयल एण्ड जनरल मिल्स, खाजूवाला ☆ भादू एग्रो इण्डस्ट्रीज, बीकानेर ☆ मनफूल महावीर, अर्जुनसर ☆ भादू एण्ड सन्स, 3GB हैड, जिला श्रीगंगानगर ☆ आर.के. इण्डस्ट्रीज, बीकानेर ☆ भादू इण्डस्ट्रीज, बीकानेर ☆ भादू कॉटन एण्ड ऑयल इण्डस्ट्रीज, अर्जुनसर

ग्लोबल न्यूज

कई देशों में फैला कोविड-19 का नया वैरिएंट, सबसे पहले मई 2026 में हुई थी पहचान



कोविड-19 का एक नया वैरिएंट PJ.2.1 उत्तर अमेरिका, न्यूजीलैंड और एशिया के कुछ हिस्सों समेत दुनिया के कई हिस्सों में फैल चुका है और सबसे पहले मई 2026 में ओंटारियो (कनाडा) में इसकी पहचान की गई थी। इसके लक्षण सामान्य सर्दी-जुकाम-फ्लू से मिलते-जुलते होते हैं, जिनमें तेज बुखार, गले में खराश, नाक बहना और सिरदर्द शामिल हो सकते हैं।

इंस्टाग्राम ने एआई से उम्र पहचान वैश्विक स्तर पर शुरू की



इंस्टाग्राम अब दुनियाभर में एआई से यूजर्स की उम्र पहचान कर रही है। गलत जन्मतिथि देने वाले किशोरों को टीन अकाउंट सुरक्षा में लाया जाएगा। 13 साल से कम उम्र के बच्चों को प्लेटफॉर्म से रोका जाएगा। मेटा फेसबुक और थ्रेड्स पर भी यह तकनीक लागू करेगी और अभिभावकों को नोटिफिकेशन भेजेगी।

डिराक ने सिडनी में लगाया पहला कमर्शियल 8-क्यूबिट क्वांटम कंप्यूटर



ऑस्ट्रेलियाई स्टार्टअप डिराक ने सिडनी के एक डाटा सेंटर में 8-क्यूबिट क्वांटम कंप्यूटर स्थापित किया — यह दुनिया का पहला कमर्शियल फील्ड टेस्ट है। यह सिस्टम अकसर्वर की बिजली खपत घटाने में मदद करेगा। कंपनी 2029 तक 1.5 लाख क्यूबिट्स बनाने का लक्ष्य रखती है।

नासा के पर्सिवरेंस रोवर ने मंगल पर माणिक जैसा खनिज खोजा



नासा के पर्सिवरेंस रोवर ने सुपरकैम उपकरण से मंगल की चट्टानों में क्रोमियम युक्त कोरंडम की पहचान की है, जो माणिक (रूबी) के समान खनिज परिवार से है। ये क्रिस्टल उच्च गर्मी और दबाव में बनते हैं, जो प्राचीन क्षुद्रग्रह टकरावों के संकेत देते हैं। वैज्ञानिक जेजेरो क्रेटर क्षेत्र में गहन जांच जारी रखे हैं।

मस्क के नाम वाले मीमकॉइन से $6 बिलियन की बाइनेंस हैकिंग रकम खपा रहे उ कोरियाई हैकर: रिपोर्ट



ब्लॉकचेन विश्लेषण कंपनी एलिप्टिक के मुताबिक, उत्तर कोरियाई हैकर $6.3 बिलियन की बाइनेंस हैकिंग से चुराई गई रकम को क्रिप्टोकरेंसी के जरिए ठिकाने लगा रहे हैं। इसमें एलन मस्क की तस्वीर वाले 'एलन 2028 प्रेसिडेंट' मीमकॉइन भी शामिल हैं। हैकर चोरी की रकम से अपने टोकन खरीदते हैं और फिर अलग-अलग खातों से बेचकर पैसे को वैध दिखाते हैं।

ब्रिटिश व्यक्ति ने दौड़ते हुए हल किए 4 रूबिक्स क्यूब, बनाया विश्व रिकॉर्ड



ब्रिटेन के जॉर्ज शॉले ने दौड़ते हुए चार रूबिक्स क्यूब सुलझाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 12 अक्टूबर को कनाडा के टोरंटो में 1 मील (करीब 1.6 किलोमीटर) की दौड़ 5 मिनट 9.25 सेकंड में पूरी की। इस दौरान हर 400 मीटर का चक्कर लगाने से पहले उन्होंने एक क्यूब सुलझाया। गौरतलब है कि जॉर्ज एक स्पीडक्यूबिंग चैंपियन हैं।

भारत से 1.75 लाख लोग कर सकेंगे हज यात्रा, सऊदी अरब के साथ द्विपक्षीय समझौते पर लगी मुहर



भारत और सऊदी अरब ने 2027 की हज यात्रा के लिए द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत 1,75,025 भारतीयों को हज यात्रा की अनुमति मिलेगी। केंद्रीय-मंत्री किरेन रिजिजू ने सऊदी अरब के मंत्री तौफीक बिन फौजान अल रबिया के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने यात्रियों की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने पर सहमति जताई।



दिवाली के बाद दिल्ली में हवा 'गंभीर' कर्तव्य पथ पर छाई स्मॉग की चादर

दिवाली बीतने के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और हवा लगातार जहरीली बनी हुई है। मंगलवार सुबह दिल्ली के कर्तव्य पथ समेत समूचे इलाके में स्मॉग (धुंध) की घनी चादर पसरी रही, जिसके बीच लोग टहलते नजर आए। सुबह 6 बजे चांदनी चौक का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 400 के पार दर्ज किया गया, जबकि राजधानी के कई अन्य इलाकों में यह 300 से अधिक बना रहा। मानकों के अनुसार, अदकका स्तर 201 से 300 होने पर हवा 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। दिल्ली में प्रदूषण का यह गंभीर स्तर न केवल सांस के मरीजों बल्कि स्वस्थ लोगों के स्वास्थ्य पर भी सीधा असर डाल रहा है। हालांकि मध्य प्रदेश तक भी प्रदूषण का असर देखा जा रहा है, लेकिन सबसे विकट स्थिति दिल्ली की बनी हुई है।

वनडे रद्द होने का रिकार्ड भारत-न्यूजीलैंड के नाम; भारत ने 1086 वनडे खेले, इसमें 44 रद्द हुए हैं व न्यूजीलैंड 860 वनडे में से 44 रद्द

तीसरा वनडे बारिश के कारण रद्द; टॉस हुआ लेकिन एक भी गेंद नहीं फेंकी गई

हैमिल्टन। बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला तीसरा वनडे मैच रद्द कर दिया गया। हैमिल्टन में मंगलवार को सिर्फ टॉस हो सका। तय किया गया कि मुकाबला 40-40 ओवर का होगा। लेकिन, लगातार बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके मैच रद्द कर दिया गया।

यह मैच धुल जाने से इतना तय हो गया है कि टीम इंडिया अब यह सीरीज नहीं हार सकती। पांच मैचों की सीरीज के पहले दो मुकाबले भारत जीत चुका है। अब अगर न्यूजीलैंड आखिरी दो मैच जीत भी लेता है तो भी सीरीज बराबर ही होगी।

वनडे क्रिकेट में बारिश सहित अन्य कारणों से सबसे ज्यादा मैच रद्द होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भारत और न्यूजीलैंड के नाम ही दर्ज है। भारत ने अब तक 1086 वनडे खेले हैं। इनमें से 44 रद्द हुए हैं। न्यूजीलैंड के 860 वनडे में से 44 रद्द हुए हैं।

भारत सीरीज में 2-0 से आगे : हैमिल्टन में लगातार बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा वनडे रद्द हो गया। मैच रद्द होने के साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ी हाथ मिलाते नजर आए। अब सीरीज के बाकी दो मुकाबले 13 और 15 नवंबर को माउंट माउंगानुई में खेले जाएंगे। भारत 5 मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है। माउंट माउंगानुई में फिलहाल मौसम अच्छा रहने का अनुमान है, ऐसे में बाकी दोनों मैच पूरे होने की उम्मीद है।



न्यूजीलैंड की प्लेइंग-11 में एक बदलाव : न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि टीम ने मंगलवार को अच्छी प्रैक्टिस की थी। पिच काफी समय से कवर्स के नीचे रही है, इसलिए उसमें नमी हो सकती है। न्यूजीलैंड ने प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। मैट फिशर को जैकब डफी की जगह टीम में शामिल किया गया है।

भारत ने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया : कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मौसम साफ होने की उम्मीद है और टीम पिछले मैचों की अच्छी बातों को दोहराना चाहेगी। भारत ने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। गिल ने लगातार दूसरी बार टेल्स चुना और टॉस जीत लिया।

अंडर-19 एशिया कप; ईशान सूद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए

सहवाग के बेटे आर्यवीर ने 160 रन बनाए; विनीत की फिफ्टी, यूएई को 70 रन से हराया

भारत ने अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 70 रन से हरा दिया है। अल अमीरात में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 309 रन बनाए। पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने 168 बॉल पर 160 रन की पारी खेली। उन्होंने वीके विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 193 रन की साझेदारी की। विनीत ने 67 रन बनाए। जवाब में यूएई की पारी 50 ओवर में 239 रन पर सिमट गई। अहमद खुदाद ने 74 रन बनाए। भारत के लिए ईशान सूद ने 4 विकेट लिए।



ईशान सूद



आर्यवीर

आर्यवीर ने शुभमन गिल के रिकॉर्ड की बराबरी की : आर्यवीर सहवाग ने अंडर-19 वनडे में भारत के लिए पांचवा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। उन्होंने शुभमन गिल और मयंक अग्रवाल के 160 रन की बराबरी की। अंबाती रायडू के नाम सबसे बड़ी भारतीय पारी का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने 2002 में नाबाद 177 रन बनाए थे। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में 175 रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी दूसरे स्थान पर हैं।

आर्यवीर ने 17 चौके और 7 छक्के लगाए : आर्यवीर ने पारी में 17 चौके और 7 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 95.23 रहा। वे 44.2 ओवर में 255 रन के स्कोर पर आउट हुए। उन्हें नसीम खान ने उड्डिश सूरी के हाथों कैच कराया। वीके विनीत ने 67 रन में 3 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं कप्तान लक्ष्य रायचंदानी 17 रन ही बना सके।

भारत ने आखिरी 10 ओवर में 6 विकेट गंवाए

भारत ने 44.2 ओवर में 255 रन पर दूसरा विकेट गंवाया था। इसके बाद टीम ने तेजी से रन बनाए, लेकिन आखिरी ओवरों में विकेट भी गंवाए। यशवर्धन चौहान ने 10 गेंदों पर 17 और अन्वय द्रविड़ ने 9 गेंदों पर 12 रन बनाए। मोहम्मद उल्वा 2 गेंदों पर 7 रन बनाकर नाबाद रहे। यूएई की ओर से नसीम खान ने 48 रन देकर 4 विकेट लिए। हिदायत उल्लाह, नूरुल्लाह अयोबी और अयान मिस्बाह को एक-एक विकेट मिला।

ईशा-मनु ने भारत को 25 मीटर पिस्टल में दिलाया स्वर्ण पदक

व्यक्तिगत शूटिंग के फाइनल में भी जगह की पक्की



दोहा। भारत की स्टार पिस्टल निशानेबाज और एशियाई खेलों में कई पदक जीत चुकीं ईशा सिंह ने मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय महिला टीम को 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया। ईशा ने दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता मनु भाकर के साथ व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में भी जगह पक्की कर ली है। ईशा ने दो दिन तक चली क्वालीफिकेशन स्पर्धा में 590 अंकों के साथ भारतीय तिकड़ी में शीर्ष स्थान हासिल किया। मनु भाकर के 587 और दिव्या सुब्बाराजू के 584 अंकों की बदौलत भारतीय टीम ने कुल 1761 अंक जुटाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दक्षिण कोरिया ने 1748 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि वियतनाम की टीम 1745 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही।

जिम्बाब्वे ने टेस्ट में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, दोनों पारियों में 500 प्लस रन बनाएं

शारजाह में अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा. लेकिन जिम्बाब्वे की टीम ने मैच में वो कारनामा कर दिखाया है जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमें भी नहीं कर सकीं. जिम्बाब्वे ने इस मैच की दोनों पारियों में 500 से अधिक रन बनाने वाली वर्ल्ड की पहली टीम बन गई. इस मैच में अफगानिस्तान ने अपनी पहली पारी में 514 रन बनाए। इस टेस्ट मैच में अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे ने मिलकर 1541 रन बनाए. बल्लेबाज पिच पर रन बनाते रेह और गेंदबाज विकेट के लिए तरसते रहे. मैच में कुल 7 शतक लगे, जिनमें एक दोहरा शतक भी शामिल है. जिम्बाब्वे ने अपनी दूसरी पारी घोषित (डिक्लेयर) नहीं करने का फैसला किया क्योंकि पिच सपाट थी और गेंदबाजों के लिए मदद नहीं थी. जिसके चलते यह मुकाबला ड्रॉ रहा।

सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में पहली जीत हासिल की

वाशिंगटन (वार्ता) चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता आर्यना सबालेंका ने सोमवार को इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में डब्ल्यूटीए फाइनल्स के ग्रुप 2 के ओपनर में कैरोलिना मुचोवा को 7-6 (2), 7-5 से हराकर जीत हासिल की। हालांकि सबालेंका ने दो सेट प्वाइंट गंवाए और पहले सेट में उन्हें टाईब्रेक में मजबूर होना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें ज्यादा चुनौती नहीं मिली और मुचोवा की फोरहैंड गलती का फायदा उठाकर पहला सेट अपने नाम कर लिया।बेलारूसी खिलाड़ी ने दूसरे सेट में सर्विस आउट करके दो घंटे से कम समय में मैच जीत लिया। डब्ल्यूटीए की आधिकारिक वेबसाइट ने सबालेंका के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि यह साल, कुल मिलाकर इंडियन वेल्स, क्योंकि हम यहां हैं, मेरे लिए वास्तव में अच्छा रहा है।

पाकिस्तान ने पहली पारी 434/9 पर घोषित की

सऊद शकील 93 रन बनाकर आउट, फर्नांडो- मदुशंका ने 2-2 विकेट लिए

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने पहली पारी में 106.3 ओवर में 9 विकेट पर 434 रन बनाकर पारी घोषित की। सऊद शकील ने सबसे ज्यादा 93 रन बनाए। उन्होंने 199 गेंदों की पारी में 9 चौके लगाए। पाकिस्तान की ओर से बाबर आजम और डेब्यूटेंट तैयब आरिफ ने फिफ्टी लगाई। बाबर ने 50 रन, जबकि तैयब ने 57 रन की पारी खेली। मोहम्मद ताहा ने भी 51 रन बनाए। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका ने 3-3 विकेट लिए। लाहिरू कुमारा, मिलान रथनायके और सोनल दिनूषा को 1-1 विकेट मिला। पाकिस्तान ने 253 रन पर पांचवां विकेट गंवा दिया था। इसके बाद सऊद शकील और विकेटकीपर बल्लेबाज गाजी घोरी ने पारी संभाली। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी हुई। गाजी ने 72 गेंदों पर 48 रन बनाए। उन्हें दिलशान मदुशंका ने पसिंदु सूरियाबंदर के हाथों कैच कराया। सऊद शकील ने अपनी पारी में अब तक 192 गेंदों का सामना किया है और 9 चौके लगाए हैं। अराफात मिन्हास 49 गेंदों पर 27 रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं।



SUCCESS PICTURES



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

राहुल जी, हथियारबंद माओवादियों को खत्म करने के लिए मोदी जी को धन्यवाद। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी ने खुद लेफ्ट-विंग एक्सट्रीमिज्म और नक्सलवाद को भारत के लिए सबसे बड़ा आंतरिक सुरक्षा खतरा बताया था। - *किरेन रिजिजू*

न्यूज इन ब्रीफ

अब दिमागी नक्सलियों की बारी: किरेन रिजिजू

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी के दिमागी नक्सली वाले बयान पर छिड़ी सियासी जंग के बीच केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर तीखा पलटवार किया है। पीएम मोदी ने बस्तर में कहा था कि जंगलों से हथियारबंद नक्सलियों के सफाए के बाद अब संगठनों व दलों में घुसे दिमागी नक्सलियों को हराना होगा। इसके जवाब में राहुल गांधी ने पीएम के बयान को झूठ बताते हुए देशद्रोह के मुद्दे पर बहस की खुली चुनौती दी। इस पर रिजिजू ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के बयान की याद दिलाते हुए कहा कि उन्होंने भी वामपंथी उग्रवाद को देश का सबसे बड़ा आंतरिक खतरा माना था। उन्होंने राहुल को माओवाद के खात्मे के लिए मोदी सरकार को धन्यवाद देने और दिमागी नक्सलियों के खिलाफ अगले लक्ष्य के लिए तैयार रहने की बात कही।

हर 10 में से एक विद्यार्थी साइबर बुलिंग का शिकार

हैदराबाद। यूनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार 44 देशों में विद्यार्थियों के बीच साइबर बुलिंग की घटनाएं 2018 में 12 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 15 प्रतिशत हो गईं। यानी करीब हर 10 में से एक विद्यार्थी ऑनलाइन उत्पीड़न का सामना कर रहा है। सोशल मीडिया, गेमिंग प्लेटफॉर्म और संदेशों के जरिए धमकाना, अफवाह फैलाना तथा आपत्तिजनक तस्वीरें साझा करना इसके प्रमुख तरीके हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीपफेक ने खतरा बढ़ाया है। यूनेस्को ने सरकारों, स्कूलों और अभिभावकों से डिजिटल सुरक्षा, जागरूकता और पीड़ित बच्चों को मानसिक सहायता देने की अपील की है।

विश्वगुरु बनाने के लिए संस्कृति का केवल बखान नहीं, जीवन में उतारने होंगे आदर्श: होसबाले

वृंदावन।

केशवधाम में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भारत माता और भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संघ और भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भारत की पहचान जीवनशैली-चिन्तन

समारोह को संबोधित करते हुए दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए केवल वेदों, ग्रंथों और समृद्ध संस्कृति का बखान करना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए आवश्यक है कि इन मूल्यों को अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में उतारा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत को विश्वगुरु बनने के लिए किसी अंतरराष्ट्रीय संस्था के प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है; भारत की पहचान उसकी जीवनशैली, चिंतन और सेवा भाव में निहित है। जब नागरिक स्वयं इन आदर्शों के अनुरूप आचरण करेंगे, तभी दुनिया के सामने संस्कृति का वास्तविक स्वरूप प्रस्तुत होगा।

संरक्षण, समरसता और संगठन शक्ति

कार्यक्रम में गोवर्धन पूजा के महत्व पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने इसे प्रकृति और पर्यावरण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व बताया। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने की लीला को सामूहिक प्रयास और संगठित शक्ति का प्रतीक बताया गया। होसबाले ने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि जब हर जीव में परमात्मा का वास है, तो समाज में किसी भी प्रकार के भेदभाव या ऊंच-नीच के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने सेवा को दया के बजाय संवेदना का माध्यम बताते हुए वंचितों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही, भारत को केवल आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के बजाय चरित्र, शील और नैतिक मूल्यों पर आधारित एक सशक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।

साल भर में ग्रामीण स्वरोजगार स्थिर रहा, जबकि नियमित वेतनभोगी रोजगार 0.6 अंक बढ़ा

ग्रामीण भारत में घटी बेरोजगारी; बढ़े कृषि कामगार, खेती में 56.7% श्रम बल, मजदूरी का हिस्सा घटा

नई दिल्ली।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई-सितंबर में ग्रामीण बेरोजगारी दर (यूआर) घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई, जो अप्रैल-जून में 4.8 प्रतिशत थी। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 4.4 प्रतिशत थी, यानी लगभग अपरिवर्तित रही। ग्रामीण पुरुषों में बेरोजगारी दर (यूआर) साल भर पहले के 4.7 प्रतिशत से 0.3 अंक घटकर 4.4 प्रतिशत हो गई।

कुल बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत

15 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों में कुल बेरोजगारी दर जुलाई-सितंबर में मामूली सुधरकर 5.1 प्रतिशत रही। यह एक साल पहले 5.2 प्रतिशत और अप्रैल-जून तिमाही में 5.4 प्रतिशत थी। शहरी बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के साथ लगभग स्थिर रही। साल भर पहले की तुलना में शहरी पुरुषों में यह 6.2 से 6.1 प्रतिशत और महिलाओं में 9 से 8.8 प्रतिशत हो गई है।

स्वरोजगार में 62.7% कामगार

ग्रामीण इलाकों में स्वरोजगार में लगे कामगारों की हिस्सेदारी पिछली तिमाही के 61.4 प्रतिशत से बढ़कर 62.7 प्रतिशत हो गई। कैजुअल लेबर की



हिस्सेदारी 22.5 प्रतिशत से घटकर 21.7 प्रतिशत रही, जो साल भर पहले 22.2 प्रतिशत थी (0.5 अंक की कमी)। साल भर में ग्रामीण स्वरोजगार स्थिर रहा, जबकि नियमित वेतनभोगी रोजगार 0.6 अंक बढ़ा।

खेती में लगे कामगारों की हिस्सेदारी बढ़कर 56.7 प्रतिशत

ग्रामीण क्षेत्र में खेती में लगे कामगारों की हिस्सेदारी अप्रैल-जून के 52.9 प्रतिशत से बढ़कर 56.7 प्रतिशत हो गई। द्वितीयक क्षेत्र (खनन सहित) में यह 24.4 से घटकर 21.9 प्रतिशत और तृतीयक क्षेत्र में 22.7 से घटकर 21.4 प्रतिशत रही। जुलाई-सितंबर 2025 से तुलना में द्वितीयक क्षेत्र का हिस्सा 21 से 21.9 प्रतिशत और तृतीयक क्षेत्र का 21.3 से 21.4 प्रतिशत हुआ।

कामगार जनसंख्या अनुपात

कुल कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 51.7 से बढ़कर 52.7 प्रतिशत रहा। ग्रामीण डब्ल्यूपीआर 54.2 से बढ़कर 55.6 प्रतिशत और शहरी 46.8 से 46.9 प्रतिशत रहा।

श्रम बल भागीदारी 55.5 प्रतिशत

15 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों की कुल श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 54.6 प्रतिशत से बढ़कर 55.5 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण एलएफपीआर 56.9 से बढ़कर 58.1 प्रतिशत और शहरी 50.2 से बढ़कर 50.4 प्रतिशत रही।

कुल महिला एलएफपीआर 33.2 से बढ़कर 34.7 प्रतिशत हुई, जबकि शहरी पुरुषों में यह 77 से 77.3 प्रतिशत रही। सालाना आधार पर कुल एलएफपीआर 55.1 से 55.5 प्रतिशत और ग्रामीण 57.2 से 58.1 प्रतिशत (0.9 अंक) हुई, जबकि शहरी 0.3 अंक घटी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) का पीएलएफएस गतिविधि भागीदारी और रोजगार-बेरोजगारी की स्थिति का प्रमुख स्रोत है। जनवरी 2025 में इसकी पद्धति बदली गई, ताकि वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) के तहत ग्रामीण और शहरी भारत के मासिक व तिमाही अनुमान मिल सकें। जुलाई-सितंबर 2026 का बुलेटिन इस शृंखला का छठा है। अखिल भारतीय स्तर पर तिमाही अनुमान 5,55,593 लोगों से जुटाई जानकारी पर आधारित हैं।

फैसला; एनएसजी कमांडो की यूनिफॉर्म बदलेगी

नई दिल्ली। ब्लैक कैट कमांडो की मशहूर काली वर्दी अब बदलने जा रही है। वजह है- भयंकर गर्मी। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड ने अपने वीआईपी सुरक्षा में लगे कमांडो के लिए नई ब्रीदेबल यानी सांस लेने वाली यूनिफॉर्म बनाने की सिफारिश की है। ये यूनिफॉर्म नायको कपड़े से बनेगी, जिसमें नायलॉन और कॉटन होता है। यह कपड़ा हवा और नमी को आसानी से बाहर निकलने देता है। अप्रैल में विजयवाड़ा में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सुरक्षा में तैनात कमांडो करीब 44 डिग्री तापमान में बेहोश हो गया था। इसके बाद ही यह फैसला लिया गया। एनएसजी को उम्मीद है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा तक कमांडो नई यूनिफॉर्म पहनने लगेंगे।





स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528